सूर्योदय : 6:02
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 34.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-275 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 28 मार्च 2026
08 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# पश्चिम एशिया के हालात पर हुई चर्चा

## प्रधानमंत्री मोदी की राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ ऑनलाइन बैठक

■ राज्यों को 'टीम इंडिया' बनकर तैयारियां मजबूत करने को कहा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को चुनावी राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक कर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, डिजिटल माध्यम से आयोजित इस बैठक का उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के तहत समन्वय सुनिश्चित करना था। प्रधानमंत्री ने 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले शुरू होने के बाद पश्चिम एशिया संघर्ष पर पहली बार मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की है।

बैठक में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की गई। आदर्श आचार संहिता के कारण चुनावी राज्य इस बैठक में शामिल नहीं हुए। चुनावी राज्यों के मुख्य सचिवों के लिए एक अलग बैठक होगी, जो कैबिनेट सचिवालय के माध्यम से की जाएगी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, डिजिटल माध्यम से यह बैठक 'टीम इंडिया' की भावना के तहत राज्यों और केंद्र के बीच तालमेल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री ने 28 फरवरी को अमेरिका-इस्राइल के ईरान पर हमले से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ इस तरह की बैठक की। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने खाड़ी पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले किए।

बैठक में आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी, पंजाब के भगवंत मान, गुजरात के भूपेंद्र पटेल, जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू और अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू सहित कई मुख्यमंत्री शामिल हुए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी इस बैठक में मौजूद थे।

एक सूत्र ने बताया, प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्रियों से बातचीत की और राज्यों की तैयारियों व योजनाओं की समीक्षा की। बैठक का फोकस 'टीम इंडिया' की भावना के तहत तालमेल सुनिश्चित करना था। आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हुए। कैबिनेट सचिवालय चुनाव वाले राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों के साथ अलग बैठक करेगा। सरकार ने 25 मार्च को पश्चिम एशिया की स्थिति पर राजनीतिक दलों के नेताओं को जानकारी देने के लिए सर्वदलीय बैठक भी की थी, जिसमें स्थिति से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### नहीं लगेगा लॉकडाउन अफवाहों पर सरकार ने लगाया विराम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में लॉकडाउन लगाने की कोई योजना नहीं है। देश की जनता से अपील की गई है कि वह इस तरह के अफवाहों को खारिज करे। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विभिन्न हिस्सों में फैल रही लॉकडाउन संबंधी चर्चाओं को अफवाह करार दिया। राज्यसभा में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने भी आश्वस्त किया कि लॉकडाउन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

# गोरक्षपीठ में सीएम योगी ने मनाया प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव



अवधनामा संवाददाता

■ भगवान रामलला को पालने में झुलाया, की लोकमंगल की प्रार्थना

**गोरखपुर ।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को दोपहर में श्रीरामनवमी के महापर्व पर विधि विधान से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने प्रभु श्रीराम का पूजन किया, आरती उतारी और भगवान के बालस्वरूप रामलला को पालने में झूला झुलाकर लोकमंगल की प्रार्थना की। इस अवसर पर परिसर श्रीराम के भजनों से गुंजायमान रहा।

वासंतिक (चैत्र) नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के बाद मुख्यमंत्री मंदिर परिसर स्थित रामदरबार पहुंचे। यहां प्रतिष्ठित विग्रहों का पूजन किया और आरती उतारी। यहां प्रभु राम के बालस्वरूप को फूलों से सजे पालने में विराजित कराया गया था। दोपहर के बारह बजते ही उन्होंने पालने में विराजमान रामलला की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना की। प्रभु के विग्रह को तिलक लगाने और माल्यार्पण करने के बाद आरती उतारी। पूजन का अनुष्ठान पूर्ण करने के साथ योगी ने बाल स्वरूप भगवान को श्रद्धाभाव से पालने में झुलाया। इसके बाद सीएम मंदिर परिसर के ओपन एयर थिएटर के मंच पहुंचे। यहां भी पालने में विराजित श्रीराम की विधिपूर्वक आराधना की, और उन्हें झूला झुलाया। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीराम से प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि की प्रार्थना की।

### नवरात्र की नवमी तिथि पर नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के योगी ने पांव पखारे



**गोरखपुर ।** मातृशक्ति के प्रति असीम श्रद्धाभाव से उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाले मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने वासंतिक (चैत्र) नवरात्र की नवमी तिथि पर शुक्रवार को गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार कन्या पूजन किया। नवमी तिथि के अनुष्ठान की कड़ी में गोरखनाथ मंदिर के अन्न क्षेत्र में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में सीएम योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया और दक्षिणा, उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया। शुक्रवार पूर्वाह्न, वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि के अनुष्ठान में गोरक्षपीठाधीश्वर ने सबसे पहले कुंवारी कन्याओं के पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, अक्षत आदि का तिलक लगाया। दुर्वा से उनका अभिषेक किया, माला पहनाई। चुनरी ओढ़ाकर एवं दक्षिणा-उपहार प्रदान कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने अन्न क्षेत्र में सभी कुंवारी कन्याओं व बटुकों की श्रद्धाभाव से आरती भी उतारी। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथों से परोसा। आयोजन में आई सभी कन्याओं को पूजनोपरांत चुनरी, दक्षिणा और उपहार दिया गया।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती

## सरकार ने दी राहत

■ तेल कंपनियों को घाटे से बचाने के लिए उठाया कदम



**नई दिल्ली।** ऊर्जा संकट के बीच देशवासियों के लिए राहत देने वाली खबर आई है । जी हां, आपको बता दें कि केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल पर लगाए जाने वाले एक्साइज ड्यूटी को घटा दिया है। पश्चिम एशिया में फिर युद्ध के चलते देश में गैस संकट और पेट्रोल डीज़ल की कमी जैसे हालात बनने लग रहे थे लेकिन इसी बीच भारत पहुंचे गैस के जहाज के बाद अब मोदी सरकार ने जनता के लिए एक और बड़ा कदम उठाया है।

सरकार की और से अब पेट्रोल और डीजल की कीमत पर बढ़ने से रोकने के लिए मोदी सरकार ने यह फैसला लिया है। देश में आपूर्ति बाधित न हो और सुचारु रूप से चलने के लिए यह बढ़त बड़ी बात है। बता दें कि वित्त मंत्रालय की और से जारी एक बयान में ये कहा गया है, अब प्रति लीटर पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी, जो पहले 13 रुपये थी, वो अब घटकर 3 रुपये रह गई है वही डीजल पर 10 रुपये एक्साइज ड्यूटी अब शून्य हो गई है।

### कांग्रेस ने साधा केन्द्र सरकार पर निशाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट की वजह से सरकार ने जो पेट्रोल और डीजल से अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी घटाई है, उसपर कांग्रेस पार्टी ने निशाना साधा है। पार्टी सांसद मनीष तिवारी ने घोषणा को लेकर पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार के पास जो राजस्व आता है, वह लोगों के टैक्स के पैसे से आता है तो अगर सरकार ने एक्साइज ड्यूटी कम की है तो सरकार कोई अपनी जेब से पैसा थोड़े ही दे रही है।

## अभिभावकों पर बोझ डाल रहे निजी स्कूल

■ सपा सांसद इकरा ने सदन में उठाया निजी स्कूलों से जुड़ा मुद्दा



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा चौधरी ने शुक्रवार को लोकसभा में सरकार से आग्रह किया कि निजी स्कूलों में किताबों और यूनिफॉर्म की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए जाएं। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया। उत्तर प्रदेश के कैराना से लोकसभा सदस्य ने यह मांग भी की कि महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले को मरणोपरांत 'भारत रत्न' से सम्मानित किया जाए। इकरा ने कहा, सीबीएसई बोर्ड के कई स्कूल अभिभावकों पर बोझ डाल रहे हैं। स्कूल प्रबंधन किसी एक किताब विक्रेता को तय कर देते हैं जहां से ही अभिभावकों को किताबें और यूनिफॉर्म खरीदनी पड़ती हैं। उन्होंने कहा, ''सरकार से मेरा आग्रह है कि निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों पर रोक लगाई जाए, किसी एक विक्रेता से खरीद को अनिवार्य बनाने पर रोक लगे, यूनिफॉर्म और किताबों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किया जाए।

## कौशांबी में भीषण हादसा आठ तीर्थयात्रियों की मौत

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शुक्रवार को श्रद्धालुओं को ले जा रहे एक पिकअप वाहन के राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े एक ट्रेलर ट्रक से टकरा जाने के कारण पांच महिलाओं और तीन बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा जिले के सैनी थाना क्षेत्र के डोरमा पेट्रोल पंप के पास लगभग शाम चार बजे हुआ। पिकअप वाहन प्रयागराज से फतेहपुर जा रहा था और सड़के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गया। मृतकों की पहचान फतेहपुर जिले के जहानाबाद-बिंदकी क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। वे 'मां शीतला' के मंदिर कड़ा धाम में दर्शन करके लौट रहे थे।

# अलर्ट पर हैं तेहरान के 10 लाख फौजी

■ अमेरिकी सैनिकों की 'आहट' मिलते ही जमीन पर आर-पार की लड़ाई



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के जमीनी हमले की आशंका को देखते हुए सैनिकों को जुटाना शुरू कर दिया है। अमेरिका से जमीन पर लड़ने के लिए ईरान 10 लाख से ज्यादा सैनिकों को तैयार कर रहा है। अमेरिका की ओर से ईरान के दक्षिणी मोर्चे पर जमीनी हमला करने की आशंका जताई जा रही है। ऐसे में ईरान ने जमीनी सेना को अलर्ट कर दिया है और अमेरिका से लड़ाई के लिए उनको सैन्य उपकरण देने का साथ ही मानसिक तौर पर तैयार किया जा रहा है।

ईरान की मीडिया ने कहा है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप जमीन के रास्ते अमेरिकी सेना को ईरान पर हमले का आदेश देते हैं तो यह उनकी एक बड़ी गलती साबित होगी। ईरान के दस लाख से ज्यादा सैनिक जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ईरानी सैनिक मान रहे हैं कि जमीन की लड़ाई अमेरिकी हवाई हमलों के मुकाबले उनके लिए आसान होगी। दावा किया जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में जमीनी ऑपरेशन के विकल्प पर विचार कर रहे हैं। उनको लगता है कि जमीनी हमले के बाद ही दबाव डालकर ईरान को झुकाया जा सकता है। ऐसे में अमेरिका 10,000 अतिरिक्त सैनिक पश्चिम एशिया भेजने पर विचार कर रहा है। बड़ी संख्या में अमेरिकी मरीन पहले ही क्षेत्र में हैं।

### अमेरिका से निपटने के लिए तैयार : ईरानी सेना

ईरानी सरकारी ने सेना के सूत्र के हवाले से कहा कि अमेरिका खुद को तबाह करने वाली रणनीतियों के जरिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना चाहता है। हम उनका इंतजार कर रहे हैं। ईरानी सेना अमेरिका की आत्मघाती रणनीति के लागू होने और जलडमरूमध्य के बंद रहने, दोनों स्थितियों के लिए तैयार है।




# शहर से लेकर देहात तक पेट्रोल-डीजल भरवाने वालों की लगी लंबी कतारें

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** फ्यूल स्टेशनों पर शाम के समय अचानक भीड़ बढ़ गई। शहर से लेकर देहात तक पेट्रोल-डीजल भरवाने वालों की लंबी कतारें लग गईं। हालत यह हो गई कि रात में पंपों पर पुलिस बुलाना पड़ी। लोग वहां से बिना पेट्रोल लिए जाने को तैयार ही नहीं हो रहे थे सुबह भी पंपों पर भीड़ दिखी अफवाहों के बीच शहर के अलावा जिले की अलग अलग तहसीलों में आपाधापी मची हुई है। लोग ड्रमों, डिब्बे आदि लेकर डीजल पेट्रोल भरवाने पहुंच रहे हैं। इधर पेट्रोल पंप मालिकों ने लग रही लंबी-लंबी लाइनों को देखते हुए तय सीमा में डीजल पेट्रोल देने का फरमान जारी कर दिया गया है। किसी पेट्रोल पंप पर दो सौ रुपये तो कोई पांच सौ रुपये का ही पेट्रोल दे रहे हैं वहीं कुछ पेट्रोल पंप देर रात 10 बजते ही बंद हो गए थे जिले में विभिन्न कंपनियों के 286 फ्यूल स्टेशन हैं। विभागीय अफसरों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन इसके बावजूद अफवाहों के चलते लोगों में जल्दबाजी देखी गई। दोपहर तक हालात सामान्य रहे, लेकिन शाम होते ही पंपों पर भीड़ बढ़ने लगी। बाइकों और कारों की लंबी कतारें लग गईं। शहर के नौरंगाबाद चौराहे स्थित एक फ्यूल स्टेशन सुबह से बंद रहा। सूत्रों के मुताबिक वहां स्टॉक खत्म हो गया था।सीतापुर रोड स्थित रिलायंस पंप, संकटा देवी चौराहे का लक्ष्मी पेट्रोल पंप, निघासन रोड, झंडी पंप (रोडवेज के पास) और एलआरपी चौराहे पर भी काफी भीड़ देखने को मिली। निघासन रोड स्थित नायरा फ्यूल स्टेशन पर पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ाए जाने की बात सामने आई है। कुछ उपभोक्ताओं के अनुसार, पेट्रोल का दाम 95 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 100.51 रुपये प्रति लीटर हो गया है। डीजल के दाम में भी करीब तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी बताई जा रही है।

## नवरात्र के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की बनी रही भीड़

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** नवरात्र के अंतिम दिन मां मंगला देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही, जहां कन्या भोज सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए गए। हालांकि इस दौरान व्यवस्थाओं की कमी ने श्रद्धालुओं को काफी परेशान किया। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार मंदिर परिसर में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं थी। एकमात्र हैंडपंप से गंदा पानी निकल रहा था, जबकि लगाया गया वाटर कूलर भी बंद था, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत थाना पलिया की महिला शक्ति टीम ने जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया।

शुक्रवार को महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना पलिया की एसआई निशा शुक्ला के नेतृत्व में महिला शक्ति टीम ने जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं व छात्राओं को मिशन शक्ति व साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया।

महिलाओं व बालिकाओं को प्रमुख कानूनों व गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी और महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## लखीमपुर दुग्ध संघ की ओर से चपरतला क्षेत्र में किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** लखीमपुर दुग्ध संघ की ओर से चपरतला क्षेत्र में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों व पशुओं की बेहतर देखरेख के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने पशुओं के संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण, साफ-सफाई, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपाय व बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पशुओं की सही देखभाल से न केवल दूध उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।

## ज़ेवर न आने से अधर मे लटका निकाह

**नहटौर। (अवधनामा सवाददाता)** क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ जेवर (गहने) न लाने के विवाद में निकाह के बाद विदाई रुक गई। नहटौर-पैजनिया मार्ग पर स्थित तालमपुर गाँव का एक बैंक्वेट हॉल का मामला बारात नूरपुर से खजूरा जट से आई थी, दूल्हा पक्ष निकाह के समय तक जेवर लाने का बहाना बनाता रहा।

निकाह संपन्न होने के बाद जब उन्होंने साफ कह दिया कि वे जेवर नहीं लाए हैं, तो विवाद बढ़ गया। लड़की पक्ष ने पूरी तैयारी की थी, लेकिन धोखे और जेवर न मिलने से नाराज होकर उन्होंने बेटी को विदा करने से इनकार कर दिया। शाम तक दोनों पक्षों में बातचीत और समझौता कराने की कोशिश चलती रही।

सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई है, फिलहाल मामला तूल पकड़ा जा रहा है, लड़की पक्ष ने बेटी को भेजने से किया इंकार।

# प्रेम प्रसंग के चलते 19 वर्षीय समीर ने की आत्महत्या



**नजीबाबाद। (अवधनामा सवाददाता)** नजीबाबाद के मोहल्ला मुगलूशाह के रहने वाले समीर ने मंगलवार देर शाम गुजरात के सूरत में मोहब्बत में आत्महत्या कर ली। जिसका शव गुजरात से नजीबाबाद लाया गया। वहीं उसके पिता शहजाद ने बताया कि हमारे बेटे की जान प्रेम प्रसंग के चलते गई है। इकरा

नाम की लड़की जो की मोहल्ला मुगलूशाह की ही निवासी है उसके साथ एक लड़का और मिला हुआ अब इन तीनों में मोबाइल पर क्या बात हुई या क्या डिमांड की गई अभी कुछ नहीं पता। जिसके चलते 19 वर्षीय समीर ने गुजरात के सूरत में सुसाइड कर ली।

परिवार जनों ने बताया कि आखरी बार उसने अपनी मां और प्रेमिका से बात की थी, प्रेमिका के शादी और प्रेम से नकार के कारण वह मानसिक रूप से परेशान था और उसने मौत को गले लगा लिया। गुजरात से शव नजीबाबाद पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम कराया और मामले की जांच में जुट गई। परिवार जनों ने इंसाफ की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# एसएसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया पीआरवी वाहनों को रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद बनाने के उद्देश्य से 11 नये पीआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने पुलिस लाइन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इन 11 नए वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसएसपी अभिनंदन ने बताया कि इन वाहनों का वितरण जिले के उन क्षेत्रों और हॉट स्पॉट्स को ध्यान में रखकर किया जाएगा, जहां अपराध नियंत्रण और त्वरित सहायता की अधिक आवश्यकता है। आधुनिक तकनीक और जीपीएस से लैस इन वाहनों के कारण अब पुलिस घटनास्थल पर चंद मिनटों में पहुंच सकेगी। सूचना मिलते ही सबसे कम समय में मदद पहुंचाना प्राथमिकता होगी, जिससे अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा होगा। गश्त बढ़ने से चोरी, लूट और छेड़खानी जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

# 28 मार्च से ब्लॉक स्तर पर शुरू होगी कांग्रेस की समीक्षा बैठके: संदीप राणा



**सहारनपुर।** जिला काँग्रेस कमेटी की बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत व 2027 के विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया गया।

स्थानीय गुरुद्वारा रोड स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि जनपद की सभी 7 विधान सभाओं में बूथों के गठन का कार्य लगभग हो चुका हैं और इन्हें और दुरुस्त व मजबूत करने के लिए अब ब्लॉक स्तर पर तुरंत समीक्षा बैठकों का आयोजन शुरू होगा। जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि इन समीक्षा बैठकों में वें स्वयं मौजूद रहेंगे, जिसमें बूथ व पंचायत स्तर तक संगठन की मजबूती व सक्रियता को सुनिश्चित किया जाएगा। संदीप राणा ने कहा कि ब्लॉक स्तर की समीक्षा बैठकों में उनके अलावा जिला संगठन प्रभारी नितिन शर्मा, संबंधित ब्लाक के प्रभारी जिला पदाधिकारियो के साथ-साथ ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा सभी जरूरी लोगों की मौजूदगी अनिवार्य होगी। राणा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के सख्त निर्देश है कि इसमें किसी भी स्तर पर किसी अकर्मण्यता को स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन प्रभारी जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर होने वाली समीक्षा बैठकों का दौर कल से ही शुरू हो जाएगा और इसमें सबसे पहली बैठक 28 मार्च को सरसावा में ब्लॉक अध्यक्ष चौ.गालिब, 30 मार्च को नागल में ब्लॉक अध्यक्ष मेवाराम व 5 अप्रैल को पुंवारका में ब्लॉक अध्यक्ष पवन राणा द्वारा आयोजित की जाएगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता काजी शौकत हुसैन व जिला उपाध्यक्ष सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू ने कहा कि यह सही समय पर उठाया गया एक ऐसा कदम है, जिससे जिला संगठन को ज्यादा मजबूती तो मिलेगी ही साथ ही हम इस संपूर्ण प्रक्रिया के माध्यम से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के माध्यम से कांग्रेस की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक ले जाने में भी सफल होंगे। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष विनय राणा, जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा, गणेश दत्त शर्मा, दुष्यंत राणा, प्रीतम सैनी, भूपेंद्र राणा, कुणाल शांडिल्य, प्रभजीत सिंह लाम्बा, साजिद अली, असगर आलम, नसीब खान, आदित्य पुंडीर, अमर सिंह, मेवाराम, चौधरी गालिब, पवन राणा, राव अबरार अहमद, चौधरी नवाब, कय्यूम अहमद, अजय राणा, हरविंदर सिंह राणा, राव सखावत अली, इसरार अहमद, मोहम्मद जमाल, शाहबाज अहमद, विनोद सिंह राणा रावत, राकेश वर्मा, मनोज शर्मा, अनवर अहमद, मेघराज सिंह, एडवोकेट सतीश कश्यप, मोहम्मद यामीन, शहजाद उस्मानी, मोहम्मद सुफियान सेठ आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# राजू राजपूत यूपी ताइक्वांडो के संयुक्त सचिव नियुक्त



**नजीबाबाद। (अवधनामा सवाददाता)** ताइक्वांडो खेल के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से निरंतर सक्रिय और समर्पित राजू राजपूत (ब्लैक बेल्ट 5वीं डैन) को यूपी ताइक्वांडो का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से जनपद के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में हर्ष की लहर है। यूपी ताइक्वांडो, जो कि वर्ल्ड ताइक्वांडो और इंडिया ताइक्वांडो से मान्यता प्राप्त संस्था है, उसके अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा राजू राजपूत के लंबे अनुभव और खेल के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए राजू राजपूत ने कहा, ÷मुझ पर जो विश्वास जताया गया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। पिछले 25 वर्षों से मेरा मुख्य उद्देश्य जिले में ताइक्वांडो को बढ़ावा देना रहा है और अब इस नई भूमिका के माध्यम से प्रदेश और जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक अवसर प्रदान करना ही मेरी प्राथमिकता होगी।

गौरतलब है कि राजू राजपूत के मार्गदर्शन में बिजनौर जिले के अनेक खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन कर चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और खेल संघों ने उन्हें बधाई दी है।

# जटिल सर्जरी से 2 माह की बच्ची को मिली नई जिंदगी

## मैक्स हॉस्पीटल के डॉक्टरों ने रचा इतिहास



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उत्तराखंड के मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने एक दुर्लभ और जटिल चिकित्सा मामले में 2 माह की मासूम बच्ची को नई जिंदगी देकर बड़ी सफलता हासिल की है। जन्म से ही सांस की नली में गंभीर रुकावट से जूझ रही इस बच्ची की हालत लगातार नाजुक बनी हुई थी। सहारनपुर के दिल्ली रोड स्थित एक होटल के सभागार में शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में चिकित्सकों ने इस सफल ऑपरेशन की जानकारी साझा की। डॉक्टरों के अनुसार, जन्म के तुरंत बाद बच्ची को न्यूमोथोरैक्स (छाती में हवा का रिसाव) की समस्या हो गई थी, जिसके कारण उसे वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखना पड़ा। करीब एक महीने तक एक निजी अस्पताल में इलाज के बावजूद उसकी स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ। परिजन बाद में बच्ची को देहरादून स्थित मैक्स अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां विशेषज्ञों की टीम ने गहन जांच की। जांच में सामने आया कि बच्ची के वॉयस बॉक्स के पास एक सिस्ट विकसित हो गई थी, जो उसकी सांस की नली को ब्लॉक कर रही थी। इसी कारण उसे बार-बार निमोनिया हो रहा था और वेंटिलेटर से हटाना मुश्किल हो रहा था। इस जटिल सर्जरी को डॉ. रोहित श्रीवास्तव, डॉ. वैभव चाचरा और डॉ. इरम खान की टीम ने मिलकर अंजाम दिया। कोब्लेशन तकनीक के जरिए सिस्ट को सफलतापूर्वक हटाया गया, जिससे एयरवे को बिना अधिक नुकसान पहुंचाए साफ किया जा सका। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी कम उम्र के शिशु में एयरवे सर्जरी करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है, क्योंकि सांस की नली बेहद छोटी और संवेदनशील होती है। ऐसे मामलों में उच्च स्तर की सटीकता और अनुभव की आवश्यकता होती है। सर्जरी के बाद बच्ची की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। फिलहाल उसे ट्रेकियोस्टॉमी सपोर्ट के साथ डिस्चार्ज कर दिया गया है और नियमित फॉलो-अप जारी है।

डॉ.इरम खान ने बताया कि ऐसे मामलों में समय पर सही जांच और मल्टीडिसिप्लिनरी उपचार बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि एडवांस तकनीक और विशेषज्ञों की टीम के समन्वय से ही इस तरह के गंभीर मामलों में सफलता संभव हो पाती है। मैक्स हेल्थकेयर देश के अग्रणी हेल्थकेयर नेटवर्क्स में शामिल है, जो आधुनिक तकनीक और उच्च स्तरीय मरीज देखभाल के लिए जाना जाता है।

# जीवन हैं स्वयं एक रंगमंचः शीतल टण्डन

*अवधनामा संवाददाता*




**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई की बैठक में विश्व रंगमंच दिवस पर कलाकारों के योगदान की सराहना की गई।

स्थानीय रेलवे रोड स्थित जिला मुख्यालय कार्यालय पर बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष व कला प्रेमी शीतल टण्डन ने बताया कि 1961 में अंतर्राष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट द्वारा इसकी स्थापना की गई थी, और तब से यह हर साल पूरे विश्व में रंगमंच के प्रेमियों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है।

टण्डन ने कहा कि जैसा कि शेक्सपियर ने कहा था, 'जीवन स्वयं एक रंगमंच है,' और इसी भावना को हम आज के दिन पुनः याद करते हैं। हमारे देश में रंगमंच ने सदियों से समाज को जागृत किया है और इसमें हमारे दिग्गज कलाकारों का योगदान अद्वितीय रहा है। विशेष रूप से, राज कपूर ने अपने अभिनय से और पृथ्वी थिएटर ने भारतीय रंगमंच को एक नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि आज हम रंगमंच की शक्ति, इसकी संस्कृति और इसकी सामाजिक बदलाव की क्षमता का जश्न मनाते हैं। रंगमंच हमारे जीवन का दर्पण है, और इसी में हम अपनी कहानियाँ, सपने और सच को जीवंत करते हैं। बैठक में जिला महामंत्री रमेश अरोड़ा, जिला कोषाध्यक्ष कर्नल संजय मिड्ढा, मुरली खन्ना, मेजर एस.के.सूरी, जावेद खान सरोहा, के.के.गर्ग, रवि कर्णवाल, योगेश पंवार, संदीप शर्मा, राकेश शर्मा, शुभम शर्मा, विक्रान्त कुमार शामिल रहे।

## जिले में चलेगा कुर्क संपत्ति का भौतिक सत्यापन अभियान

**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने बताया कि जिलें में 2022 से अब तक 1170 करोड़ रुपए की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट में कुर्क हुई है। उन्होंने कहा कि कुर्क संपत्ति के सत्यापन हेतु अभियान चलाया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने बताया कि इन सब संपत्तियों की कुर्की के उपरांत रिसीवर नियुक्त हुए हैं। अब इन संपत्तियों का भौतिक सत्यापन अभियान चलाया जाएगा कि संपत्ति का प्रयोग कुर्की उपरांत भी अभियुक्त या किसी निजी व्यक्ति द्वारा तो नहीं किया जा रहा। अनियमितता पाए जाने पर रिसीवर के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी।

## सृष्टि को संतुलन करने वाली देवी है मां आदिशक्ति महाकालीः कालेन्द्रानंद



**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में मां भगवती वैष्णवी महाकाली प्रकटोत्सव पर छप्पन भोग अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां आदिशक्ति महाकाली सृष्टि को संतुलन करने वाली देवी है। श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित मां वैष्णवी महाकाली प्रकट उत्सव अवसर पर मां भगवती आदि शक्ति वैष्णवी महाकाली का विधिवत पूजन किया गया और मां भगवती को छप्पन भोग लगाए गए। इसके बाद मां भगवती की दिव्य एवं भव्य आरती उतारी गई और छप्पन भोग का प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया। स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि मां वैष्णवी महाकाली आदिकाल में मां वैष्णो देवी के आह्वान पर प्रकट हुई और जुनेश्वर बाबा भैरव बाबा का वध किया। मां भगवती वैष्णो देवी के आग्रह पर भक्तों के कल्याण के लिए मां भगवती महाकाली गुफा में प्रकट हुई और वैष्णवी महाकाली कहलाई। महाराज श्री ने कहा कि भक्तों के कल्याण के लिए मां भगवती यहां पर प्रकट हुई है। मां भगवती के गुफा वाले मंदिर में भक्तजन दिल्ली पंजाब हरियाणा उत्तराखंड आदि राज्यों के दूर-दूर से लोग माता के दर्शन के लिए आते हैं और मन्नत पूरी होने पर माता का प्रसाद एवं भंडारा देने के लिए आते रहते हैं।

# विधायक निधि से बनने वाली सड़कों का किया शिलान्यास व उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** विधायक निधि से बनने वाली सड़को का शिलान्यास व उद्घाटन नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने किया।

वार्ड नंबर 28 मोहल्ला जनक नगर में रामकृष्ण के मकान से जोसफ के मकान तक व महावीर के मकान से आन सिंह के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य, जनक नगर में सोम टेलर से संतोष कुमार के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य, डॉ नागपाल के बराबर वाली गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि आमजनमानस को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो यही उनका व प्रदेश सरकार का उद्देश्य है और इसी की पूर्ति के लिए विधायक निधि के साथ साथ अन्य माध्यमो से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में चहुँमुखी विकास हो रहा है जबकि पूर्व की सरकारों में प्रदेश की सड़कें चलने लायक नही थी।

महापौर डॉ अजय कुमार सिंह व महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास और कानून व्यवस्था के मामले में प्रदेश में एक नया बदलाव देखने को मिल रहा है और आज उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से बाहर निकल कर विकास की नई गाथा लिख रहा है।

इस दौरान प्रमुख रुप से भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, महानगर महामंत्री सरदार सुपनीत सिंह, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा,जितेंद्र नगर, पार्षद प्रवीण रोहिल्ला, पूर्व पार्षद रेखा रोहिल्ला, संतोष, करणवीर, शिवकुमार, सुरेंद्र धवन, राजकुमार कालड़ा, राजेंद्र धीमान, बीनू पाल, नंद किशोर रोहिल्ला आदि उपस्थित रहे।

## सांसद इमरान ने लोकसभा में उठाया पउप्र में उच्च न्यायालय की खंडपीठ का मुद्दा

**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद काजी इमरान मसूद ने आज संसद में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नागरिकों को सस्ता और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालय बैंच स्थापना की मांग की। सांसद इमरान मसूद ने लोकसभा में आज अपने भाषण में कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 28 जनपदों के लोगों को सस्ता और सुलभ न्याय सुनिश्चित करने के लिए हाई कोर्ट बेंच की पश्चिम में मांग लंबे समय से चली आ रही है, जिसके लिए कभी पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भी मांग की थी। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि हमारे लोगों को न्याय के लिए 800 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, जिसके लिए लगभग 10000 रूपये जैसी बड़ी धनराश खर्च होती है।

# नकबजनी का प्रयास करते दो आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने नकबजनी का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 26 मार्च को वादी राजबीर पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम शीतला खेड़ा थाना नागल की तहरीर पर आरोपियों शाहनवाज पुत्र अज्ञात, शमीम पुत्र अज्ञात निवासी गण मौहल्ला बाजदारान थाना कुतुबशेर के खिलाफ रात्रि के समय वादी के गोदाम मे दीवार फादकर चोरी करने के इरादे से घुसने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर पंजीकृत किया गया था। थाना कुतुबशेर प्रभारी एचएन सिंह ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक सुभाष चन्द के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमें में त्वरित कार्यवाही करते हुए मात्र 03 घण्टे में वांछित शाहनवाज व शमीम को गिरफ्तार कर लिया।

# गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं, पुलिस करे कार्रवाई

- दबंगई से जुड़े मामलों पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश
- जमानत पर रिहा होकर वादी को धमकाने वालों की निरस्त कराएं जमानत : सीएम योगी
- जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान कमजोर वर्ग के लोगों को कतिपय दबंगों द्वारा डराने, धमकाने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से दो टूक कहा, 'गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ऐसे तत्वों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। यदि कोई अभियुक्त जमानत पर छूटने के बाद वादी को धमका रहा हो तो उसकी जमानत निरस्त कराने की कार्यवाही की जाए।'

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश दिया और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार का संकल्प है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। अधिकारियों को निर्देशित करने के साथ ही सीएम योगी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। अस्पताल से इलाज का एस्टीमेट मिलते ही सरकार धन उपलब्ध करा देगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने दुलारा और उन्हें चॉकलेट के साथ अपना आशीर्वाद भी दिया।

# श्रीराम मंदिर गुरुधाम में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** रामनवमी पर्व के अवसर पर श्री रामानंद विश्व हितकारिणी परिषद के संस्थापक श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉ0 राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज के सानिध्य में प्राचीन श्रीराम मंदिर गुरुधाम वाराणसी में श्रीराम जन्मोत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संपूर्ण मंदिर परिसर को फूल मालाओं,विद्युत झालरों एवं गुब्बारों से सजाया गया। मंदिर के सचिव पं. रामभरत शास्त्री की देखरेख व यजमान संजीव पूर्वे पत्नी मीनाक्षी जायसवाल पूर्वे के सहयोग से प्रातः काल 8 बजे आश्रम के सभी बटुक एवं आचार्यों ने मिलकर भगवान श्रीराम का वैदिक पद्धति से पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात् 10 बजे से काशी के सिद्धहस्त कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम जन्मोत्सव पर मधुर भजन प्रस्तुत किए गए। पूरा मंदिर परिसर भक्तों से भरा हुआ था वही साथ में मंदिर की महिला मंडल द्वारा भी बधाई गीत गाए गए। ठीक दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी द्वारा प्रभु श्रीराम की आरती की तथा उपस्थित सभी भक्तों ने उनकी दिव्य स्तुति कर अपने जीवन को धन्य बनाया। लगभग 51 थालियों से भगवान की भक्तों ने आरती की। इसके बाद सभी भक्तों में प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन हुआ।इस अवसर पर गोविंद तिवारी,चंदन कुमार सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# जिला जज व एसपी ने जिला उपकारागार का किया औचक निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

- अधिकारियों ने महिला बंदियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए साथ ही समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए किया प्रेरित



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से जिला उपकारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान अधिकारियों ने आवासीय बैरक, भोजनालय एवं अस्पताल सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए साथ ही बंदियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। निरीक्षण करते हुए जिला जज व एसपी ने बंदियों की नियमित काउंसिलिंग कर उनकी जीवनशैली में सकारात्मक सुधार लाने पर विशेष जोर दिया।

जनपद न्यायाधीश व पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण करते हुए सर्वप्रथम मेस में तैयार हो रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदियों को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। जेल परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की समीक्षा कर अधिकारियों ने उनके सुचारु संचालन के लिए सतर्कता बरतने पर जोर दिया साथ ही बैरकों एवं परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता देने और बंदियों को नियमानुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष पहल करते हुए अधिकारियों ने महिला बंदियों से संवाद स्थापित कर उन्हें उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबन्ध में जागरूक किया। अधिकारियों ने महिला बंदियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट किए साथ ही समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीजेएम, उपकारागार अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अघोरपीठ 'बाबा कीनाराम स्थल' में नवमी कन्या व भैरव पूजन के साथ चैत्र नवरात्र संपन्न

**(उत्पल दादा) अवधनामा ब्यूरो**



**वाराणसी।** हिंदू नवरात्रि के पावन पर्व पर नौ दिनों तक भगवती के हर रुपों की आराधना और पूजा-अर्चना तथा 'नवमी कन्या पूजन' के साथ चैत्र नवरात्र संपन्न हुआ। मोक्ष नगरी काशी के हर जगह 'नवमी कन्या पूजन' के चलते भीड़-भाड़ और उत्साह का माहौल देखने को मिला।इसी क्रम में रविन्द्रपुरी स्थित विश्वविख्यात अघोरपीठ,'बाबा कीनाराम स्थल क्रीं-कुण्ड',स्थित आश्रम में साफ-सफ़ाई और दैनिक आरती पूजन के बाद पीठाधीश्वर परम पूज्य अघोराचार्य महाराजश्री बाबा सिद्धार्थ गौतम राम जी के दिशा निर्देशन में 'नवमी कन्या पूजन' की शुरुवात हुई। सर्वप्रथम सभी 9 कन्याओं का श्रृंगार कर उन्हें देवी रुप में और एक बालक का श्रृंगार कर उन्हें भैरव बाबा के रुप में प्रतिष्ठित कर आसीन किया गया। नवरात्र पूजन के आचार्य (पुजारी) श्री प्रकाश व आश्रम की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती संगीता सिंह की अगुवाई में श्रद्धालुजनों द्वारा देवी स्वरुप में विराजमान सभी 9 बाल कन्याओं और भैरव रूप में बालक के पाँव पखारे गए। तत्पश्चात सभी देवी व् भैरव जी की विधि सम्मत पूजा कर उनकी आरती उतारी गयी । इसके बाद सभी देवियों व भैरव जी को विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया और उन्हें तृप्त कराकर पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस दौरान सहित उपस्थित सैकड़ों भक्तजनों द्वारा 'जय माँ सर्वेश्वरी' और 'हर-हर महादेव' का उदघोष लगातार होता रहा। इस दौरान भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण किया।

# चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**महोबा।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी को देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिरों में पूजा अर्चना करने के बाद हवन में भक्तों ने अंतिम आहूतियां दी। मंदिरों के पुजारी पूजा कराने और आहूतियां डालने जुटे रहे। नवरात्रि के नवमी पर देवी मंदिर भक्तों की भीड़ के चलते खासे गुलजार रहे। वहीं सुबह से कन्या भोज और भंडारों का सिलसिला शुरू हुआ, जो रामनमवी शोभा यात्रा तक चलता रहा। नवरात्रि के अंतिम दिन कन्याओं और भक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर के साथ साथ अन्य मार्गों में सुरक्षा की दृष्टि से शुक्रवार को भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस अधिकारी भी मंदिरों में जाकर जगह जगह लगी पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी का जायजा लेते रहे।

# काली साड़ी पहनकर ट्रांस बिल के विरोध में किन्नरो का प्रदर्शन

- किन्नरो ने पीएमओ कार्यालय का घेराव कर सरकार के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** शुक्रवार को शहर में किन्नर (ट्रांसजेंडर) समुदाय ने ट्रांस बिल 2026 के विरोध में जोरदार और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सलमा किन्नर के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समुदाय के लोगों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने काली साड़ी पहनकर विरोध दर्ज कराया, जिसे उन्होंने अपने अस्तित्व,अधिकारों और परंपराओं पर खतरे का प्रतीक बताया। हाथों में बैनर और तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने 'ट्रांस बिल वापस लो' और 'हमारी पहचान,हमारा अधिकार' जैसे नारे लगाकर पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। सलमा किन्नर ने कहा कि ट्रांस बिल 2026 के जरिए किन्नर समुदाय की सदियों पुरानी परंपराओं और सामाजिक संरचना को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह बिल न केवल उनके अधिकारों का हनन करता है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक जीवनशैली को भी कमजोर करता है। प्रदर्शन के दौरान किन्नर समुदाय ने पीएमओ कार्यालय का घेराव कर सरकार के प्रति अपना आक्रोश प्रकट किया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए और मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसके बावजूद प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा।प्रदर्शन में नीति एलजीबीटी समुदाय की प्रतिनिधि,शहनाज किन्नर, कोमल किन्नर, चांदनी किन्नर, बॉबी किन्नर, माही किन्नर और रागिनी किन्नर सहित कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर सरकार से बिल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के उपरांत सलमा किन्नर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसीपी वाराणसी को ज्ञापन पत्र सौंपा। ज्ञापन में समुदाय की प्रमुख मांगों, समस्याओं और ट्रांस बिल 2026 के प्रति आपत्तियों को विस्तार से रखा गया। साथ ही प्रशासन से आग्रह किया गया कि इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए सरकार तक पहुंचाया जाए।

# हाईटेंशन लाइन से गिरी चिंगारी, गेहूं की फसल जलकर राख

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** थाना पनवाड़ी क्षेत्र के सिमरिया गांव में खेत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी ने खेत में खड़ी गेहूं की फसल जलाकर बर्बाद कर दिया। चार बीघा खेत में आग लगने से उठे धुआं को देखकर आसपास के खेतों में मौजूद किसानों ने आनन फानन में पीड़ित किसान के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास करते हुए दमकल विभाग को सूचना दी। फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक खेत की सारी फसल पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गई। पीड़ित ने अधिकारियों से आग से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

सिमरिया गांव निवासी मुन्नीलाल ने इस बार कड़ी मेहनत और साहूकारों से कर्ज लेकर अपने चार बीघा खेत में गेहूं फसल की बुवाई की थी। फसल खेतों में लहलहा रही थी, लेकिन भगवान को कुछ और मंजूद था। शुक्रवार को अचानक खेत के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन से अचानक चिंगारी निकली और खेत में खड़ी गेहूं की फसल पर जा गिरी, जिससे धीरे धीरे आग खेत की लगी फसल को अपनी गिरफ्त में लेने लगी। धुआं देख पीड़ित व आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़ कर मौके पर पहुंचे और आग पर पानी डालने का प्रयास कर बुझाने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। आग बढ़ती देख पीड़ित ने दमकल को सूचना दी, कुछ देर बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने के लिए आपरेशन शुरू किया, लेकिन तब तक खेत में लगी फसल जलकर बर्बाद हो गई। पीड़ित ने अधिकारियों से फसल का आकलन कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रामनवमी का पर्व

- शोभा यात्रा का जगह जगह किया गया स्वागत, लोगों ने मार्ग में पंडाल लगाकर पानी, शर्बत, पेठा, फल आदि भक्तों को किया वितरित

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** जिले में शुक्रवार को रामनवमी का त्योहार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। रामनवमी पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की शोभा यात्रा डीजो और बैंडबाजों के साथ धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा दौरान श्रद्धलुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। धूप और गर्मी के बाद भी भक्त पैदल शोभा यात्रा में कई किमी. तक चलते रहे। महिलाओं ने भी शोभा यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में जय श्रीराम के उद्घोष गूंजते रहे। डीजे की धुन पर नव युवक और महिलाएं थिरकते हुए चल रहे थे। भारी संख्या में चल रहे डीजों में भक्ति गीत की गूंज से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। युवा हाथों में भगवा ध्वज, माथे पर भगवा पट्टी बांधे हुए जय श्रीराम के जयकारे लगाते चल रहे थे। इस दौरान युवा, बच्चे और बूढ़ों के साथ महिलाएं भी बिना थके आगे बढ़ते जा रहे थे।

शहर की नवीन गल्लामंडी से सदर विधायक राकेश गोस्वामी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने पालकी उठाकर शोभायात्रा की शुरूआत की गई। शोभा यात्रा दौरान देवी देवताओं की झांकियां सजाई गई। शोभा यात्रा परमानंद चौराहा, रोडवेज तिराहा, आल्हा चौक, ऊदल चौक, सुभाष चौक, राठ चुंगी, मैन बाजार, तहसील चौराहा, पुराना प्राइवेट बस स्टाप से होते हुए डाकबंगला मैदान पहुंचे जहां पर आरती के साथ शोभा यात्रा का समापन किया गया। आरती दौरान भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी। शोभा यात्रा दौरान लोगों का हुजूम अलग अलग मार्गों से निकलकर शोभा यात्रा में जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए शामिल हो गए, जिससे शोभा यात्रा में अपार भीड़ जुट गई। शोभा यात्रा दौरान लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। लोग हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए चल रहे थे।

शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। जिला उद्योग व्यापार मंडल सहित तमाम समाजिक संस्थाओं के लोगों ने मार्ग में पंडाल लगाकर पानी, शर्बत, पेठा, फल आदि वितरित किया, वहीं आल्हा चौक में अशोक कुमार शिवहरे ने पंडाल लगाकर भक्तों को फल व मिठाई वितरित किया। शोभा यात्रा में शामिल लोगों पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई। शोभा यात्रा में सजाई गई देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

## शोभा यात्रा में पुलिस बल रहा तैनात

**महोबा।** शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देश पर जगह जगह पुलिस टीमों की तैनाती की गई साथ ही जुलूस के आगे पीछे और जुलूस के साथ भी पुलिस बल चलता रहा। पुलिस क्षेत्राधिकारी और कोतवाली प्रभारी सहित अन्य अधिकारी नवीन गल्ला मंडी से शुरू हुए जुलूस के साथ पैदल चलकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे, जिससे पुलिस कर्मचारी खासा चौकन्ना रहे। शोभा यात्रा शाम को डाकबंगला पहुंचने के बाद समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस कर्मचारी वर्दी और सादा कपड़ों में भी चलकर शरारती तत्वों पर नजर रख रहे।

# आत्मविश्वास देखना एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ा इनाम है : आरुषि तुली



**वाराणसी।** सीबीएसई कक्षा 12वीं की बायोलॉजी बोर्ड परीक्षा देकर निकले छात्र-छात्राओं से फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) की बायोलॉजी फैकल्टी आरुषि तुली मैम ने एक सरप्राइज मुलाकात की। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि,यह छात्रों के लिए एक सरप्राइज मुलाकात थी। कहा, 'इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा के बाद उनके चेहरों पर मुस्कान और आत्मविश्वास देखना एक शिक्षक के लिए सबसे बड़ा इनाम है। उनकी कड़ी मेहनत साफ झलक रही है, और इस पल को उनके साथ मनाने के लिए यहाँ आकर मैं बेहद रोमांचित हूँ।' वही जैसे ही छात्र परीक्षा हॉल से बाहर निकले, उन्होंने अपनी मेंटर को अपना इंतज़ार करते पाया। इस सरप्राइज मुलाकात का उद्देश्य छात्रों का मनोबल बढ़ाना था, जो आरुषि तुली मैम के साथ अपने प्रदर्शन पर चर्चा करने और अपने अनुभव साझा करने के लिए काफी उत्सुक थे। फिज़िक्सवाला की यह पहल डिजिटल स्क्रीन से आगे बढ़कर छात्र समुदाय की मदद करने का एक प्रयास था, ताकि एक ऐसा व्यक्तिगत जुड़ाव बनाया जा सके जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और भावनात्मक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ की पहल से बदला रामगढ़ ताल, पहली बार नेशनल रोइंग कैंप की मेजबानी

**गोरखपुर ।** उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी की विशेष रूचि और दूरदर्शी नेतृत्व के चलते प्रदेश सरकार के प्रयासों से गोरखपुर का रामगढ़ ताल अब देश के बेहतरीन रोइंग वेन्यू के रूप में स्थापित हो चुका है। सीएम योगी की विशेष पहल पर रामगढ़ ताल और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के विकास ने न केवल शहर की सूरत बदली, बल्कि उत्तर प्रदेश के खेल इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय भी जोड़ दिया है। उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश रोइंग (नौकायन) के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय शिविर की मेजबानी गोरखपुर का रामगढ़ ताल कर रहा है। ये जानकारी सुधीर शर्मा, उपाध्यक्ष, रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया व सचिव, यूपी रोइंग एसोसिएशन ने दिया।

**मिशन एशियाई खेल 2026 :** मिशन जापान -2026' (20वें एशियाई खेलों) की तैयारियों के लिए भारतीय महिला रोइंग टीम के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गोरखपुर के रामगढ़ ताल स्थित वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है जिसकी शुरुआत शुक्रवार को हो गई। इस शिविर में देश भर की चुनिंदा महिला रोअर्स हिस्सा ले रही हैं जिसमें अनुभवी और युवा प्रतिभाओं का बेहतरीन संतुलन है। अगले दो माह तक ये खिलाड़ी यहाँ अपनी तकनीक, गति और तालमेल को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निखारेंगी। शिविर की शुरुआत आज मुख्य अतिथि गोरखपुर विकास प्राधिकरण के सचिव श्री पुष्पराज सिंह ने की। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने झंडी दिखाकर सिंगल स्कल, डबल स्कल, पेयर और फोर्स की बोट को रवाना करते हुए शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के महासचिव श्री सुभाशीष मुखर्जी, आरएफआई फाइनेंस कमेटी के चेयरमैन नवाबुद्दीन और पद्मश्री रोइंग खिलाड़ी ओलंपियन बजरंग लाल की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। मुख्य अतिथि गोरखपुर विकास प्राधिकरण के सचिव श्री पुष्पराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय रोइंग के भविष्य के लिए यह कैंप एक मील का पत्थर साबित होगा, जहां से महिला खिलाड़ी देश के लिए गौरव हासिल करने की राह चुनेंगी। उत्तर प्रदेश में इस स्तर के कैंप का आयोजन न केवल स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा, बल्कि राज्य को 'वाटर स्पोर्ट्स' के वैश्विक मानचित्र पर भी मजबूती से स्थापित करेगा।रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री सुभाशीष मुखर्जी ने कहा कि इस कैंप का मुख्य लक्ष्य महिला रोअर्स की तकनीक, स्टैमिना और टीम वर्क में सुधार करना है।

# कूटरचित बिल व इनवॉइस के माध्यम से स्क्रैप के अवैध परिवहन कर जीएसटी चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा ।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस व क्राइम ब्रांच/साइबर टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया गया, जिनके द्वारा कूटरचित (फर्जी) बिल/इनवॉइस के माध्यम से स्क्रैप (कबाड़) का अवैध परिवहन कर लगभग 4 करोड़ रु0 के राजस्व की हानि की गई है । थाना कोतवाली नगर व क्राइम ब्रान्च/साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा 1. सूरज गुप्ता उर्फ देवी प्रसाद, 2. शुभम गुप्ता एवं 3. रामतीरथ वर्नवाल को थाना परिसर कोतवाली नगर से गिरफ्तार किया गया । दिनांक 4.9.2025 को प्रमुख सचिव, राज्य कर उत्तर प्रदेश के निर्देश पर स्क्रैप माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सचल दल इकाई, राज्य कर गोण्डा द्वारा दिनांक 05.9.2025 को मुन्नन खां चौराहे के पास वाहन संख्या छ्र01ञ्झ्र9871 को जांच हेतु रोका गया। जांच में पाया गया कि वाहन में मिक्स ओल्ड आयरन स्क्रैप का परिवहन कूटरचित एवं दोषपूर्ण प्रपत्रों के माध्यम से किया जा रहा था । वाहन चालक के बयान से ज्ञात हुआ कि स्क्रैप माल नवाबगंज (गोण्डा) से लोड कर गोविन्दगढ़ (पंजाब) भेजा जा रहा था, जबकि प्रस्तुत दस्तावेजों में लोडिंग स्थान सर्वश्री विद्या ट्रेडर्स- रायपुर (छत्तीसगढ़) एवं डिलीवरी स्थान सर्वश्री अविराज ट्रेडिंग- शिमला (हिमाचल प्रदेश) दर्शाया गया था। ई-वे बिल व पोर्टल जांच में भी यह स्पष्ट हुआ कि वाहन छत्तीसगढ़ गया ही नहीं, जिससे दस्तावेजों की कूटरचना की पुष्टि होती है। इसके अतिरिक्त, इनवॉइस में दर्शित वजन (10,010 किग्रा) के सापेक्ष वास्तविक वजन (11,770 किग्रा) पाया गया, जिससे 1,760 किग्रा अतिरिक्त माल बिना कर भुगतान के परिवहन किए जाने की आशंका प्रबल हुई। जांच में संबंधित फर्म विद्या ट्रेडर्स (रायपुर) का पंजीकरण भी निलंबित पाया गया तथा फर्म अपने पंजीकृत पते पर संचालित नहीं मिली। समस्त तथ्यों से स्पष्ट है कि यह कार्यवाही एक संगठित गिरोह द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से कर चोरी एवं आर्थिक अपराध करने के उद्देश्य से की जा रही थी।

# अतरौली पुलिस हुई बेलगाम, पीड़िता महिला के साथ ही कर डाला अपराधियों जैसा सलूक

**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के पुलिस कप्तान नीरज जादौन जनपद की पुलिस को सुधारने में लगे हैं परंतु कुछ पुलिस कर्मी सुधरने का नाम नहीं ले रही। ताजा मामले में थाना अतरौली पुलिस का ऐसा ही प्रकरण सामने आया है। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना अतरौली अंतर्गत ग्राम लोहगढ़ निवासी योगेंद्र सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह ने अपनी ही पत्नी के खिलाफ झूठा केस दर्ज कराया कि मेरी पत्नी 15/03/2026 को रात्रि 2 बजे घर से लापता हो गई है।

इस घटना को पुलिस के जिम्मेदार उप निरीक्षक रीतिक कुमार बंसल ने बिना किसी जांच के सभी नियम ताक पर रखकर गुड़गांव स्थित दिनांक 25/03/26 को समय रात्रि 7:30 पर महिला के किराए की मकान पर जा धमके और दरोगा ने कानून का नाजायज फायदा उठाते हुए महिला को गाली गलौज करते हुए महिला और उसकी बूढ़ी मां को जबरन गाड़ी में ले आए। उसके साथ गुड़गांव के ही निवासी एक कार चालक को भी महिला के साथ जबरन उठाकर ले आए। महिला ने इस बात का विरोध किया तो महिला के गाल पर तमाचा रख दिया। हैरानी की बात तो यह है कि उपरूक्त दरोगा रितिक कुमार बंसल ने वर्दी का नाजायज फायदा उठाते हुए बिना महिला पुलिस और गुड़गांव स्थित लोकल थाने की पुलिस को साथ लिए बिना महिला को उठाना जांच का विषय है। जबकि न्यायालय का आदेश है कि किसी भी महिला को बिना महिला पुलिस के गिरफ्तार न किया जाए। उसी महिला के साथ साथ दरोगा ने महिला की मदद कर रहा युवक भी जबरन लाया गया। और रात्रि में महिला को महिला स्टेप सेंटर कुवारसी में रखा तो वही युवक को अतरौली थाने में रखा गया। महिला की माने तो पीड़िता महिला किसी को अपनी आप बीती बताने बाथरूम में फोन लेके गई तो दरोगा बाथरूम तक में घुस गया और उसका मोबाइल छीन लिया। वही अगले दिन 26 मार्च को अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट रुचि सिंघल ने महिला के कलम बंद बयान लेकर महिला और उसके साथ झूठा उठाया गया युवक को निर्दोष साबित करते हुए महिला को उसकी मांग अनुसार उसके माइके पक्ष जाने के लिए निर्देषित किया।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पीड़िता महिला ने ससुराल वालों के उत्पीड़न से तंग आकर एसएसपी अलीगढ़ को दिनाँक 18 मार्च को एक प्रार्थना पत्र डाक द्वारा भेजा था और उसी के साथ न्यायालय में ससुराल वालों पर वाद दायर किया था। महिला ने बताया कि पिछले 22 सालों से महिला पति और अन्य ससुराली जनों के उत्पीड़न को झेल रही। महिला की माने तो उसका पति 16 मार्च को महिला के साथ मारपीट कर उसके 14 वर्षीय पुत्र को उठा कर ले आया। और महिला के खिलाफ ही अतरौली थाने में उल्टा मुकदमा दर्ज करा दिया। अतरौली थाने ने बिना किसी जांच के 4 दिन बाद महिला को गुड़गांव से उठा लाए।

## मां कामाख्या महोत्सव का भव्य समापनः कवि सम्मेलन में गूंजे ओज, हास्य और देशभक्ति के स्वर

**मवई -अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** मां कामाख्या धाम महोत्सव-2026 के समापन अवसर पर गुरुवार की शाम आयोजित भव्य कवि सम्मेलन ने पूरे माहौल को साहित्यिक रंग में रंग दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां कामाख्या के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मां की वंदना से हुई, जिसे डॉ. शशि श्रेया ने अपनी मधुर प्रस्तुति से भावपूर्ण बना दिया। कवि सम्मेलन में करीब आधा दर्जन से अधिक कवियों ने अपनी-अपनी विधाओं के माध्यम से श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कवियों का स्वागत रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान एवं महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी 'मोनू' द्वारा किया गया। ओज की कवयित्री श्रद्धा शौर्य ने अपनी प्रभावशाली कविताओं के माध्यम से नारी शक्ति का सशक्त चित्रण करते हुए श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। वहीं ओज के ही कवि अभय निर्भीक ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं सुनाकर पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। हास्य कवियों में जतिन शुक्ला, हेमंत पाण्डेय एवं अनिल चौबे ने अपनी चुटीली रचनाओं से दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया, जबकि शायर धर्मराज उपाध्याय ने अपनी शायरी से कार्यक्रम में अलग ही रंग घोला। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ. अनिल चौबे ने की, जबकि कुशल संचालन हेमंत पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक तालियों की गूंज के बीच कविताओं का सिलसिला चलता रहा।

## हमें ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए, जहां हर व्यक्ति अपने कर्म को प्राथमिकता दे: बृजभूषण सिंह

**गोसाईगंज -अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** नगर के पूर्वी छोर पर स्थित एक मैरिज लान में शुक्रवार को चैत्र नवरात्र के हिंदू नववर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बृजभूषण सिंह ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने समाज में कर्म प्रधान जीवनशैली को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि हमें ऐसा वातावरण तैयार करना चाहिए, जहां हर व्यक्ति अपने कर्म को प्राथमिकता दे। इससे न केवल समाज, बल्कि पूरे विश्व का कल्याण संभव है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र से व्यक्ति जुड़ा है, उसे उसी कार्य में पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ना चाहिए–चाहे वह खेती हो या व्यापार। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां भी कर्म के अनुसार बदलती हैं और हर बड़ी उपलब्धि की शुरुआत एक सपने से होती है। जो लोग सपने देखने का साहस रखते हैं, वही उन्हें साकार भी करते हैं। अपने वक्तव्य में उन्होंने यह भी कहा कि सामान्य परिस्थितियों में किसी की हत्या करना पाप है, लेकिन देश की रक्षा के लिए सीमा पर वही कार्य वीरता का प्रतीक बन जाता है और उसके लिए सम्मान दिया जाता है। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने सभी को चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## रामनवमी पर खत्री सभा ने बांटे 101 कुंतल फल, श्रद्धालुओं की सेवा

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर खत्री सभा अयोध्या-फैजाबाद द्वारा चौक घंटाघर पर श्रद्धालुओं के लिए 101 कुंतल फल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गियाना तीर्थ मंदिर, अमृतसर (पंजाब) के अध्यक्ष गुलशन कोहली ने प्रभु श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर सभा के संरक्षक आलोक मनचंदा, राजीव साहनी, हरीश धवन, हर्ष मनोचा व कार्यवाहक अध्यक्ष सचिन सरीन ने अतिथियों का पटका व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।प्रांतीय खत्री सभा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में आदर्शों के प्रतीक हैं और उनका जीवन समाज को सदाचार व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम में महिला खत्री सभा की अध्यक्ष बबीता साहनी, दीपा मनचंदा, प्रभा महिंद्रा सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आलोक मनचंदा ने की तथा संचालन महामंत्री कविंद्र साहनी ने किया।

## मां कामाख्या धाम महोत्सव : दो दिवसीय कृषि मेले का हुआ समापन

**रुदौली -अयोध्या (अवधनामा सवाददाता)।** मां कामाख्या धाम महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित दो दिवसीय कृषि मेले का भव्य समापन हुआ, जिसमें प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पहुंचकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उनके आगमन पर क्षेत्रीय विधायक एवं महोत्सव न्यास के संरक्षक रामचंद्र यादव तथा महोत्सव न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत कृषि मंत्री द्वारा मां कामाख्या के फोटो के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके पश्चात उन्होंने मंच से किसानों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सरकारी योजनाओं और अनुदानों का लाभ उठाकर वे अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार डॉ अंशुमान सिंह गुड्डू ने फिर से रखा राजनीति में कदम, सम्यक पार्टी के मनोनीत हुए प्रदेश सचिव

**रूदौली -अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन व एंटी करप्शन बोर्ड ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अंशुमान सिंह गुड्डू को सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूर्यबली सिंह ने पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई का सचिव मनोनीत किया है मनोनयन पत्र में कामना की गई है गुड्डू के द्वारा पार्टी की रीतियों नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर पार्टी का विकास किया जाएगा, इन्हीं कामनाओं के साथ मनोनयन पत्र में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूर्यबली सिंह ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है, तथा सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद विश्वकर्मा, उमाशंकर मिश्र, उमाशंकर तिवारी, श्याम सिंह यादव, गौरव श्रीवास्तव, अमर बहादुर निषाद, अमर बहादुर सिंह, एडवोकेट राज भूषण सिंह, एडवोकेट अनिल तिवारी आदि ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। डॉ अंशुमान सिंह ÷गुड्डू÷ एक निर्विवाद छवि के 46 वर्षीय युवा नेता हैं और उनका अखिल भारतीय पुलिस सहयोग संगठन देश के 18 राज्यों सक्रिय भूमिका में है तथा दूसरा संगठन एंटी करप्शन बोर्ड ऑफ इंडिया भी देश के 8 राज्यों में अपने पैर पसार चुका है एक संगठन का कार्य देश की आंतरिक सुरक्षा में लगे पुलिस जवानों के हित में है तो दूसरा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए काम कर रहा है, डॉ अंशुमान सिंह वरिष्ठ पत्रकारों की श्रेणी में आते हैं,सच लिखने से कभी नहीं हिचकते उनकी लेखनी हमेशा सच ही लिखती है , गरीबों के हितों में उनका कार्य हमेशा सराहनीय रहता है,वे भाजपा समर्थक दल के उत्तर प्रदेश प्रभारी भी रह चुके हैं इससे पहले वे राष्ट्रीय लोकदल में भी महत्वपूर्ण पदों पर रहे लेकिन नेताओं की दो मुही बातों व दिल की बीमारी के कारण उनकी राजनीति से दूरी बन गई थी, लेकिन एक बार फिर एक सोते सिंह ने हुंकार भरी है,लोग बताते हैं कि अयोध्या जनपद में दो ही ऐसे नेता हैं जिनकी छवि पर अंगुली नहीं उठी पहली संख्या में कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री आते हैं तो दूसरी संख्या में डॉ अंशुमान सिंह गुड्डू आते हैं।उनके नजदीकी बताते हैं कि आगामी विधानसभा चुनावों में वे 271 रुदौली विधानसभा से चुनाव भी लड सकते हैं।

## अयोध्या में रामनवमी पर रामलला का दिव्य सूर्य तिलक



**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** सनातन धर्म की पावन नगरी अयोध्या शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर भक्ति, उल्लास और भव्यता से सराबोर रही। रामलला के जन्म के साथ ही चारों ओर भए प्रगट कृपाला, दीन दयाला की गूंज सुनाई देने लगी। यह पवित्र ध्वनि मानो समस्त सृष्टि को भक्ति के रंग में सराबोर कर रही थी। राम नाम का यह संनाद केवल कानों को ही नहीं, बल्कि हर भक्त के हृदय को स्पंदित कर रहा था। इसी बीच भगवान भास्कर स्वयं धरा पर अवतरित हुए और अपने आराध्य रामलला का सूर्य तिलक करने का दैवीय संयोग रचा। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला को सूर्य की किरणों से दिव्य %सूर्य तिलक लगाया गया। दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की स्वर्णिम किरणें आईने और लेंस की जटिल व्यवस्था के माध्यम से गर्भगृह में प्रवेश कर रामलला के मस्तक पर चार मिनट तक विराजमान रहीं। यह दृश्य आस्था और आधुनिक विज्ञान के अद्भुत मिलन का प्रतीक बना। लाखों श्रद्धालु इस ऐतिहासिक पल को प्रत्यक्ष देखने या लाइव प्रसारण के माध्यम से निहारने के लिए रामनगरी पहुंचे। हर तरफ जय जय सियाराम, जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे।यह सूर्य तिलक रामलला के प्रति ईश्वरीय कृपा का प्रतीक बना। भक्तों का मानना है कि यह दृश्य आने वाली पीढ़ियों को भी प्रभु राम के प्रति अटूट विश्वास का संदेश देगा। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रभु श्रीराम के जन्म पर देश व प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दीं और सोशल मीडिया पर भावपूर्ण संदेश साझा किया। रामनवमी 2026 चैत्र शुक्ल नवमी को मनाया गया। राम जन्मभूमि मंदिर को फूलों, रोशनी और रंग-बिरंगे सजावट से सजाया गया था। सुबह से ही मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और आरती का सिलसिला चल रहा था। अभिषेक किया गया।

## गाँधी आश्रम मे टेक्सटाइल परिक्षण का चार दिवसीय शिविर आयोजित



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत गत जनवरी माह मे गांधी आश्रम मे आयोजित 10 दिवसीय टेक्सटाइल प्रशिक्षण का चार दिवसीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन पंचायत भवन बड़ागांव मे यूपीकान के तत्वाधान मे किया गया। चार दिवसीय मूल्याकन शिविर मे टेक्सटाइल के तीन सौ लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया जिन्हे विगत दिनों हुए प्रशिक्षण की लिखित व भौतिक मूल्याकन किया गया जो अत्यधिक सकारात्मक रहा है, कार्यक्रम मे पारंपरिक कारीगरों को आधुनिक तकनीक, कौशल उन्नयन और निःशुल्क टूलकिट के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की जानकारी दी गयी। मूल्याकन शिविर मे हैण्डलूम पर चलने वाली वार्पर बीम के दौरान गैटिंग, हथकरघा की गति, विवर्स बीम की जाँच, हथकरघा शेड निर्माण, ताने के धागो की लम्बाई, शटल की स्थित आदि के बारे मे मूल्याकन किया गया। मूल्याकन शिविर की प्रभारी इरम सबा की देखरेख मे राहुल कुमार, अबुबकर, राकेश कुमार, बिल्कीस द्वारा तीन सौ लाभार्थियों का मूल्याकन किया गया। प्रभारी इरम सबा ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना का मुख्य उद्देश्य हर जिले के विशिष्ट पारंपरिक शिल्प, कला और कृषि उत्पादों को पहचान देकर स्थानीय कारीगरों को रोजगार प्रदान करना, उत्पादकता व गुणवत्ता बढ़ाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य स्थानीय उत्पादों को ग्लोबल ब्रांड बनाकर निर्यात को बढ़ावा देना है।

# रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर नाका मनकामेश्वर मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान जी के प्रतिरूपों की आरती उतारकर कियाविधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि रामनवमी का पर्व हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों–मर्यादा, सत्य और कर्तव्य–का अनुसरण करने की प्रेरणा देता है। अयोध्या से निकलने वाली यह शोभायात्रा समाज में भक्ति, आस्था और आपसी सद्भाव का संदेश फैलाती है।हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व महानगर अध्यक्ष शम्भूनाथ जायसवाल के संयोजन में आयोजित इस शोभायात्रा में आगे चल रहे डीजे पर बज रहे भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।वाराणसी से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव की आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा। शोभायात्रा में महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया।इस दौरान भाजपा मीडिया प्रभारी अमित मिश्र, रीना द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, करणी सेना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सनी सिंह, कुलभूषण द्विवेदी, संजय सिंह, राजन सिंह, उमेश लखमानी, ललित सिंह, राजकुमार सोनकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रामनगर मे डीजल पेट्रोल की किल्लत से किसानों की बधाई बेचैनी

**रामनगर बाराबंकी। (अवधनामा सवाददाता)** तहसील क्षेत्र की कई पेट्रोल टंकियों पर डीजल पेट्रोल नहीं मिला। शुक्रवार को वे बंद थीं।जियो पेट्रोल पंप पर पुलिस की मौजूदगी में डीजल पेट्रोल दिया गया।जरूरत के हिसाब से किसानों को भी डीजल मिला। शुक्रवार की सुबह तहसील क्षेत्र के ब्लॉक रामनगर स्थित कई टंकियों पर डीजल पेट्रोल नहीं है का पर्चा चस्पा था और सन्नाटा फ़ैला रहा। हाइवे की टंकी जियो पर मोटरसाइकिल को दो सौ, कार को एक हजार का पेट्रोल तथा ऐसे ही एक हजार दो हजार का डीजल कोतवाल अनिल पांडेय पुलिस बल के साथ दिलाते दिखे। टंकी मालिक अभिषेक मिश्रा सहयोग में लगे रहे । उन्होंने कहा कि तेल फिर आ रहा है ।जरूरत अनुसार लें। स्टॉक न लगाए।

# स्व बेनी बाबू हर जाति धर्म संप्रदाय के लोगों के लिए काम करते रहेः हाफिज अयाज



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** किसानों मजलूमों जरूरतमंदों के हक अधिकार सुरक्षित रहे इसके लिए बाबू जी किसी भी संघर्ष के लिए तैयार रहते थे आम जनमानस की सुख सुविधाओं के लिए उन्होंने अनेको विकास कार्य किये जो आज भी इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी की छठवीं पुण्यतिथि पर जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला महासचिव हिमांशु यादव के संचालन मे आयोजित विचार गोष्ठी में स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा बाबूजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित नमन करने के पश्चात उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। जिला अध्यक्ष ने आगे कहा कि बाबूजी हर जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को एक समान अधिकार मिले इसके लिए निरंतर कार्य किया बाबूजी ने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए तमाम प्रयास किए प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार मे मंत्री रहते हुए बाबूजी ने बाराबंकी जनपद ही नहीं देश और प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का काम किया उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी जनता को सहूलियत दे रहे बाराबंकी मुख्यालय को जनपद के हर कोने से जोड़ने के लिए उन्होंने तमाम पुल, पुलिया, सड़के बनवाते हुए दूरसंचार मंत्री रहते हुए उन्होंने गांव गरीब के छप्पर में टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध करा दी थी यही कारण है कि आज भी जनपद का हर व्यक्ति बाबूजी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करता है हम सबको बाबू बेनी प्रसाद वर्मा जी से शिक्षा लेते हुए आम जनमानस की समस्याओं को समाप्त करने के लिए भरसक प्रयास करते रहना होगा अगर इसके लिए हमें संघर्ष भी करना पड़े तो उससे भी पीछे नहीं हटाना है तभी हम बाबूजी के उस सपने को साकार कर पाएंगे जिसकी बात हमेशा बाबूजी करते थे। विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से जिला महासचिव हिमांशु यादव जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, मौलाना असलम, ज्ञान सिंह यादव, सुरेश चंद्र गौतम, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, प्रदेश सचिव रजनी यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रदुमन यादव, कामता प्रसाद यादव, यशवंत सिंह यादव, महिला सभा जिला अध्यक्ष पूनम यादव, युवजन सभा जिला अध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, हशमत अली गुड्डू , जिला पंचायत सदस्य बासुदेव वर्मा राम सजीवन रावत, बसंत सिंह गौतम, मोहित पाल छोटू, संतोष रावत, मोहम्मद आफाक, नाजमा बानो, सुमन यादव, विजय कुमार गौतम, उदय राज यादव, कार्यालय प्रभारी राजकुमार वर्मा सही तमाम अन्य पदाधिकारियों ने स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

## हनुमान चालीसा के नियमित पाठ से दूर होते हैं कष्टः गोविंद देव गिरी जी



**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** जनपद में आयोजित प्रभु श्रीराम की नव दिवसीय कथा के दौरान गुरुवार को स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हनुमान चालीसा का प्रतिदिन पाठ करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं। उन्होंने अपनी मधुर वाणी में भगवान श्रीराम कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रोताओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कथा प्रसंग में उन्होंने बताया कि माता सीता की खोज में जब वानर दल समुद्र तट पर पहुंचा तो संपाती के मार्गदर्शन से लंका का पता चला। जामवंत के प्रेरणा देने पर हनुमान जी को अपनी शक्ति का स्मरण हुआ और वे प्रभु कार्य के लिए समुद्र पार करने को तत्पर हुए। इस प्रसंग से प्रेरणा लेते हुए महाराज जी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने भीतर की शक्ति को पहचानने के लिए भक्ति और साधना का सहारा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी के पास समान 24 घंटे होते हैं, जिसका उपयोग व्यक्ति अपने कर्मों से श्रेष्ठ या व्यर्थ बना सकता है। हनुमान जी के जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि बिना किसी पद के भी वे वानरों के प्रमुख थे, क्योंकि उनके भीतर समर्पण और सेवा भाव था।कथा के दौरान हनुमान जी के लंका गमन और मार्ग में आई बाधाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा का रसपान करते हुए भक्ति में लीन नजर आए।

## लिवप्योर ने खोला एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट, रिटेल नेटवर्क का विस्तार

**अयोध्या। (अवधनामा सवाददाता)** लिवप्योर ने अयोध्या में अपना नया 'एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट' लॉन्च किया है, जिसे उत्तर प्रदेश में कंपनी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।यह आउटलेट 'एक्सपीरियंस-फर्स्ट' अवधारणा के तहत विकसित किया गया है, जहां ग्राहक वॉटर प्यूरीफायर, किचन अप्लायंसेज और एयर सॉल्यूशंस जैसे उत्पादों को खुद देख-समझ सकेंगे और विशेषज्ञों से सीधा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे।कंपनी के प्रबंध निदेशक राकेश कौल ने कहा कि अयोध्या जैसे शहरों में ग्राहक खरीद से पहले उत्पाद का अनुभव लेना चाहते हैं। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस स्टोर की शुरुआत की गई है।नए आउटलेट में,ढ्ढश्वञ्ज आधारित आधुनिक उत्पाद, '2ङ्ग फिल्टर लाइफ' प्यूरीफायर, मेंटेनेंस-फ्री सिस्टम और स्मार्ट किचन उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। कंपनी का लक्ष्य अगले वित्त वर्ष तक देशभर में 100 एक्सक्लूसिव आउटलेट स्थापित करने का है।

## धूमधाम से रामनवमी का पर्व मनाया गया, जय श्रीराम के जयकारों से गुज उठा क़स्बा



*अवधनामा संवाददाता*

**रामनगर बाराबंकी।** रामनवमी का पर्व कस्बे में बड़ी धूमधाम से मनाई गई।जैसे ही घड़ी की सूई 12 बजे पर गई वैसे गोले दागने लगे। लोग भगवान श्री राम की जय जयकार करने लगे। यह त्यौहार प्रत्येक वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है।इसी दिन भगवान विष्णु के सातवें अवतार, श्री राम अयोध्या के प्रतापी राजा राजा दशरथ के घर प्रकट हुए थे।कस्बे के श्री राम जानकी पंचायती मंदिर में यह उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।जिसमें नगर वासियों ने मंदिर पहुंचकर श्री रामचरितमानस पाठ करने के पश्चात भजन और कीर्तन का आनंद लिया ठीक 12 बजे भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म के अवसर पर भक्तों ने झूम झूम कर जय श्री राम के उद्घोष किया।मंदिर में प्रसाद वितरण वितरण किया गया। इस मौके पर रविंद्र नाथ द्विवेदी पुजारी राजू मिश्रा अनूप पांडेय पंकज चतुर्वेदी नीरज सोनी शोभित वेद प्रकाश सोनू उमानाथ मिश्रा अवधेश शुक्ला गोपाल त्रिपाठी बंटी ओझा जाह्नवी ओझा जैकी गुप्ता चंद्रशेखर तिवारी भोलानाथ त्रिपाठी रविकांत पांडे गुलशन शुक्ला अरविंद श्रीवास्तव सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

## डीजल पेट्रोल के लिए नहीं हो परेशानः जिलाधिकारी

### जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंपों का निरीक्षण कर जाना हकीकत

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** जनपद में पेट्रोल-डीजल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर एवं जिला पूर्ति अधिकारी के साथ विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पकड़ी स्थित पेट्रोल पंप पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पेट्रोल व डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा तेल कंपनियों से नियमित आपूर्ति जारी है। पंप संचालक ने बताया कि सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के कारण लोग आवश्यकता से अधिक ईंधन खरीद रहे हैं, जिससे अनावश्यक भीड़ बढ़ रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्राहकों को वास्तविक स्थिति से अवगत कराकर पैनिक खरीदारी से रोका जाए। इसके बाद महुअवा ढाला स्थित मां बोकड़ा देवी फिलिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जहां भी बिक्री सामान्य रूप से संचालित पाई गई, हालांकि उपभोक्ताओं की संख्या अधिक रही। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि गैलन या डिब्बों में ईंधन की बिक्री न की जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। जिलाधिकारी ने आमजन से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आवश्यकता अनुसार ही ईंधन खरीदें, ताकि सभी को पर्याप्त आपूर्ति मिलती रहे और कानून-व्यवस्था सामान्य बनी रहे। साथ ही जिला पूर्ति अधिकारी को सभी पंपों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनपद के 134 पेट्रोल पंपों पर वर्तमान में 1036 किलोलीटर डीजल एवं 842 किलोलीटर पेट्रोल उपलब्ध है। 26 मार्च को 650 किलोलीटर डीजल और 376 किलोलीटर पेट्रोल की बिक्री दर्ज की गई।

## पुलिस मुठभेड़ मे गौ तस्कर घायल, किया गिरफ्तार, डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमा दर्ज था

*अवधनामा संवाददाता*



**मसौली बाराबंकी।** तमाम सख्ती के बावजूद गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस की तस्करी करने वाले गौहत्यारो पर पुलिस की लगातार कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है। बीती रात्रि मसौली एव सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने डेढ़ दर्जन से अधिक आपराधिक घटनाओ मे शामिल अभियुक्त को एक पुलिस मुठभेड़ मे लगड़ा कर दिया पुलिस की गिरफ्त मे आया अभियुक्त बकरीदी उर्फ गरीबा पुत्र हसन निवासी बंजारनपुरवा (जमालपुर) थाना मसौली का है। बताते चले विगत कुछ समय से तमाम सख्ती के बाद भी गौहत्त्या कर मांस की बिक्री करने वाले सक्रिय गौतस्कर पुलिस को खुलेआम चुनौती दे रहे थे थाना सफदरगंज एव मसौली पुलिस के लिए सिरदर्द बने गौतस्करो को पकड़ने के लिये सक्रिय हुई पुलिस ने एक सप्ताह के दो मुठभेड़ मे दो शातिर अभियुक्तों सहित आधा दर्जन लोगो को जेल भेज चुकी है बीती रात्रि में थाना मसौली व सफदरगंज की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु थाना मसौली क्षेत्रान्तर्गत बड़ागांव स्टेडियम मोड़ पर गश्त/चेकिंग कर रही थी कि नेवला करसण्डा से आईआईटी बड़ागांव मार्ग की तरफ से एक संदिग्ध व्यक्ति के मोटरसाइकिल से आने की सूचना प्राप्त हुई, जिसे पुलिस टीम द्वारा नाकाबंदी कर रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देख कर भागने लगा तथा गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ मे पुलिस द्वारा की गयी फायरिंग में संदिग्ध अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु तत्काल सीएचसी बड़ागांव भेजा गया।

# डीएम ने अपनी धर्मपत्नी के साथ गौवंश की पूजा की

**गौ सेवा का है विशेष महत्व, गौवंश के संरक्षण/संवर्धन में दें योगदान : डॉ तनुषा**



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के नगर पंचायत कपिलवस्तु अंतर्गत वार्ड नंबर 13 कृष्णा नगर (टोला मदारीपुर) स्थित अस्थाई गौशाला में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ तनुषा द्वारा पूजा-अर्चना किया गया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने गौशाला पहुंचकर वहां संरक्षित गौवंश की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा उन्हें गुड़ एवं केला खिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य गौ संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा गौशालाओं की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करना था।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में साफ-सफाई, पशुओं के चारे-पानी, शेड की व्यवस्था एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि गौवंश की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। नियमित रूप से पशुओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए तथा साफ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, समय-समय पर कीटाणुनाशक छिड़काव कराने एवं पशु चिकित्सकों द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी की धर्मपत्नी डॉ तनुषा ने भी गौशाला में उपस्थित गायों को स्नेहपूर्वक गुड़ एवं केला खिलाया और उनके संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ सेवा का विशेष महत्व है और यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दें। इस दौरान स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और गौ सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला में पर्याप्त संख्या में हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा बरसात और गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही कर ली जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और गौशाला की व्यवस्थाओं में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं नगर पंचायत के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## बांसी में श्रद्धा और उल्लास के साथ निकली साईं नाथ की 16वीं पालकी यात्रा

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी नगरपालिका क्षेत्र के सियरापार स्थित सुप्रसिद्ध साईं नाथ मंदिर से चैत्र राम नवमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य पालकी यात्रा अत्यंत हर्षोल्लास के साथ निकाली गई।

शुक्रवार को गाजे-बाजे और विशेष तैयारियों के साथ शुरू हुई यह यात्रा इस वर्ष अपने गौरवशाली 16वें वर्ष में प्रवेश कर गई है।यह भव्य पालकी यात्रा सियरापार स्थित साईं नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न प्रमुख स्थलों– पंच शिखा मंदिर, कोतवाली मोड़, बस स्टेशन और पेट्रोल पंप तिराहा से होते हुए पुनः सियरापार मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा के समापन के उपरांत मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।मंदिर के संचालक व महंत संजय तिवारी ने बताया कि साईं नाथ की असीम अनुकंपा से मंदिर की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं।

# सांसद जगदम्बिका पाल ने सिवि में केन्द्रित बौद्ध अध्ययन केंद्र की स्थापना की किया मांग

**विशेष वित्तीय सहायता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग किया जाए सुनिश्चित**



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने शुक्रवार को लोकसभा के शून्यकाल के दौरान एक अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक विषय उठाते हुए सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, सिद्धार्थनगर में 'केन्द्रित बौद्ध अध्ययन केंद्र' की स्थापना हेतु संस्कृति मंत्रालय से विशेष वित्तीय सहायता और अंतरराष्ट्रीय सहयोग सुनिश्चित करने की मांग की।

उन्होंने सदन का ध्यान सिद्धार्थनगर की प्राचीन बौद्ध धरोहर की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहाँ भगवान बुद्ध ने अपने जीवन के प्रारंभिक 29 वर्ष प्राचीन कपिलवस्तु में व्यतीत किए। पिपरहवा में प्राप्त पुरातात्विक अवशेष इस क्षेत्र को वैश्विक बौद्ध अध्ययन और सांस्कृतिक संवाद का एक स्वाभाविक केंद्र बनाते हैं।

सांसद जगदम्बिका पाल ने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र सरकार ने बौद्ध अध्ययन और सांस्कृतिक कूटनीति को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। लेह स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ बौद्ध स्टडीज तथा नालंदा स्थित नवा नालंदा महाविहार जैसे संस्थानों को दिए गए समर्थन ने देश में बौद्ध शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा दी है। उन्होंने आग्रह किया कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में एक समुचित रूप से वित्तपोषित 'केन्द्रित बौद्ध अध्ययन केंद्र' की स्थापना की जाए, जिसे इन प्रतिष्ठित संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया जा सके। यह केंद्र बौद्ध इतिहास, दर्शन, भाषाओं, पुरातत्व और आधुनिक बौद्ध कूटनीति के क्षेत्र में उच्च स्तरीय शिक्षा एवं शोध का प्रमुख संस्थान बन सकता है। सांसद ने सुझाव दिया कि इस केंद्र को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप देने के लिए श्रीलंका, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, जापान और मंगोलिया जैसे देशों के विश्वविद्यालयों एवं बौद्ध अध्ययन संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग एवं समझौता ज्ञापन (एमओयू) स्थापित किए जाएं।

# वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले धन खर्च की होड़ में हो रहा घटिया निर्माण

दानिश मेहदी



**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद टाण्डा घटिया निर्माण कार्यो में भी अव्वल नजर आ रही है नगर पालिका टाण्डा द्वारा करवाये जा रहे निर्माण कार्य इतने घटिया व निम्न स्तर के हो रहे है जिससे केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है ।

मामला नगर पालिका परिषद टाण्डा के वार्ड 17/18 का है जहाँ पर आदर्श चौराहे से अंजुमन मस्जिद होते हुए अकबरपुर मेन रोड तक हाटमिक्स प्लांट द्वारा नवीनीकरण का कार्य 33 लाख 57 हजार 655 रुपये से कराया गया है जो कि इतना घटिया व निम्न स्तर का है कि इसे देखकर ही इसकी गुणवत्ता का अंदाजा लगाया जा सकता है वही दूसरा मामला वार्ड संख्या 8 में मकबूल अहमद के कारखाने से चन्द्र लोक पैलेस तक हाटमिक्स द्वारा नवीनीकरण रुपये 12 लाख 57 हजार 986 रुपये से कराया गया है यह भी गुणवत्ता के मामले में सरकारी नियम कानून को ठेंगा दिखा रहा है । जब उक्त स्थानों पर पहुचकर स्थानीय लोगो से उक्त मार्ग की गुणवत्ता की जानकारी की गई तो नाम न छापने की शर्त पर लोगो ने बताया कि सड़क निर्माण में कोई भी काम मानक के अनुरूप नही किया गया है न ही गिट्टी डाली गई है और न ही हाट मिक्स प्लांट का कार्य प्रतीत होता है इसके केवल सरकारी धन का बंदर बाँट किया गया है वही नगर की चाय पान की दुकानों पर चर्चा है कि नगर पालिका के अधिकारी व पालिका अध्यक्ष वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले आनन फानन में केवल निर्माण के नाम पर खानापूर्ति कर भुगतान करना चाहते है इसीलिए ऐसा घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा क्योंकि इनको कार्य से नही बल्कि केवल वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले भुगतान से मतलब है वही इस मामले में जब प्रभारी अधिशासी अधिकारी उपजिलाधिकारी से बात की गई तो उनका वही रटा रटाया जवाब था कि निर्माण कार्यो की जाँच कराकर कार्यवाही की जायेगी ।जबकि नगर वासियो को उम्मीद थी कि पालिका की कमान उच्च अधिकारी के हाथ मे आने से नगर वासियो को अच्छा कार्य मिलेगा लेकिन अब उनकी कार्य शैली से नगर वासी निराश हो गए है।

## ज़मीनी विवाद में हुई मारपीट मुकदमा दर्ज

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** मालीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बैरागल में विवादित जमीन पर जबरन निर्माण कराने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बैरागल निवासी प्रार्थी हरि ने मालीपुर थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके घर के सामने स्थित सुरक्षित आबादी की जमीन का मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि गांव के ही राम आधार, रामसूरत और ऋतिक और किशन जबरन उक्त जमीन पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। प्रार्थी के अनुसार, आरोपियों ने 6 मार्च, 9 मार्च और 24 मार्च 2026 को निर्माण कार्य कराया। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# बिना कनेक्शन और मुख्य मार्गो से पाईप लाईन जोड़े बन गई सड़क

**वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले धन लूटने की होड़ में ! सड़क बनानी थी जलनिगम को बना दिया नगर पालिका ने**



अवधनामा संवाददाता

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद टाण्डा में वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले धन खर्च करने की होड़ में जहाँ सभी नियम कानून ताक पर रखे गए है वही पर अनान फानन में ऐसी सड़को का भी निर्माण कर दिया गया जिसपर अभीतक अमृत 2 योजना का काम भी पूरा नही हो सका है न ही गलियों के पाइप लाइन को मुख्य मार्ग से जोड़ा गया और न ही सभी का पानी का कनेक्शन ही हो सका है बस सरकारी धन का बन्दर बाँट करने व पालिकाध्यक्ष द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुँचाने के लिए अनान फानन में कार्यो को कराकर धन हड़पने की होड़ मची हुई है।

मामला नगर पालिका परिषद टाण्डा का है जहाँ पर नियम कानून को तांक पर रखकर कार्य किया जा रहा है ताजा मामला वार्ड नम्बर 17/18 में टाण्डा अकबरपुर मेन रोड से अंजुमन मस्जिद होते हुए आदर्श चौराहे तक 33 लाख रुपये की लागत से हॉट मिक्स प्लांट द्वारा सड़क निर्माण का कार्य कराया गया जबकि उक्त कार्य पर जल निगम द्वारा अमृत 2 योजना के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाया जा रहा है साथ ही उक्त मार्ग को जल निगम द्वारा ही बनवाया जाना भी था क्योंकि जल निगम जिस मार्ग को खोदेगा उसे वही बनवायेगा जिसका धन भी नगर पालिका टाण्डा द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये की एक क़िस्त अवमुक्त कर दी गई है इसके साथ ही उक्त मार्ग से मिलने वाली गलियों के भी जल निगम द्वारा पानी का पाईप डाला गया है लेकिन अभी तक मुख्य मार्ग अकबरपुर रोड से अंजुमन मस्जिद तक से लेकर आदर्श जनता चौराहे तक किसी भी गली का कनेक्शन नही किया गया है जिससे यह रोड एक बार फिर जगह जगह जल निगम द्वारा खोदा जायेगा ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब उक्त मार्ग का अभी कार्य ही नही पूरा हुआ है साथ ही उसका निर्माण भी जल निगम द्वारा कराया जाना था फिर आखिर अनान फानन में 33 लाख रुपये जनता पैसा क्यो बन्दर बाँट किया जा रहा है यह एक गम्भीर विषय है इनके अलावा स्थानीय नागरिको ने बताया कि जो रोड का निर्माण कार्य किया गया है वह भी बहुत ही घटिया किस्म का निम्न गुणवत्ता वाला बनाया गया है जो कि 33 महीने चल जाये बड़ी बात है लोगो का कहना है कि पालिकाध्यक्ष ठेकेदार व जेई की मिली भगत से यह कार्य रातोरात कराकर सरकारी धन का बन्दर बाँट किया जा रहा है।जबकि उक्त मामले में जब प्रभारी अधिशाषी अधिकारी उप जिलाधिकारी नीरज गौतम ने कहा कि मामले की जांचकर कार्यवाही की जायेगी।

# जलभराव से नारकीय बनी जमला जोत की मुख्य सड़क, ग्रामीणों में भारी आक्रोश



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड बांसी अंतर्गत ग्राम पंचायत जमला जोत में मुख्य सड़क पर भयंकर जलभराव के कारण राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। आलम यह है कि सड़क पर महीनों से गंदा पानी जमा है, जिससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है बल्कि संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडराने लगा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग (क्ढ्ढष्) के अधिकार क्षेत्र में आती है, लेकिन विभाग पूरी तरह से कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। कई बार शिकायत के बावजूद जल निकासी का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया। सड़क पर जमा गंदा पानी अब लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़ा कर रहा है। गंदे पानी के बीच से होकर गुजरने को मजबूर राहगीर आए दिन हादसों का शिकार हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत और जल निकासी सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विष्णु सहाय के साथ पलटन राम वर्मा, कन्हैया, बबलू, आकाश, अभिषेक, शकीरा, वकील, फकीर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध भण्डारण करने के 3 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना परसपुर पुलिस टीम द्वारा एलपीजी सिलेण्डरों के अवैध परिवहन व भण्डारण करने के 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से 1 कार व 14 अदद गैस सिलेण्डर बरामद किए गए । जनपद गोण्डा में अवैध एलपीजी गैस सिलेंडरों के भण्डारण एवं कालाबाजारी के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत 26.3.2026 को थाना परसपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान 01 कार 03 अभियुक्तों के कब्जे से कुल 14 घरेलू गैस सिलेण्डर बरामद किए गए । जांच में पाया गया कि अभियुक्त द्वारा गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से भंडारण कर कालाबाजारी की जा रही थी, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम व संबंधित नियमों का उल्लंघन है। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक विकास खण्ड परसपुर की जाँच के पश्चात जिलाधिकारी महोदया जनपद गोण्डा के अनुमोदित प्रा0 पत्र पर थाना परसपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

# शाखा संगम कार्यक्रम को लेकर स्वयंसेवकों में उत्साह, जिम्मेदारियां तय

**जिला प्रचारक ने खंड स्तर पर बैठकों में सौंपी जिम्मेदारियां**



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जनपद सिद्धार्थनगर की ओर से 29 मार्च को जनपद मुख्यालय स्थित बीएसए ग्राउंड में भव्य शाखा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में एक ही स्थान पर, एक ही समय में 100 शाखाएं लगाने की तैयारी की गई है, जिसे ऐतिहासिक प्रयोग माना जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वयंसेवक युद्धस्तर पर जुटे हुए हैं। जिला प्रचारक विशाल ने खंड स्तर पर विभिन्न स्थानों पर बैठकें कर सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। कार्यक्रम को लेकर स्वयंसेवकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

जिला प्रचारक विशाल ने बताया कि संघ के कार्यों में शाखा का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है, क्योंकि यहीं से स्वयंसेवकों का निर्माण होता है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर संगठन नए-नए कार्यक्रमों के साथ शाखाओं के विस्तार पर विशेष जोर दे रहा है। इसी उद्देश्य से शाखा संगम की योजना बनाई गई है, जिसमें 100 शाखाएं एक साथ संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में हर शाखा का अलग-अलग मुख्य शिक्षक होगा। सीटी की एक ध्वनि पर सभी शाखाओं में एक साथ ध्वज लगाया जाएगा और सामूहिक रूप से शाखा का विकिर किया जाएगा। यह अनुशासन और संगठन शक्ति का अनूठा प्रदर्शन होगा, जो समाज पर गहरी छाप छोड़ेगा।

खंड स्तर पर तैयारियां तेज हैं। लोटन खंड में आयोजित समन्वय बैठक में सातों मंडलों से एक-एक शाखा की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसके लिए मनोज, अभिषेक और दिनेश को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जोगिया खंड में भी जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं। शोहरतगढ़ खंड में खंड कार्यवाह पंकज श्रीवास्तव, नगर कार्यवाह अखिलेश, हर्षित शर्मा, आयुष निगम, सूरज निगम तथा चिल्हिया मंडल में धनंजय सिंह और शनि मद्धेशिया सहित अन्य स्वयंसेवकों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। खंड कार्यवाह पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि अधिक से अधिक स्वयंसेवकों को शाखा संगम में शामिल करने की योजना तैयार कर ली गई है।

## सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बर्डपुर-पिपरहवा मार्ग फोरलेन को मिली 261.49 करोड़ की स्वीकृति



**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु में विकास को नई गति प्रदान करते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा नार्थ-साउथ कॉरिडोर के अंतर्गत बर्डपुर-पिपरहवा मार्ग (लंबाई 9.400 किमी) को फोरलेन में विकसित किए जाने हेतु ?261 करोड़ 49 लाख 63 हजार की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सदर विधायक श्यामधनी राही ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महत्वपूर्ण परियोजना से क्षेत्र में बेहतर एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही व्यापार, आवागमन एवं स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी नई दिशा मिलेगी। परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं तेज परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे समग्र विकास को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम है और इससे कपिलवस्तु विधानसभा क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। सदर विधायक श्यामधनी राही ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति क्षेत्र की जनता की ओर से हृदयपूर्वक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नव-निर्मित श्री स्वामी नारायण पुलिस चौकी का किया उद्घाटन



**गोण्डा।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा थाना छपिया क्षेत्रांतर्गत श्री नर नारायण मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान नव-निर्मित स्वामी नारायण पुलिस चौकी का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि नई पुलिस चौकी के निर्माण से क्षेत्र में पुलिस की पहुँच और अधिक सशक्त होगी तथा आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध हो सकेगी । उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है । पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस नई चौकी के संचालन से अपराध नियंत्रण, गश्त व्यवस्था तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि वे आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार रखते हुए उनकी समस्याओं का शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण करें। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना छपिया परिसर में नवनिर्मित आधुनिक पुलिस मेस का भी उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने मेस का निरीक्षण कर वहाँ उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन और अधिक दक्षता एवं मनोयोग से कर सकें। कार्यक्रम के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, वामा सारथी अध्यक्षा, क्षेत्राधिकारी मनकापुर, थाना प्रभारी छपिया सहित अन्य अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला में एससीपीएम हॉस्पिटल, गोंडा के चेयरमैन डॉ. ओएन पांडेय सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**गोंडा।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत मंडल स्तरीय सम्मेलन/कार्यशाला का आयोजन दिनांक 25 मार्च 2026 को लखनऊ स्थित होटल क्लार्क्स अवध में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए चिकित्सा संस्थानों, अस्पतालों एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संचालन, डिजिटल हेल्थ आईडी, मरीजों के डिजिटल रिकॉर्ड एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर एससीपीएम हॉस्पिटल, नियर दुखहरनाथ मंदिर, स्टेशन रोड, गोंडा के चेयरमैन डॉ. ओ. एन. पांडेय जी को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत मंडल स्तरीय सम्मेलन/कार्यशाला में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उनकी गरिमामयी उपस्थिति रही और स्वास्थ्य सेवाओं में संस्थान की सहभागिता को सराहा गया। डॉ.ओ.एन.पांडेय जी के सम्मानित होने पर संस्थान परिवार में हर्ष एवं उत्साह का माहौल रहा। संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती अलका पांडेय जी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान सदैव जनसेवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में कार्य करता रहा है और आगे भी इसी प्रकार योजनाओं के माध्यम से आमजन को लाभ पहुंचाने का कार्य करता रहेगा। प्रबंध निदेशक डॉ.आयुष पांडेय जी ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक एवं डिजिटल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और संस्थान इस योजना के अंतर्गत अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

निदेशक श्री अजिताभ दुबे जी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना एवं सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान पूरे संस्थान परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

प्रशासक धीरज कुमार दुबे ने कहा कि संस्थान परिवार के सभी कर्मचारियों के सहयोग से ही संस्थान निरंतर प्रगति कर रहा है और आगे भी स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। देवीपाटन मंडल के गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सकों एवं सामाजिक लोगों ने भी डॉ. ओ. एन. पांडेय जी को सम्मानित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा इसे गोंडा के लिए गर्व की बात बताया। संस्थान परिवार ने डॉ. पांडेय जी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में संस्थान आगे भी इसी प्रकार समाज सेवा एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहेगा।

# जलालपुर में प्रभु श्री रामचन्द्र जन्मोत्सव को भक्तिमय वातावरण में मनाया



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अम्बेडकर नगर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा रामलीला मैदान जलालपुर में प्रभु श्रीरामचन्द्र जी का जन्मोत्सव अत्यंत भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रामलीला सेवा समिति अध्यक्ष संजीव मिश्र ने की। पूरा मैदान आस्था और भक्ति के रंग में रंगा रहा। विशेष पूजा-अर्चना, मधुर भजन-कीर्तन एवं विशाल प्रसादी वितरण ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। मुख्य यजमान की भूमिका राधेश्याम शुक्ल और विकास निषाद ने सपत्नीक निभाई, पंडित रामदौर मिश्र ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। श्रद्धालु 'भए प्रगट कृपाला दीनदयाला' का गुणगान करते हुए भक्तिमय रस में डूबे रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसडीएम राहुल गुप्ता, कोतवाल अजय प्रताप यादव, राम प्रकाश यादव, अतेंद्र त्रिपाठी, संदीप अग्रहरि, आशुतोष श्रीवास्तव,चन्द्रिका प्रसाद, विमलेश दूबे, राम किशोर राजभर, कृष्ण गोपाल गुप्ता, राम चन्द्र जायसवाल, विनोद मेहरोत्रा, आशाराम मौर्य, दिलीप यादव, शिवम आर्या, मंजुल तिवारी, महेंद्र चौहान ,दुर्गेश अग्रहरि, संदीप कुमार मिश्र, अखिल सेठ,सोनू गौड, मनोज कुमार मेहरोत्रा, शिवराम मिश्र, सुनील गुप्ता, योगेन्द्र सेठ, विक्की गौतम, राजेश गुप्ता, बबलू त्रिपाठी, अजीत आदि ने प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## सर्वदलीय बैठक के मायने

ऐसी सर्वदलीय बैठक के मायने और उसकी सार्थकता ही क्या है, जिसमें न तो प्रधानमंत्री मोदी और न ही नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी उपस्थित हों? ईरान युद्ध के बाद संकट वैश्विक है, कई देशों ने आपातकाल तक घोषित कर दिया है, पाबंदियां भी थोपी जा रही हैं और भारत भी प्रभावित है, लिहाजा ऐसी स्थिति में सरकार की ओर से जवाब कौन देगा? सत्ता और विपक्ष को सर्वदलीय बैठक में शिद्दत से तमाम मुद्दों पर विमर्श करना चाहिए था, लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने बैठक का बहिष्कार किया, क्योंकि उसकी राजनीतिक लड़ाई भाजपा से है। यह बैठक भाजपा की नहीं थी, भारत सरकार ने बुलाई थी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी गैर-हाजिर रहे, जबकि वह दिल्ली में ही थे। संभव है कि माता जी सोनिया गांधी के अस्वस्थ होने के कारण वह न आए हों, लेकिन उन्हें बताना चाहिए था। नेता प्रतिपक्ष लोकतंत्र में 'छाया प्रधानमंत्री' माना जाता है। बहरहाल 2019 से एक देश, एक चुनाव, कोरोना वैश्विक महामारी, गलवान संघर्ष, मणिपुर तनाव एवं हिंसा, 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे विषयों पर सर्वदलीय बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी एक भी बैठक में शामिल नहीं हुए। आखिर क्योंज? क्या प्रधानमंत्री मौजूदा व्यवस्था और संसदीय प्रणाली से भी 'ऊपर' और अति महत्वपूर्ण हैं? बेशक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बेहद अनुभवी राजनेता और मंत्री हैं। मौजूदा कैबिनेट में प्रधानमंत्री के बाद उन्हीं का स्थान है। रक्षा मंत्री समेत गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बैठक में मौजूद थे। वे अपने-अपने मंत्रालयों से जुड़े सवालों के स्पष्टीकरण देने में सक्षम हैं। सवाल तो यह है कि क्या प्रधानमंत्री मोदी के पास सर्वदलीय बैठक के लिए भी 'समय' नहीं था अथवा यह 'सर्वश्रेष्ठ होने का अहंकार' था? नरेंद्र मोदी, अन्य 542 सांसदों की तरह, एक निर्वाचित सांसद हैं। एक संसदीय समूह ने उन्हें अपना नेता चुना था, जिसके आधार पर वह देश के प्रधानमंत्री बने। जनता प्रत्यक्ष तौर पर प्रधानमंत्री नहीं चुनती, लिहाजा उन्हें लोकतांत्रिक व्यवहार करना चाहिए।

वह किसी साम्राज्य के प्रमुख नहीं हैं। ऐसी बैठकों में विपक्ष को कई सवाल, कई जिज्ञासाएं व्यक्त करने का मौका मिलता है। यकीनन प्रधानमंत्री के पास व्यापक और अतिरिक्त जानकारियां भी होती हैं, क्योंकि खुफिया समेत तमाम एजेंसियां और कूटनीतिक स्रोत भी उन्हें 'अपडेट' देते रहते हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री का जवाब, किसी अन्य मंत्री की तुलना में, ठोस और तार्किक होता है। देश भी ऐसे जवाबों से रूबरू होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के दोनों सदनों में, अलग-अलग दिन, ईरान युद्ध से उपजे हालात और भारत की स्थितियों पर वक्तव्य दिए और वह संसद से चले गए। हम नहीं जानते कि संसद में ऐसे नियम हैं अथवा नहीं हैं, संवैधानिक व्यवस्था क्या है, लेकिन हमने चंद्रशेखर और अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे प्रधानमंत्रियों को हर समय संसद के प्रति जवाबदेह देखा है। उन्होंने बेहद नाजुक और विवादित मुद्दों पर भी खुलकर जवाब दिए थे। प्रधानमंत्री के तौर पर डॉ. मनमोहन सिंह अधिकांश सर्वदलीय बैठकों में शामिल होते थे। हालांकि उन्हें 'दुर्घटनावश प्रधानमंत्री' करार दिया जाता था। मध्य-पूर्व, पश्चिम एशिया संकट पर ही प्रधानमंत्री मोदी संसद में ही उपस्थित क्यों नहीं रहे, ताकि विपक्ष उनसे सवाल कर सकता? प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और शेष विपक्ष के दरमियान बहुत गहरी खाई है, फासले हैं, उन्हें क्या नामकरण दिया जाए, हम नहीं जानते, लेकिन ये लोकतंत्र और देश के हित में नहीं हैं। बहरहाल बैठक में ब्रीफ किया गया कि देश में तेल-गैस पर्याप्त हैं, होर्मुज समुद्री मार्ग से ही कुछ और जहाज आ रहे हैं, लेकिन इसका जवाब नहीं दिया कि सडक़ों और पेट्रोल पंपों पर जो लंबी कतारें लगी हैं, उन्हें कब तक 'अफवाह' माना जाए? कच्चे तेल का इंडियन बास्केट 30 फीसदी महंगा हो गया है। रूस को हमने 60 मिलियन टन तेल का ऑर्डर बढ़े दामों पर दिया है।

## 'एक घंटा अंधेरा: भविष्य की सुनहरी रोशनी का वैश्विक संकल्प'



दिलीप पाठक

प्रकृति और मनुष्य का रिश्ता आदिकाल से एक अटूट डोर से बंधा रहा है, लेकिन विकास की अंधी दौड़ में हमने उस डोर को इतना खींच दिया है कि अब उसके टूटने की आहट साफ सुनाई देने लगी है। इसी आहट को पहचानने और दुनिया को एक धागे में पिरोने का नाम है– अर्थ ऑवर। हर साल मार्च के आखिरी शनिवार को दुनिया भर के करोड़ों लोग अपनी मर्जी से अपने घरों और दफ्तरों की लाइटें एक घंटे के लिए बंद कर देते हैं। यह केवल बिजली बचाने का कोई तकनीकी काम नहीं है, बल्कि यह धरती के प्रति हमारी कृतज्ञता और चिंता का एक सामूहिक प्रदर्शन है। 28 मार्च की वह शाम जब घड़ी की सुइयां एक खास वक्त पर आकर ठहरेंगी और शहर की चकाचौंध को एक सुकून भरी खामोशी निगल लेगी, तब वह अंधेरा हमें डराएगा नहीं, बल्कि हमें आईना दिखाएगा।

सोचिए, जिस सूरज की रोशनी और जिस हवा के झोंकों ने हमें जीवन दिया, आज वही हवा जहरीली हो रही है और वही मौसम बेईमान हो चुके हैं। हम एक ऐसी सभ्यता बन गए हैं जिसने उजाले की इतनी हसरत पाल ली कि हम सितारों भरी काली रातों का सौंदर्य ही भूल गए। अर्थ ऑवर हमें उसी प्राकृतिक सौंदर्य की याद दिलाता है। यह साठ मिनट का समय हमें सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक तपती हुई धरती छोड़कर जा रहे हैं या एक सुरक्षित आशियाना? जब पेरिस के एफिल टॉवर से लेकर मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया तक की लाइटें गुल होती हैं, तो संदेश साफ़ होता है कि हम चाहे कितने भी आधुनिक क्यों न हो जाएं, कुदरत के नियमों से ऊपर नहीं हैं। नदी जैसे बहते इस जीवन में हम अक्सर भूल जाते हैं कि हर छोटी बूंद समंदर बनाती है। कई लोग सवाल करते हैं कि महज एक घंटा लाइट बंद करने से क्या होगा? क्या इससे ग्लोबल वार्मिंग रुक जाएगी? जवाब है–शायद तुरंत नहीं, लेकिन यह एक घंटा हमारे भीतर की सोई हुई चेतना को जगाने के लिए काफी है। यह एक ऐसी प्रतीकात्मक शुरुआत है जो हमें बताती है कि अगर हम एक घंटे के लिए पूरी दुनिया के साथ एकजुट हो सकते हैं, तो हम साल के बाकी दिनों में भी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बन सकते हैं। यह अंधेरा दरअसल हमारी आत्मा का वह उजाला है जो हमें प्लास्टिक कम इस्तेमाल करने, पानी बचाने और हरियाली बढ़ाने की प्रेरणा देता है। आज जलवायु परिवर्तन कोई किताबी शब्द नहीं रह गया है, बल्कि यह हमारे दरवाजों पर दस्तक दे रहा है। कहीं बेमौसम बरसात हो रही है, तो कहीं रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ रही है। पहाड़ों का पिघलना और समंदर का बढ़ता स्तर हमें लगातार चेतावनी दे रहा है। अर्थ ऑवर इसी चेतावनी को एक सकारात्मक आंदोलन में बदलने का जरिया है। यह वह समय है जब हम अपनी मशीनी दुनिया से कटकर अपनों के साथ बैठ सकते हैं और उस खामोशी को महसूस कर सकते हैं जिसे हम दिनभर के शोर-शराबे में अनसुना कर देते हैं।

अखबारों की सुर्खियों में जब प्रदूषण की खबरें आती हैं, तो हम अक्सर सरकार और सिस्टम को दोष देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। लेकिन अर्थ ऑवर हमें व्यक्तिगत जिम्मेदारी का एहसास कराता है। यह बताता है कि दुनिया बदलने की शुरुआत हमारे अपने घर के स्विच बोर्ड से होती है। हमें यह गहराई से समझना होगा कि यह धरती हमें पूर्वजों से मिली कोई जागीर नहीं है, बल्कि हमने इसे अपने बच्चों से उधार लिया है। और उधार ली गई चीज को हमेशा बेहतर स्थिति में ही वापस लौटाना चाहिए। यह एक घंटा हमें यह भी सिखाता है कि उजाले का असली मोल अंधेरे की कोख में ही छिपा होता है। हमारी बेतहाशा बढ़ती जरूरतों ने धरती के संसाधनों को बुरी तरह निचोड़ दिया है, जिससे संतुलन बिगड़ रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन कर रही है, जिसमें भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम भी साझीदार हैं। जिस समय देश के कुछ हिस्सों से रसोई गैस और ईंधन के लिए लंबी कतारों की खबरें आ रही थीं, उसी समय सी बर्ड नाम के एक विशाल मालवाहक जहाज का भारत की ओर मुड़ना किसी फ़िल्मी पटकथा से कम नहीं लगता। बताया जाता है कि यह जहाज शुरुआत में चीन की ओर जा रहा था, लेकिन ऐन वक्त पर रणनीतिक वार्ताओं और जरूरतों के चलते इसने अपनी दिशा बदली और भारत के मैंगलोर पोर्ट की ओर रुख किया।**

# मिशन एलपीजी : होर्मुज संकट में भारत का 'प्लान बी'



महेन्द्र तिवारी

दुनिया के एक छोर पर जब बारूद की गंध फैलती है, तो उसकी तपिश हज़ारों किलोमीटर दूर भारतीय रसोई तक पहुँचने में देर नहीं लगती। वर्तमान में इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच गहराता युद्ध केवल नक्शों पर खिंची लकीरों या मिसाइलों के विनिमय तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसने वैश्विक ऊर्जा राजनीति के उस ताने-बाने को झकझोर दिया है जिस पर भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था टिकी है। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच भारत सरकार ने एक ऐसा साहसिक और रणनीतिक फैसला लिया है जिसने अंतरराष्ट्रीय गलियारों में हलचल मचा दी है। करीब आठ साल के लंबे अंतराल के बाद, भारत ने एक बार फिर ईरान से लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस यानी एलपीजी की खरीदारी शुरू कर दी है। यह फैसला महज एक व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि यह बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की 'रणनीतिक स्वायत्तता' और अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर दिखाई गई दृढ़ता का प्रतीक है। जून 2018 के बाद यह पहली बार है जब भारतीय तेल कंपनियों ने ईरानी बंदरगाहों की ओर रुख किया है। याद रहे कि यह वही दौर था जब अमेरिका के कड़े प्रतिबंधों के चलते भारत ने ईरान से तेल और गैस लेना लगभग बंद कर दिया था, लेकिन आज जब पश्चिम एशिया की आग होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुँचने वाली है, तो भारत ने अपनी जरूरतों को सर्वोपरि रखते हुए कूटनीति की बिसात पर नई चाल चली है।

इस बड़े सौदे की अगुवाई देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन कर रही है, जिसमें भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम भी साझीदार हैं। जिस समय देश के कुछ हिस्सों से रसोई गैस और ईंधन के लिए लंबी कतारों की खबरें आ रही थीं, उसी समय सी बर्ड नाम के एक विशाल मालवाहक जहाज का भारत की ओर मुड़ना किसी फ़िल्मी पटकथा से कम नहीं लगता। बताया जाता है कि यह जहाज शुरुआत में चीन की ओर जा रहा था, लेकिन ऐन वक्त पर रणनीतिक वार्ताओं और जरूरतों के चलते इसने अपनी दिशा बदली और भारत के मैंगलोर पोर्ट की ओर रुख किया। इसमें मौजूद 43 हजार टन ब्यूटेन और प्रोपेन भले ही भारत की दैनिक खपत का एक छोटा सा हिस्सा हों, लेकिन संकट के इस दौर में यह खेप एक मनोवैज्ञानिक जीत और भविष्य के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह है। होर्मुज स्ट्रेट, जो ओमान और ईरान के बीच स्थित एक संकरा समुद्री रास्ता है, भारत के लिए किसी जीवन रेखा से कम नहीं है। भारत अपनी जरूरत की दो-तिहाई एलपीजी आयात करता है और उस आयात का 90 प्रतिशत हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। अगर युद्ध की आग इस रास्ते को बंद कर देती है, तो भारत की ऊर्जा व्यवस्था चरमरा सकती है। ऐसे



में ईरान से सीधे गैस की खरीद करना उस जोखिम को कम करने की एक सोची-समझी कोशिश है।

हालाँकि, एक तरफ जहाँ आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान की आशंका ने आम आदमी को सशंकित कर दिया है, वहीं दूसरी ओर सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए बहुत ही स्पष्ट और आश्वस्त करने वाला दावा पेश किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, देश के पास वर्तमान में लगभग 60 दिनों का वास्तविक ईंधन भंडार मौजूद है। इसमें कच्चा तेल, रिफाइंड उत्पाद और वह रणनीतिक भंडारण शामिल है जिसे भारत ने भूमिगत गुफाओं में आपात स्थिति के लिए बचाकर रखा है। सरकार का यह भी कहना है कि यदि हम अपनी कुल भंडारण क्षमता को देखें, तो भारत के पास 74 दिनों तक की जरूरतों को पूरा करने का सामर्थ्य है। यह डेटा उन लोगों के लिए एक बड़ी राहत है जो गैस की कमी की अफवाहों के चलते डरे हुए हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि भले ही पश्चिम एशिया में संकट अपने 27वें दिन में प्रवेश कर चुका हो, लेकिन भारतीय रिफाइनरियां अपनी स्थापित क्षमता से 100 प्रतिशत से भी अधिक पर काम कर रही हैं। इसका अर्थ यह है कि कच्चे तेल को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी में बदलने की प्रक्रिया दिन-रात युद्धस्तर पर चल रही है। सरकार का यह दावा कि अगले दो महीनों तक आपूर्ति पूरी तरह स्थिर रहेगी, वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में होने वाली उठापटक के बीच घरेलू बाजार में विश्वास बहाली का काम कर रहा है।

लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर सरकार के पास इतना भंडार है, तो सड़कों पर लंबी लाइनें क्यों दिख रही हैं? यहाँ मनोविज्ञान और तर्क के बीच का द्वंद्व सामने आता है। जब भी युद्ध जैसी स्थिति बनती है, तो पैनिक बाइंग यानी घबराहट में की जाने वाली खरीदारी बढ़ जाती है। लोग भविष्य की अनिश्चितता को देखते हुए अतिरिक्त सिलेंडर जमा करने की कोशिश करते हैं, जिससे वितरण प्रणाली पर अचानक बोझ बढ़ जाता है। इसके अलावा, होर्मुज क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण कई बार जहाजों के बीमा प्रीमियम और उनके रूट में बदलाव करना पड़ता है, जिससे लॉजिस्टिक्स में मामूली देरी होती है।

भारत ने इस चुनौती से निपटने के लिए अब वैकल्पिक स्रोतों की ओर हाथ बढ़ाना शुरू कर दिया है। ईरान से किया गया यह हालिया सौदा इसी कड़ी का हिस्सा है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की ऊर्जा रणनीति अब केवल एक या दो देशों पर निर्भर रहने के बजाय बहुआयामी हो गई है। हम अमेरिका के साथ भी खड़े हैं, इजराइल के साथ हमारे रणनीतिक संबंध हैं, और साथ ही हम अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए ईरान और रूस जैसे देशों के साथ भी व्यापार जारी रखे हुए हैं। यह संतुलन ही भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी सफलता है।

ईरान से एलपीजी की यह खरीद केवल आर्थिक बचत का मामला नहीं है। ईरानी गैस भारत को सस्ती भी पड़ती है और परिवहन की दृष्टि से भी यहाँ से माल लाना आसान है। लेकिन इसके पीछे जो सबसे बड़ी बाधा थी, वह थी अमेरिकी प्रतिबंध। अमेरिका ने ईरान की अर्थव्यवस्था को अलग-थलग करने के लिए दुनिया भर के देशों पर दबाव बनाया था कि वे वहां से ऊर्जा खरीद बंद कर दें। भारत ने लंबे समय तक इस दबाव का सम्मान किया, लेकिन जब बात देश की जनता की रसोई और बढ़ती महंगाई की आई, तो राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हो गए। भारत ने यह संकेत दे दिया है कि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा के लिए किसी भी सीमा तक जा सकता है। यह फैसला उस समय आया है जब वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल को छूने की कोशिश कर रही हैं। यदि भारत वैकल्पिक स्रोतों और ईरान जैसे देशों से सीधे सौदे नहीं करता, तो घरेलू बाजार में महंगाई का एक बड़ा विस्फोट हो सकता था। मंत्रालय के दावों के बीच यह भी गौर करने वाली बात है कि भारत अपनी रिफाइनिंग क्षमता को लेकर दुनिया में एक विशेष स्थान रखता है।

# तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से होगा दिलचस्प मुकाबला



रोहित माहेश्वरी

दक्षिण भारत की राजनीति में तमिलनाडु हमेशा से एक विशिष्ट प्रयोगशाला रहा है। यहां की राजनीति लंबे समय तक द्रविड़ विचारधारा और क्षेत्रीय अस्मिता के इर्द-गिर्द घूमती रही है। पिछले पांच दशकों से सत्ता का केंद्र लगभग दो दलों द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) के बीच बंटा रहा है। लेकिन आगामी विधानसभा चुनाव इस पारंपरिक द्वंद्व से आगे निकलकर नए राजनीतिक समीकरणों की आहट दे रहा है। विधानसभा चुनाव को लेकर तस्वीर अब लगभग साफ हो गई है। राज्य में चार-कोणीय मुकाबला तय माना जा रहा है, जिससे चुनावी संघर्ष और भी दिलचस्प हो गया है। राज्य में 2019 से मजबूत स्थिति में रहे द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के नेतृत्व वाले गठबंधन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, वाम दल, विदुथलाई चिरूथैगल कच्ची, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और मनिथनया मक्कल कच्ची जैसे दल शामिल हैं। हाल ही में कमल हासन की मक्कल नीधि मय्यम और देसिया मुरपोक्कु द्रविड़ कड़गम भी इस गठबंधन में जुड़ गए हैं। दूसरी ओर, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन किया है। इस गठबंधन में अंबुमणि रामदास के नेतृत्व वाली पट्टाली मक्कल कच्ची, टी.टी.वी. दिनाकरन की अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम और जी.के. वासन की तमिल मनीला कांग्रेस भी शामिल हैं।

**चुनावी आंकड़ों की बात करें तो तमिलनाडु में कुल 5.67 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 44 सीटें अनुसूचित जाति और 2 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। पहली बार वोट डालने वाले 18-19 साल के करीब 12.51 लाख युवा मतदाता इस चुनाव को खास बना रहे हैं। इसके अलावा 4.63 लाख दिव्यांग मतदाता, 7,617 थर्ड जेंडर वोटर और लगभग 3.99 लाख वरिष्ठ नागरिक 85 वर्ष से ज्यादा के उम्र के भी इस चुनाव में हिस्सा लेंगे।**

इस बीच अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेत्रि कझगम को लेकर कई अटकलें चल रही थीं। कांग्रेस के साथ उनके संभावित गठबंधन की चर्चाएं तेज थीं और यहां तक कहा गया कि राहुल गांधी से उनकी बातचीत भी हुई है। हालांकि, कांग्रेस ने अंततः द्रमुक के साथ ही अपना गठबंधन बरकरार रखा। इसके बाद टीवीके के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने और विजय को उपमुख्यमंत्री पद की पेशकश जैसी खबरें भी सामने आईं। लेकिन इन सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए विजय ने एक इफ्तार कार्यक्रम में साफ कर दिया कि उनकी पार्टी किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं होगी। उन्होंने घोषणा की कि टीवीके अपने दम पर सभी 234 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाने का दावा भी किया। वहीं, सीमान की पार्टी नाम तमिलर कच्ची भी हर बार की तरह अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। इस प्रकार राज्य में चार प्रमुख मोर्चे बन गए हैं। चुनावी आंकड़ों की बात करें तो तमिलनाडु में कुल 5.67 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 44 सीटें अनुसूचित जाति और 2 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। पहली बार वोट डालने वाले 18-19 साल के करीब



12.51 लाख युवा मतदाता इस चुनाव को खास बना रहे हैं। इसके अलावा 4.63 लाख दिव्यांग मतदाता, 7,617 थर्ड जेंडर वोटर और लगभग 3.99 लाख वरिष्ठ नागरिक 85 वर्ष से ज्यादा के उम्र के भी इस चुनाव में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली सरकार के द्रविड़ मॉडल पर इस बार एंटी-इनकम्बेंसी, कानून-व्यवस्था, हिंदुत्व विरोध और परिवारवाद के मुद्दे हावी हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में डीएमके ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर लगभग दस वर्ष बाद सत्ता में वापसी की थी। उस समय जनता ने तत्कालीन एआईएडीएमके सरकार के खिलाफ एंटी-इनकम्बेंसी और नेतृत्व संकट को देखते हुए परिवर्तन का फैसला किया था। लेकिन राजनीति में पांच वर्ष लंबा समय होता है। अब वही डीएमके सरकार जनता की कसौटी पर है। क्योंकि इस अवधि की ढेर सारी कमियों का चुनावी हथियार विपक्ष के हाथ लग गया है। तमिलनाडु की राजनीति में हमेशा से क्षेत्रीय पहचान, भाषा और सामाजिक न्याय के मुद्दे महत्वपूर्ण रहे हैं। द्रविड़ आंदोलन की विरासत ने यहां की राजनीति को इस तरह आकार दिया कि राष्ट्रीय दल लंबे समय तक हाशिये पर रहे। लेकिन हाल के वर्षों में भाजपा ने राज्य में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत बनाई है। विशाल भाजपा कार्यकर्ता नेटवर्क के सहारे जमीनी पकड़ और मजबूत करने के कारण आगामी विधानसभा चुनाव केवल दो क्षेत्रीय दलों की लड़ाई नहीं, बल्कि क्षेत्रीय मुद्दे बनाम राष्ट्रीय राजनीति की एक नई परीक्षा बन गया है। आने वाले महीनों में राजनीतिक बयानबाजी, गठबंधन की रणनीतियां और चुनावी अभियान यह तय करेंगे कि द्रविड़ राजनीति की यह धरती एक बार फिर पुरानी परंपरा को दोहराएगी या नए राजनीतिक अध्याय की शुरुआत करेगी।

तमिलनाडु की राजनीति में एंटी-इनकम्बेंसी का इतिहास मजबूत रहा है। कई चुनावों में देखा गया कि सत्ता में बैठी पार्टी अगले चुनाव में हार गई। ऐसा परिदृश्य इस बार और पुरजोर अंदाज में दिखाई दे रहा है। खासकर दलित, वंचित, ग्रामीण और गरीब वर्गों के उत्थान के लिए डीएमके सरकार ने कोई करिश्माई काम नहीं किया है। इसके चलते चुनाव में डीएमके को इन वर्गों का व्यापक समर्थन मिलता नहीं दिख रहा है। इसलिए एंटी-इनकम्बेंसी डीएमके को नुकसान पहुंचा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं में देरी, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दे धीरे-धीरे असंतोष पैदा कर रहे हैं। विपक्ष इन्हीं मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा रहा है, जो चुनावी परिणाम प्रभावित कर सकते हैं।

तमिलनाडु में बीजेपी की स्थिति धीरे-धीरे मजबूत हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में पार्टी ने संगठनात्मक विस्तार और वैचारिक अभियान के माध्यम से अपनी उपस्थिति बढ़ाने के तेज प्रयास किए हैं। एआईएडीएमके और बीजेपी का गठबंधन मजबूत होने के चलते कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय होने के बजाय सीधे सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष के बीच हो सकता है। इस स्थिति में बीजेपी को अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि बीजेपी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार बड़ी छलांग लगा सकती है। गठबंधन राजनीति के सहारे उसकी सीटें पहले से बेहतर होकर दो अंकों में पहुंच सकती हैं। इससे राज्य की राजनीति में उसकी भूमिका अधिक महत्वपूर्ण बन सकती है। असल में तमिलनाडु का विधानसभा चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का संघर्ष नहीं, बल्कि द्रविड़ राजनीति के भविष्य का भी परीक्षण है। एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन एंटी-इनकम्बेंसी, कानून-व्यवस्था और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चुनाव को धार देने की कोशिश कर रहा है। यदि विपक्ष एकजुट होकर मजबूत अभियान चलाता है तो मुकाबला कड़ा होगा। इस प्रकार यह चुनाव केवल सीटों की लड़ाई नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीतिक दिशा तय करने वाला निर्णायक संघर्ष बन सकता है।

# चंडीगढ़ : नाम बड़े दर्शन छोटे



निर्मल रानी

भारत में वर्तमान में 8 केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़ अकेला है जिसे 'सिटी ब्यूटीफुल' कहा जाता है। इसकी सबसे बड़ी और अनोखी विशेषता यह है कि यह देश का एकमात्र केंद्र शासित प्रदेश है जो देश के पंजाब और हरियाणा जैसे दो समृद्ध राज्यों की संयुक्त राजधानी है। इसके अतिरिक्त चंडीगढ़ न केवल एक शहर है, बल्कि यह एक स्वतंत्र केंद्र शासित प्रदेश भी है, जो सीधे केंद्र सरकार के अधीन आता है। इसकी स्थापना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि यह है कि 1947 के भारत विभाजन के बाद जब पूर्वी पंजाब की पुरानी राजधानी लाहौर पाकिस्तान में चली गयी तो भारतीय पंजाब को एक नई राजधानी की ज़रूरत महसूस हुई। उसी समय 1950 के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप चंडीगढ़ को आधुनिक भारत के पहले व पूर्णतः नियोजित शहर के रूप में पंजाब की नई राजधानी के तौर पर इसे बनाया गया। इसे विश्व प्रसिद्ध स्विस-फ्रेंच वास्तुकार ले कोर्बुजिए ने डिज़ाइन किया था। बाद में जब 1 नवंबर 1966 को पंजाब राज्य को भाषाई आधार पर विभाजित कर हरियाणा बनाया गया उस समय चंडीगढ़ को दोनों राज्यों के बीच विवाद से बचने के लिए केंद्र शासित प्रदेश घोषित कर दिया गया और इसे दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी बना दिया गया। आज भी दोनों प्रदेशों की राजधानी होने के बावजूद चंडीगढ़ न तो पूरी तरह पंजाब का है और न हरियाणा का बल्कि यह पूरी तरह केंद्र सरकार द्वारा प्रशासित है।

**मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहाँ के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ़ सुथरे हैं परन्तु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाक़ों से गुज़रें तो आप को पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है। उदाहरण के तौर पर चंडीगढ़ में हेलो माजरा, राम दरबार कालोनी व डड्डू माजरा जैसे अनेक इलाक़े ऐसे हैं जहाँ सड़कें ख़स्ता हाल हैं। गड्ढे हैं, जगह जगह कूड़ों का ढेर है। गायें व सांडों का झुण्ड जगह जगह घूमता व चौक चौराहों पर डेरा जमाये नज़र आता है।**

लगभग 50 आयताकार सेक्टरों में बांटा गये इस चंडीगढ़ में चौड़ी सड़कें, हरियाली, पार्क और आधुनिक इमारतें हैं। यहाँ कैपिटल कॉम्प्लेक्स के रूप में विधानसभा, सचिवालय व उच्च न्यायालय हैं। यहाँ विद्युत ,जल निकासी, नाले नालियां सभी भूमिगत हैं। यह शहर यूनेस्को की भी विश्व धरोहर है।यहाँ स्थित रॉक गार्डन, सुखना झील, रोज़ गार्डन आदि जगहें इसे पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देती हैं। भारत के अन्य शहरों की तुलना में यहां जनघनत्व कम, सड़कें व्यवस्थित और प्रदूषण नियंत्रित होने का दावा किया जाता है। यह भारत में मानव विकास सूचकांक और जीवन की गुणवत्ता में भी शीर्ष पर है। यह ÷पेंशनर्स पैराडाइज़÷ भी कहलाता है क्योंकि यहां शांत वातावरण, अच्छी सुविधाएं और उच्च जीवन स्तर है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में यह दूसरे नंबर पर था। आवासीय क्षेत्र, बाज़ार , जल निकासी और सार्वजनिक शौचालयों के मामले में भी यह सबसे साफ़ केंद्र शासित प्रदेश गिना जाता है।

परन्तु इसी चमचमाते चंडीगढ़ का एक दूसरा पहलू भी है जो कि अत्यंत दुखद,शर्मनाक व चंडीगढ़ जैसे सुनियोजित शहर की सुंदरता व इस पर लगे सिटी ब्यूटीफुल के लेबल पर सवाल खड़ा करने वाला है। मिसाल के तौर पर निश्चित रूप से यहाँ के अधिकांश मुख्य मार्ग साफ़ सुथरे हैं परन्तु जब आप चंडीगढ़ के घनी आबादी वाले रिहाइशी इलाक़ों से गुज़रें तो आप को पता चलेगा कि चंडीगढ़ की एक बड़ी मध्यम व निम्न मध्यम वर्गीय आबादी किस तरह रहती है। उदाहरण के तौर पर चंडीगढ़ में हेलो माजरा, राम दरबार कालोनी व डड्डू माजरा जैसे अनेक इलाक़े ऐसे हैं जहाँ सड़कें ख़स्ता हाल हैं। गड्ढे हैं ,जगह जगह कूड़ों का ढेर है। गायें व सांडों का झुण्ड जगह जगह घूमता व चौक चौराहों पर डेरा जमाये नज़र आता है। राम दरबार कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों, गंदगी, जाम नालियों और ख़राब सफ़ाई -प्रबंधन के कारण अपेक्षाकृत चंडीगढ़ के उपेक्षित इलाक़ों में गिने जाते हैं। राम दरबार वॉर्ड-




19 की एक बड़ी आबादी वाली बस्ती है, जिसकी मूल सुविधाओं की हालत लगातार घटती जा रही है और समस्यायें दोनोंदिन बढ़ती जा रही हैं।

इसी राम दरबार की शान है एक प्राचीन सूफ़ी स्थल दरबार, माता राम बाई जी,अम्मी हुज़ूर। चंडीगढ़ को पहचान देने वाला यह अकेला ऐसा स्थान है जो सर्व धर्म समभाव का मुख्य केंद्र है। इससे सटा हुआ एक सार्वजनिक शौचालय है जोकि चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा निर्मित व संचालित है। परन्तु आश्चर्य की बात यह है कि इस शौचालय भवन में बिजली का कनेक्शन कटा हुआ है। इसलिये शौचालय के कर्मचारी ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से इधर उधर से बिजली का तार जोड़कर अपनी ज़रूरतें पूरी करते हैं। इसी शौचालय के कर्मचारी यह भी बताते हैं कि उन्हें ठेकेदार कई कई महीने तक तनख़्वाह नहीं देता। और हद तो यह है कि चंडीगढ़ के इसी सार्वजनिक शौचालय ने गंदिगी,बीमारी व प्रदूषण फैलाने की वह इबारत लिखी है जिसकी दूसरी मिसाल शायद ही कहीं देखने को मिले। लाखों रूपये ख़र्च कर किये गये इस निर्माण में शौचालय की सीवेरज प्रणाली शायद जाम हो गयी है। लिहाज़ा यहाँ के कर्मचारियों ने शौचालय के पीछे व पवित्र दरबार भवन की दिशा में लगभग 20 फ़ुट लंबा एक गहरा व खुला गड्ढा खोद कर उसी से सीवेरज को जोड़ दिया है। परिणामस्वरूप शौचालय की सारी गंदिगी आगे बढ़ने के बजाये उसी गड्ढे में हर वक़्त भरी रहती है और दुर्गन्ध फैलती रहती है। इसी जगह के पास प्रत्येक वृहस्पतिवार को एक विशाल मंडी भी लगती है जिसमें हज़ारों लोग आते जाते हैं।

इसी जगह पर कूड़ों का ढेर भी पड़ा रहता है जो आम दिनों में प्रदूषण फैलाता है। परन्तु इंतेहा तो तब हो जाती है जब इन्हीं कूड़े के ढेरों में आग लग जाती है। कई बार अग्निशामक दस्ते के लोगों को आकर यह आग बुझानी पड़ी है। 1 जून 2025 को ददुमाजरा लैंडफ़िल साइट जोकि 45 एकड़ में फैला कूड़ा का पहाड़ है यहाँ पर भयानक आग लग गयी थी। यह आग तेज हवाओं के कारण तेज़ी से बड़े क्षेत्र में फैल गयी थी। इस आग से निकलने वाले घने काले धुएं ने आसपास के रिहायशी इलाक़ों को घेर लिया था। लोगों में दहशत फैल गई थी लोगों का दम घुटने लगा था और सांस की तकलीफ़ और स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो गयी थीं। उस समय आग बुझाने के लिए सेक्टर 38, 17, 32, रामदरबार और मनीमाजरा से एक दर्जन से ज़्यादा फ़ायर ब्रिगेड गाड़ियां लगाई गई थीं। यही स्थिति राम दरबार के सामने खुले मैदान पर पड़े कूड़े के ढेर पर कई बार हो चुकी हैं। चंडीगढ़ के सिटी ब्यूटीफुल होने के तमाम सरकारी दावों के बावजूद अभी भी यहाँ की बड़ी व घनी आबादी जिन समस्याओं का शिकार है उन्हें देखकर तो यही कहा जा सकता है कि चंडीगढ़ के नाम तो बड़े हैं परन्तु दर्शन छोटे हैं।

# यूपी सरकार ने पुच एआई का 25 हजार करोड़ का एमओयू किया रद्द

**अवधनामा संवाददाता**

■ विश्वसनीय नहीं मिले वित्तीय स्रोत

**लखनऊ।** निवेश के बड़े दावे करने वाली पुच एआई कंपनी के साथ 23 मार्च 2026 को साइन हुए एमओयू को उत्तर प्रदेश सरकार ने रद्द कर दिया है। इन्वेस्ट यूपी द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, यह निर्णय विस्तृत समीक्षा और निर्धारित मानकों पर खरा न उतरने के चलते लिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि एमओयू रद्द होने के साथ ही अब दोनों पक्षों के बीच किसी प्रकार के अधिकार या दायित्व शेष नहीं रहेंगे।

बयान में कहा गया कि राज्य सरकार के निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत एमओयू की समीक्षा की गई थी। इस दौरान निवेशक से आवश्यक दस्तावेज और सूचनाएं मांगी गई, लेकिन कंपनी समय पर इन्हें उपलब्ध नहीं करा सकी। आगे की ड्यू डिलिजेंस प्रक्रिया में यह भी सामने आया कि प्रस्तावित परियोजना



के अनुरूप कंपनी की नेटवर्थ पर्याप्त नहीं थी और उसके वित्तीय स्रोत भी विश्वसनीय नहीं पाए गए।

गौरतलब है कि इस मामले को लेकर पहले भी सवाल उठ चुके थे। विपक्ष ने 25 हजार करोड़ के इस प्रस्तावित निवेश पर गंभीर आपत्तियां जताई थीं। कंपनी की साख को लेकर सरकार को घेरा था। इससे पहले प्रकाशित खबरों में भी यह सामने आया था कि पुच एआई ने अब तक अपने निवेश और वित्तीय क्षमताओं से जुड़े ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए थे। इसके चलते इन्वेस्ट यूपी ने कंपनी से स्पष्टीकरण मांगा था। सरकार के निर्देश पर की गई गहन जांच के बाद यह साफ हो गया कि परियोजना के पैमाने के अनुरूप कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत नहीं है। इसके बाद एमओयू को निरस्त करने का फैसला लिया गया।

सरकार ने अपने बयान में कहा कि यह कदम पारदर्शिता और सुशासन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है। इन्वेस्ट यूपी ने यह भी दोहराया कि राज्य में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा, लेकिन केवल उन्हीं परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा जो सभी मानकों पर खरी उतरें और जिनकी वित्तीय विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। इस पूरे घटनाक्रम को निवेश नीतियों में सख्ती और जवाबदेही के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

# डीएम ने एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का किया शुभारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**फतेहपुर।** जिला महिला चिकित्सालय में शुक्रवार को एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि पात्र बालिकाओं को यह टीका अवश्य लगवाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिससे बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन कारगर है। उन्होंने कहा कि जिन बालिकाओं ने 14 वर्ष की आयु पूरी कर ली है और 15 वर्ष की नहीं हुई हैं, वे इस टीकाकरण के लिए पात्र हैं। साथ ही जो बालिकाएं अभियान शुरू होने के 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की होने वाली हैं, उन्हें भी शामिल किया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपद में 31,443 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 7,920 डोज वैक्सीन प्रयागराज मंडल से प्राप्त हो चुकी है, जिन्हें विभिन्न कोल्ड चेन प्वाइंट पर वितरित किया गया है। उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से होने वाले संक्रमण से बचाती है और गर्भाशय ग्रीवा सहित अन्य प्रकार के कैंसर से सुरक्षा प्रदान करती है। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव नयन गिरि, डॉ. इश्तियाक अहमद, डॉ. विमलेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हजार नहीं, करोड़ नहीं बल्कि शराब की खपत पहुंची अरब के पार

**शीबू खान**




■ जाम के साथ झूमता रहा फतेहपुर, आंकड़ों ने किया हैरान

■ चार महीनों में फतेहपुर वासियों ने गटक ली 1.77 अरब की शराब

**फतेहपुर।** 'झूम बराबर झूम शराबी' गीत की तर्ज पर फतेहपुर जनपद में बीते चार महीनों का हाल कुछ ऐसा ही नजर आया। नवंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच जिलेवासियों ने शराब की जमकर खपत की और सरकारी आंकड़ों के अनुसार 1 अरब 77 करोड़ 79 लाख 14 हजार 570 रुपये की शराब पी डाली।

जिला आबकारी विभाग के आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में जिले में संचालित 317 देशी शराब की दुकानों, 100 कंपोजिट (अंग्रेजी शराब एवं बियर) दुकानों और एक मॉडल शॉप पर भारी बिक्री दर्ज की गई। आंकड़ों के अनुसार चार महीनों में 40 लाख 46 हजार 192 लीटर देशी शराब, 13 लाख 4 हजार 670 बोतल अंग्रेजी शराब और 18 लाख 17 हजार 497 केन बियर की खपत हुई। सरकारी दरों के आधार पर गणना करें तो देशी शराब से 1 अरब 9 करोड़ 24 लाख 71 हजार 840 रुपये, अंग्रेजी शराब से 52 करोड़ 18 लाख 68 हजार रुपये और बियर से 16 करोड़ 35 लाख 74 हजार 730 रुपये की बिक्री हुई। इस तरह कुल मिलाकर 1.77 अरब रुपये से अधिक की शराब की खपत दर्ज की गई, जिसमें देशी शराब सबसे आगे रही। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि आम उपभोक्ताओं में सस्ती शराब की मांग अधिक बनी हुई है। हालांकि यह पूरा हिसाब सरकारी दरों पर आधारित है, जबकि हकीकत में कई स्थानों पर ओवररेटिंग भी की जाती है, जिससे वास्तविक कारोबार इससे कहीं अधिक होने की संभावना है। इसके अलावा अवैध शराब और गैर-लाइसेंसी बिक्री का कोई आधिकारिक आंकड़ा शामिल नहीं है, जिससे वास्तविक खपत का दायरा और बड़ा माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि नवंबर से फरवरी के बीच शादी-विवाह का सीजन और कड़ाके की ठंड शराब की मांग बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यही कारण है कि इस अवधि में बिक्री में असामान्य उछाल देखने को मिला। एक ओर जहां इस भारी बिक्री से सरकार के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर यह स्थिति सामाजिक और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से चिंता का विषय भी बनती जा रही है। बढ़ती शराबखोरी न केवल स्वास्थ्य पर असर डाल रही है, बल्कि सामाजिक ताने-बाने पर भी इसका प्रभाव साफ देखा जा सकता है।

# चंदौली में पेट्रोल-डीजल को लेकर प्रशासन अलर्ट



**अवधनामा संवाददाता**

**चन्दौली।** चंदौली में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहों के बीच प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व राजेश कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक अनंत चंदरशेखर ने नगर क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने तेल की उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था और सुरक्षा मानकों की जांच की। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने पेट्रोल पंप संचालकों से मौजूदा स्टॉक और रोजाना हो रही आपूर्ति की जानकारी ली। अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टरों का मिलान किया और तेल की माप व गुणवत्ता की भी जांच कराई। अपर जिलाधिकारी ने पंप संचालकों को निर्देश दिए कि आपूर्ति श्रृंखला किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होनी चाहिए। साथ ही, उपभोक्ताओं को सही मात्रा और गुणवत्ता का ईंधन उपलब्ध कराने तथा पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने को कहा। एडीएम राजेश कुमार ने कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने साफ किया कि कमी को लेकर फैल रही खबरें निराधार हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि अफवाहों पर ध्यान न दें और घबराहट में जरूरत से ज्यादा ईंधन न खरीदें। एसपी ने कहा कि पुलिस-प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# एसपी के निर्देशन पर चला व्यापक मिशन शक्ति अभियान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद में मिशन शक्ति 5.0 (फेज-2) के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति एवं एंटीरोमियो टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। टीमों ने गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित व विधिपूर्ण निस्तारण के लिए जागरूक किया। शुक्रवार को टीमों ने बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं, बालिकाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति अभियान की जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की रक्षा और आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

# सैयदराजा पुलिस टीम 19 गोवंशों को किया बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे द्वारा गौतस्करी व गौतस्करी करने वाले गिरोह के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम मे थानाध्यक्ष सैयदराजा अशोक कुमार मिश्रा मय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान कस्बा सैयदराजा तिराहे पर मुखबिर द्वारा बताया गया कि दो संदिग्ध पिकअप वाहन जो कि एनएच-2 हाईवे पर चन्दौली की तरफ से आ रही है मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस टीम द्वारा ग्राम जेठमलपुर तिराहा एनएच-2 हाईवे पर पहुँच कर पुलिस टीम द्वारा बैरियर लगा कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी कि लगभग 20-25 मिनट बाद दो सफेद पिकअप वाहन चन्दौली की तरफ से आती दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का संकेत दिया गया परन्तु दोनों पिकअप के चालको द्वारा वाहन की गति को और तेज करते हुए खतरनाक तरीके से पुलिस टीम को कुचल कर जान से मारने की नियत से वाहन को चढाते हुए भागने का प्रयास किया गया। पिकअप वाहन पुलिस बैरियर में टक्कर मार कर अनियंत्रित होकर सडक के किनारे डिवाइडर से टकरा कर रुक गई तथा दूसरी वाहन आगे जाकर हाइवे से बाई तरफ सर्विस लेन पर उतर कर बन्द हो गई। पुलिस टीम द्वारा अपना बचाव करते हुए घेराबन्दी कर पिकअप वाहन सं एमपी 17 जेडएस 3374 के वाहन चालक व परिचालक को वाहन में ही पकड़ लिया गया। दूसरे वाहन का चालक वाहन को छोडकर फरार हो गया। पकड़े गये अभियुक्तों की पहचान चालक इख्तियार खाँ पुत्र कीफायत उल्ला निवासी चोरीगवां थाना शाहपुर जिला मऊगंज मध्य प्रदेश उम्र 24 वर्ष व परिचालक पंकज आदिवासी पुत्र रमेश कौल निवासी पैपखार थाना मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0 उम्र 21 वर्ष के रुप में हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### अफवाहों पर प्रशासन का सख्त एक्शन



**उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद में डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सक्रियता दिखाते हुए उरई, कोंच सहित विभिन्न क्षेत्रों के एक दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ पेट्रोल पंपों पर डीजल की अस्थायी कमी अवश्य पाई गई, जिसका प्रमुख कारण पिछले दिनों बढ़ी खपत एवं टैंकरों की समय पर आपूर्ति न होना रहा। वहीं एक स्थान पर पर्याप्त स्टॉक होने के बावजूद बिक्री बंद पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।उरई एवं कोंच क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान किसानों ने डीजल की कमी से फसलों की बुवाई एवं कटाई प्रभावित होने की बात रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही भरोसा दिलाया कि उसी दिन आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

### बसपा नेता नूर अब्बास राना का सड़क दुघर्टना में निधन

**नौगावां सादात, अमरोहा (अवधनामा संवाददाता)।** मान्यवर कांशीराम जी एवं बसपा सुप्रीमो बहन मायावती जी के साथ मिशन का काम करने वाले पुराने बसपाई नौगावा सादात निवासी नूर अब्बास राना (62 वर्ष) नहीं रहे। सड़क दुर्घटना में उनका निधन हो गया। नूर अब्बास राना बसपा की स्थापना से जुड़े हुए थे संगठन में वो विभिन्न पदों पर रहे 26 मार्च को नजीबाबाद जोगीपुरा गए हुए थे। नौगावां थाने के पास



जैसे ही वो घर जाने को वाहन से उतर कर सड़क पार कर रहे थे। तेजगति से आती अज्ञात कार उन्हें कुचल गई। परिजन लेकर उन्हें दिल्ली पहुंचे जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### शैलेंद्र शरन सहित कई समाजसेवियों व पत्रकारों का हुआ सम्मान

**फतेहपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जनपद के हथगाम नगर पंचायत सभागार में श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल समिति द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा, पत्रकारिता, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेयरमैन



धीरेंद्र कुमार उर्फ मुन्ना बाबू ने कहा कि समाजहित में कार्य करने वाले लोग ही असली प्रेरणा हैं और उनका सम्मान करना समाज का कर्तव्य है। इस दौरान जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष एवं गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल, साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन सीजेए के प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार शहंशाह आब्दी, प्राचार्य ईश्वर नारायण द्विवेदी, एसके मालवीय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम अधीक्षक डॉ. अमित चौरसिया, डॉ. वारिश अंसारी, प्रभाकर पांडेय, सुरेंद्र पाठक, उत्कर्ष मिश्रा, सहित कई लोगों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### नदी में नहा रहे चार किशोर डूबे, एक की मौत

**श्रावस्ती (अवधनामा संवाददाता)।** श्रावस्ती जिले के भिनगा क्षेत्र के ग्राम सिहनिया निवासी चार किशोर शुक्रवार को गांव के ही निकट बह रही राप्ती नदी में नहाते समय डूबने लगे। ग्रामीण ने किशोरों को डूबते देखा तो बचाने के लिए नदी में कूद गया। उसने तीन किशोरों को तो बचा लिया, लेकिन शिवा मिश्रा (17) की डूबने से मौत हो गई।

# रात के अंधेरे में पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़

## डीजल-पेट्रोल की किल्लत की आशंका से ग्रामीणों में हड़कंप

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे अमेरिका-इजरायल-ईरान तनाव का असर अब ग्रामीण इलाकों में भी साफ दिखाई देने लगा है। डीजल और पेट्रोल की संभावित कमी की आशंका के चलते क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर देर रात तक ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग आवश्यकता से अधिक ईंधन खरीदकर उसका भंडारण करने में जुटे हुए हैं।



हालांकि शासन और प्रशासन द्वारा लगातार यह आश्वासन दिया जा रहा है कि डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं है, इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में वाहन मालिक भविष्य की आशंका को देखते हुए अधिक से अधिक ईंधन खरीदने की होड़ में लगे हैं। स्थिति यह है कि जहां पहले पेट्रोल पंपों पर प्रतिदिन लगभग 2000 से 3000 लीटर ईंधन की बिक्री होती थी, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 10,000 से 15,000 लीटर तक पहुंच गया है। अचानक बढ़ी मांग के कारण कई पंपों के टैंक खाली होने की स्थिति में आ गए। रामपुरा नगर के तीन, जगम्मनपुर के दो, टीहर, मानपुरा और ऊमरी सहित बहादुरपुर व बावूपुरा क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन समाप्त होने जैसी स्थिति बन गई। हालात को देखते हुए पंप संचालकों को निर्धारित मात्रा से अधिक बिक्री पर रोक लगानी पड़ी। देर शाम जैसे ही डीजल-पेट्रोल से भरे टैंकर आने की सूचना फैली, ग्रामीण 20 से 220 लीटर तक के ड्रम, कैन और अन्य पात्र लेकर पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े। हालांकि पंप संचालकों ने स्पष्ट रूप से कहा कि ईंधन केवल वाहनों में ही सीमित मात्रा में दिया जाएगा और ड्रम या कैन में नहीं, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोग जुगाड़ लगाकर अतिरिक्त ईंधन लेने का प्रयास करते नजर आए।

पंपों पर मौजूद राघवेंद्र सिंह, महेंद्र पाल, संजय निषाद, विद्याराम दोहरे और सत्य प्रकाश शर्मा आदि ने बताया कि वे अपनी जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीद रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय हालात को देखते हुए भविष्य में कमी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उपजिलाधिकारी माधौगढ़ राकेश कुमार सोनी, रामपुरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रजत कुमार सिंह ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें, ताकि सभी को पर्याप्त मात्रा में डीजल और पेट्रोल उपलब्ध हो सके।

# रामनवमी पर हुसैनगंज में भव्य शोभा यात्रा

**फतेहपुर।** रामनवमी के पावन अवसर पर हुसैनगंज कस्बे में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए शीतला मंदिर परिसर में संपन्न हुई।

शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता एवं हनुमान की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। इन झांकियों को देखने के लिए मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और ÷जय श्रीराम÷ के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। जगह-जगह पंडाल लगाकर प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बजरंग दल एवं क्षेत्रीय जनता के सहयोग से किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी आस्था का प्रदर्शन किया। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार पांडेय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# विद्यालय में हुआ आयोजन, छात्रों ने प्रस्तुत की आकर्षक झांकियां

**अवधनामा संवाददाता**



**फतेहपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सरस्वती ज्ञान मंदिर गोधइया विद्यालय में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान छोटे-छोटे बाल गोपालों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने विभिन्न धार्मिक स्वरूपों का सजीव प्रदर्शन कर नवरात्रि और रामनवमी के महत्व को दर्शाया। विद्यालय परिसर भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। हवन-पूजन के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर सभी के उज्ज्वल भविष्य, देश एवं समाज में सद्भावना, प्रेम और शांति की कामना की। विद्यालय प्रबंधक शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में न केवल धार्मिक भावना का विकास होता है, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ने का कार्य होता है। विद्यालय हमेशा से ऐसे प्रोग्राम करता रहता है जिससे बच्चों में शैक्षणिक विकाश के साथ सामाजिक सांस्कृतिक परंपराओं का विकाश होता है इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के राज सिंह, राजेंद्र वर्मा, रामचंद्र, रामबीर, काजल, ज्योति, विनीता, आयुषी, प्रियंका, प्रियांशी, दिव्यांशी आदि के साथ सभी विद्यालय के बच्चे उपस्थिति रहे।

# मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को किया जागरूक



**अवधनामा संवाददाता**

**जालौन(उरई)।** थाना जालौन कोतवाली जालौन की एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेस-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत कस्बा जालौन में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी माता मंदिर के पास महिलाओं एवं बालिकाओं से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम में पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही घरेलू हिंसा, साइबर अपराध एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में जागरूक करते हुए उनके अधिकारों की जानकारी भी साझा की गई। पुलिस टीम ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए महिलाओं को पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार गोस्वामी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के माध्यम से महिलाओं में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया।

# बिजली उपभोक्ताओं के शोषण का आरोप

**उरई (जालौन)।** जनपद के कोंच स्थित विद्युत उपकेंद्र पर उपभोक्ताओं के साथ शोषण किए जाने के आरोप सामने आए हैं। खनुवां निवासी ब्रजेश कुमार उदैनियां ने विद्युत उपखंड अधिकारी (एसडीओ) कोंच पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने अपना बिजली बिल संख्या 6723822000 दिनांक 24 फरवरी 2026 को पूर्ण रूप से जमा कर दिया था।

इसके बावजूद मार्च माह का बिल आने पर उसमें एक माह का 1262 रुपये दर्शाया गया। जब इस संबंध में एसडीओ से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि 872 रुपये एरियर के रूप में जोड़े गए हैं, जो ऊपर से सभी उपभोक्ताओं के बिलों में आ रहे हैं। पीड़ित का आरोप है कि इस प्रकार लगातार बिलों में अतिरिक्त राशि जोड़कर उपभोक्ताओं का शोषण किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एसडीओ से कई बार संपर्क करने के प्रयास किए गए, लेकिन न तो वह उपभोक्ताओं से मिलते हैं और न ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

# रामनवमी पर भगवान श्रीराम की निकाली गई शोभा यात्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** भगवान श्रीराम के प्रकट दिवस रामनवमी के मौके पर नगर में भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में उमड़े रामभक्तों के सैलाब ने पूरे वातावरण को राममय कर दिया। जुलूस मार्ग पर केसरिया झंडे से पटा पूरा मार्ग जय श्रीराम के नारों से गूंज रहा था। द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ हुआ जुलूस नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः आयोजन स्थन पर आकर समाप्त हुआ।

भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न हिंदू संगठनों ने मिलकर भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान, भारत आदि सहित भारत माता की झांकियां सजाकर नगर के विभिन्न मार्गों से होकर केसरिया व भगवा ध्वज के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होकर जुलूस निकाला। जुलूस का शुभारंभ द्वारिकाधीश मंदिर से हुआ। जो छोटी माता मंदिर, बंबई वाला मंदिर, से सब्जी मंडी, नाना महाराज मंदिर, झंडा चौराहा होते हुए बस स्टैंड, तहसील, कांजी हाउस होकर कोतवाली रोड होते हुए देवनगर चौराहे पर समाप्त हुआ। जुलूस में डीजे पर बज रही धुनें पर भक्तगण थिरकते हुए जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जुलूस में सैंकडों की संख्या में उमड़े जनसैलाब ने जय श्रीराम का उदघोष करते हुए पूरे नगर को राममय कर दिया। तो वहीं, पूरे जुलूस मार्ग पर बंधी पताकाऐं जुलूस को एक अलग ही सौंदर्य प्रदान कर रही थीं। इस दौरान पूरे जुलूस मार्ग पर लगभग दो दर्जन से अधिक स्थानों पर समाजसेवियों ने रामभक्तों को शरबत, पानी, फल, बूंदी, हलवा, कोल्ड ड्रिंक आदि का वितरण किया। जूलस में भगवान श्रीराम, जानकी माता, रामभक्त हनुमानजी, भगवान भोले शंकर की झांकियां बनाई गई थीं। जो जुलूस को भव्यता प्रदान कर रही थीं। जुलूस में जिला कार्यवाह गौतम त्रिपाठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, दीपक, राजा सिंह सेंगर, अनिल शिवहरे, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष अभय सिंह, कुंवर सिंह आदि पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**भल (बहजोई)।** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विगत 9 वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का 9 दिवसीय जन जागरण,प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी/संवाद सम्मेलन के अंतर्गत समापन दिवस के अवसर पर बस स्टैंड बहजोई पर लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। लाभार्थी सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा की गयी जबकि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी जी रहीं एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विकास वार्ष्णेय रहे।

कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कायक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी द्वारा एक पुष्प एवं पुस्तक देकर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि मंत्री एवं विशिष्ट अतिथियों द्वाराविभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित जिसमें उद्यान विभाग पीएम सूर्य घर योजना, आईसीडीएस विभाग पशुपालन विभाग, कृषि विभाग प्राविधिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग के अंतर्गत सीएम युवा उद्यमी योजना की लगायीं गई।

# रामनवमी पर्व पर श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में की अराधना

■ विधायिका ने श्री राम मंदिर में कन्या भोज के बाद कराया भंडारे का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रामनवमी के पावन अवसर पर नगर में भक्ति और आस्था का माहौल उस समय देखने को मिला जब छिबरामऊ विधायिका अर्चना पाण्डेय ने पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि/मंदिर ट्रस्टी वरिष्ठ समाजसेवी अशोक गुप्ता के पुत्र मयंक गुप्ता के साथ नगर के श्री राम मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और कन्या भोज के उपरान्त उन्होंने भंडारे का शुभारंभ कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

शुक्रवार को नगर के चौराहा स्थित श्री राम मंदिर में कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन से हुई, जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं को माता स्वरूप मानकर उनके चरण पखारे गए और उन्हें भोजन कराकर उपहार भेंट किए गए। इस दौरान छिबरामऊ विधायिका अर्चना पाण्डेय ने कहा कि कन्या पूजन भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण परंपरा है और इससे समाज में सम्मान व समरसता का संदेश जाता है। कन्या भोज के उपरांत विधायिका ने भंडारे का शुभारंभ किया। भंडारे में सैकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री राजीव ठाकुर, जिला मंत्री संजीव कुमार उर्फ संजू गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस दौरान अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार, नीरज मिश्रा, दीपू शर्मा, राहुल राठौर, सभासद दीपक गुप्ता, परमजीत, विपिन चौरसिया, चरणजीत, सुरेन्द्र राठौर, रानू ठाकुर, विजय दुवे, अनुराग गुप्ता, विकास गुप्ता, सबलू गुप्ता, राकेश तिवारी, उमाकान्त सैनी, देवू तिवारी, अमन कठेरिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दो विवादों में काउंसिलिंग कराकर समझौता कराया

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत क्षेत्र के अलग अलग स्थानों के दो विवादों का स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाने के लिए महिला पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों पक्षों की सहमति से समझौता कराया गया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में स्थानीय कोतवाली में नव स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला द्वारा आवेदक अरबाज पुत्र इश्तियाक निवासी दारासराय समधन के प्रार्थना पत्र पर आवेदक की पत्नी जाहरा को बुलाया और समझा-बुझाकर परिवारिक विवाद को आपसी संवाद से सुलझाया गया। जबकि आवेदक सच्चिदानंद पुत्र श्री कृष्णा निवासी गौहना खेड़ा के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी देवेंद्र पुत्र रामौतार तिवारी निवासी गौहना खेड़ा को बुलाकर समझाया गया। दोनों पक्षों ने काउंसिलिंग दौरान आपस में समझौता किया। दोनों पक्षों को थाना से सकुशल रवाना करनें के उपरान्त महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

# देशहित सर्वोपरि, भारत सरकार के साथ खड़ा : एआइपीएमएम

**अवधनामा संवाददाता**

■ विदेशी मुद्दों से ऊपर उठकर देशहित को प्राथमिकता दें : पसमांदा महाज़

■ महंगाई और आपूर्ति संकट की आशंका, संयम और धैर्य की अपील

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) ने हाल ही में जारी एक बयान में अंतरराष्ट्रीय हालात और देशहित को लेकर अपनी स्पष्ट और मजबूत स्थिति सामने रखी है। संगठन ने कहा कि वह पसमांदा मुस्लिम समाज को शिक्षा, रोजगार, सामाजिक न्याय और मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

संगठन ने ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्थिति वैश्विक शांति के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। इसके साथ ही भारत जैसे विकासशील देश पर भी इसके आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा संबंधी प्रभाव पड़ने की आशंका जताई गई है।

महाज़ ने अपने बयान में स्पष्ट कहा कि देशहित उनके लिए सर्वोपरि है और इस संकट की घड़ी में संगठन पूरी निष्ठा के साथ भारत सरकार के साथ खड़ा है। संगठन ने सरकार की विदेश नीति का पूर्ण समर्थन करने की बात दोहराई।

बयान में यह भी कहा गया कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, महंगाई और आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ सकता है। इसके बावजूद संगठन ने विश्वास जताया कि भारतीय जनता अपने धैर्य, संयम और एकजुटता के बल पर इन चुनौतियों का सामना करेगी।

संगठन ने देशवासियों से अपील की कि वे अफवाहों और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक तथा उत्तेजक खबरों से दूर रहें और शांति, सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता बनाए रखें।

महाज़ ने यह भी स्पष्ट किया कि पसमांदा मुस्लिम समाज का हित भारत के राष्ट्रीय हित से जुड़ा हुआ है और संगठन किसी भी विदेशी देश के पक्ष या विपक्ष में खड़े होने के बजाय सर्वप्रथम भारत के हितों को प्राथमिकता देता है।

संगठन ने अल्लाह से प्रार्थना करते हुए देश की सुरक्षा, एकता और स्थिरता की कामना की तथा दोहराया कि पसमांदा मुस्लिम समाज पूरी तरह से देशहित के साथ खड़ा है।

# एंटी रोमियो टीम ने अभियान चलाकर जागरूक किया

■ मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत दी शासन की योजनाओं से अवगत कराया

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी एवं अभियान प्रभारी /निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम द्वारा नगर में भ्रमण कर महिलाओं को एकत्रित करके महिला संबंधी होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिये जागरूक करते हुये महिला संबंधी सभी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

शुक्रवार को मिशन शक्ति/एन्टीरोमियो टीम की मुख्य महिला आरक्षी शशिबाला, प्रियंका रानी, सीमा भदौरिया द्वारा नगर के जीटीरोड, रेलवे रोड, रेलवे स्टेशन, तिर्वारोड पर आने जानें बाली महिलाओं/बालिकाओं से संवाद स्थापित किया और उन्हें मिशन शक्ति के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090 व यूपी डायल 112, ऑपरेशन कवच, 181 महिला हेल्पलाइन व 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 1930 साइबर क्राइम अपराध के बारे में बताया गया व अन्य कानूनी जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया गया तथा उन्हें शासन द्वारा चलायी जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमन्त्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमन्त्री मातृ वंदना योजना, महिला रात्रि एस्कार्ट सुरक्षा योजना के बारे में बताया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उद्देश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

## नंदगांव में शिक्षा व्यवस्था पर सवालों का साया

**मथुरा।** जनपद के नंदगांव विकासखण्ड में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर इन दिनों गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। एक ओर जहां वर्तमान नोडल एआरपी भारती यादव की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कार्यमुक्त हो चुके पूर्व नोडल एआरपी राजेश कुमार की सक्रिय भूमिका ने पूरे मामले को और अधिक चर्चा में ला दिया है। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि वर्तमान नोडल एआरपी अपने दायित्वों के निर्वहन में अपेक्षित स्वायत्तता नहीं दिखा पा रही हैं और अधिकांश कार्य पूर्व नोडल एआरपी के मार्गदर्शन पर निर्भर होकर ही संचालित हो रहे हैं। नोडल एआरपी जैसे जिम्मेदार पद पर इस प्रकार की निर्भरता ने कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और निर्णय लेने की क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।इसी के साथ एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि पूर्व नोडल एआरपी राजेश कुमार, कार्यमुक्त होने के बावजूद, बीआरसी के संचालन में अब भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मासिक हेड समीक्षा बैठकों में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की अनुपस्थिति लगातार बनी हुई है, और इन बैठकों का संचालन व संबोधन स्वयं पूर्व नोडल एआरपी द्वारा किया जा रहा है।

# एडीएम ने गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर परखी व्यवस्थायें



**अवधनामा संवाददाता**

■ उपभोक्ताओं से की पूंछताछ, संतोषजनक मिली व्यवस्थायें

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध जैसे हालातों के बीच गैस सिलेंडरों की मांग में अचानक बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसी को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। शुक्रवार को एडीएम देवेन्द्र सिंह ने नगर व क्षेत्र की गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां मौजूद उपभोक्ताओं से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। शुक्रवार को नगर के जीटी रोड स्थित एचपी गैस एजेन्सी एवं सफ्फ़ापुर स्थित भारत गैस एजेंसी के निरीक्षण के दौरान एडीएम देवेन्द्र सिंह ने एजेंसी परिसर में लगी भीड़, वितरण व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और स्टॉक की उपलब्धता की बारीकी से जांच की। उन्होंने उपभोक्ताओं से सीधे बातचीत कर पूछा कि उन्हें गैस सिलेंडर प्राप्त करने में किसी प्रकार की दिक्कत तो नहीं हो रही है। इस दौरान अधिकांश उपभोक्ताओं ने बताया कि एजेंसी द्वारा समय पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है और कोई बड़ी समस्या नहीं है। एडीएम ने एजेंसी प्रबंधक अमित दुवे को निर्देश दिए कि बढ़ती मांग को देखते हुए पर्याप्त स्टॉक बनाए रखें और किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अफ्वाहों से बचें और आम जनता को भी जागरूक करें कि घबराहट में जरूरत से ज्यादा सिलेंडर लेने की आवश्यकता नहीं है। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। एडीएम ने साफ शब्दों में कहा कि यदि किसी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारी एवं एजेंसी स्टाफ मौजूद रहे।

# सांसद ने क्षेत्र के प्रमुख समस्याओं को सदन में उठाया

**अवधनामा संवाददाता**



**चन्दौली।** सांसद डॉ विनोद बिंद ने लोकसभा सदन में अपने क्षेत्र भदोही एवं हंडिया की प्रमुख समस्याओं रेलवे ओवरब्रिज , अंडरपास एवं गंगा कटान को प्रमुखता से उठाया। साथ ही क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक जाम एवं रेल फाटकों पर हो रही असुविधा को देखते हुए शीघ्र रेलवे ओवर ब्रीज एवं अंडरपास निर्माण की मांग की, ताकि आवागमन सुरक्षित एवं सुगम हो सके।

साथ ही गंगा नदी के लगातार हो रहे कटान से प्रभावित गांवों की सुरक्षा हेतु स्थायी तटबंध निर्माण, कटान रोधी कार्य एवं त्वरित राहत की आवश्यकता पर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया, जिससे किसानों की जमीन और लोगों के घर सुरक्षित रह सकें।

बताते चले कि अपने लोकसभा क्षेत्र के विकास को लेकर भदोही सांसद डॉ विनोद बिंद हर संभव प्रयास करते रहते है। इसके लिए वे सदन से लेकर प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, वित्तमंत्री, सड़क परिवहन मंत्री, रेलमंत्री व मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के विकास व समस्याओं के समाधान को लेकर बराबर चर्चा करते रहते।

सांसद डॉ विनोद बिंद ने बताया कि अपने लोकसभा क्षेत्र भदोही के विकास को लेकर हर संभव प्रयास करते है। अपने संसदीय क्षेत्र में बुनियादी ढांचे, जैसे सड़कों का निर्माण, पुलों का विकास, और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व पानी की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके साथ ही, वे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए नई परियोजनाएं भी ला रहे हैं। हमारा ध्यान स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को सुधारने और उनके लिए रोजगार के अवसर पैदा करने पर केंद्रित है वहीं केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में लगे हुए हैं।

# मथुरा का 'फोटो-फ्रेम न्याय': जब कार्रवाई दौड़ती कम, खिंचती ज्यादा दिखे

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद मथुरा में पार्षद प्रतिनिधि तिलकवीर चौधरी से जुड़े मामले ने अब सिर्फ एक पुलिस केस की सीमा नहीं छोड़ी, बल्कि यह कानून, रसूख, छवि और राजनीतिक सुविधा के बीच फंसी व्यवस्था का आईना बनता जा रहा है। सवाल किसी व्यक्ति-विशेष की दोषसिद्धि का नहीं है—वह अदालत और जांच का विषय है—सवाल यह है कि जब मामला चर्चित हो, आरोप गंभीर हों और दिन बीतते जाएं, तब कार्रवाई का चेहरा इतना सुस्त और संकेत इतने तेज क्यों दिखते हैं?

जनता देख रही है कि कागजों पर पहिए घूम रहे हैं, मगर गिरफ्तारी के पहिए जैसे जाम पड़े हैं। गाड़ी पर गाड़ी, कागज पर कागज, लाइसेंस पर लाइसेंस—लेकिन मूल सवाल वहीं खड़ा है÷मुख्य कार्रवाई आखिर कब?

मथुरा पुलिस वही है, जिसके बारे में अक्सर कहा जाता है कि वह कई बड़े मामलों का खुलासा चुटकियों÷ में कर देती है। ऐसे में इस मामले में पैसेंजर ट्रेन जैसी रफ्तार÷ स्वाभाविक रूप से चर्चा और शंका दोनों पैदा करती है।

यहीं से वह सवाल जन्म लेता है, जिसे आम लोग चाय की दुकान से लेकर चौक-चौराहे तक पूछ रहे हैं—क्या कुछ फोटो-फ्रेम सिर्फ यादगार नहीं, सुरक्षा-कवच भी बन जाते हैं?

जब कोई व्यक्ति प्रभावशाली चेहरों के साथ तस्वीरों में दिखता है, तब जनता के मन में यह संशय पैदा होना दुर्भाग्यपूर्ण लेकिन स्वाभाविक है कि कहीं वही फोटो उसके और गिरफ्तारी के बीच दीवार तो नहीं बन रही?

यह सवाल इसलिए खतरनाक है, क्योंकि यह किसी एक आरोपी पर नहीं, पूरी निष्पक्षता की साख पर चोट करता है।

मामले का दूसरा दिलचस्प और चिंताजनक पक्ष यह है कि एक ओर समर्थकों की तरफ से निर्दोष, जनसेवक, मसीहा जैसी छवियां गढ़ी जा रही हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस की ओर से सामने आती सूचनाएं—वाहन, हथियार, लाइसेंस, जांच, नोटिस जैसी कार्रवाइयां—उस जन-निर्मित पवित्रता पर खुद सवाल खड़े कर देती हैं।

यानी एक तरफ चरित्र प्रमाणपत्र बांटे जा रहे हैं, दूसरी तरफ सरकारी कार्रवाई बता रही है कि मामला इतना हल्का भी नहीं कि उसे सिर्फ गलतफहमी कहकर टाला जा सके।

सबसे असहज करने वाला प्रश्न यह है कि क्या उत्तर प्रदेश में मिट्टी में मिलाने की मशीनरी भी अब चेहरा, चोला, नारा और नेटवर्क देखकर चलती है?

यह प्रश्न असुविधाजनक है, पर जनता के बीच मौजूद है। क्योंकि जब शासन का सबसे बड़ा दावा माफिया पर जीरो टॉलरेंस हो, तब जनता यह भी देखती है कि जीरो टॉलरेंस सब पर बराबर लागू हो रहा है या नहीं।

अगर बुलडोजर का नैतिक पोस्टर सबके लिए है, तो उसकी राजनीतिक पार्किंग भी सबके लिए समान होनी चाहिए। वरना संदेश यह जाता है कि कानून की आंख पर पट्टी नहीं, पहचान की चश्मा चढ़ा हुआ है।

और विडंबना देखिए—जिस विपक्ष को ऐसे मुद्दों पर सड़क से सदन तक शोर करना चाहिए था, वह यहां गांधारी मुद्रा में बैठा दिखाई देता है।

मुद्दाविहीन विपक्ष को शायद अब मुद्दा भी अनुमति लेकर चाहिए।

मथुरा जैसा मामला किसी भी जागरूक विपक्ष के लिए कानून-व्यवस्था, सत्ता-प्रभाव और प्रशासनिक निष्पक्षता पर बड़ा राजनीतिक प्रश्न बन सकता था, लेकिन यहां तो जैसे सबने तय कर लिया है कि जो दिख रहा है, उसे भी मत देखो।

इस पूरे प्रकरण की सबसे बड़ी राजनीतिक विडंबना यह है कि सत्ता की तस्वीरें चुनाव में पूंजी बनती हैं, और संकट में कवच।

चंद दिन पहले जिन बड़े चेहरों के साथ मंच और फोटो की शोभा बढ़ाई गई, वही दृश्य अब जनता के मन में यह संशय पैदा कर रहे हैं कि क्या नजदीकी सिर्फ कैमरे तक थी या प्रभाव फाइलों तक भी पहुंचता है?

यही वह बिंदु है, जहां प्रशासन को सिर्फ निष्पक्ष होना नहीं, निष्पक्ष दिखना भी पड़ता है।

क्योंकि लोकतंत्र में न्याय सिर्फ अदालत का फैसला नहीं होता, जनता का भरोसा भी होता है।

और भरोसा तब टूटता है जब कार्रवाई का संदेश यह बने कि कमजोर पर कानून तेज है, रसूखदार पर कानून व्यस्त है।

यह समाचार किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने के लिए नहीं, बल्कि एक बुनियादी सिद्धांत याद दिलाने के लिए है—

अगर कोई निर्दोष है, तो उसे कानून साफ करे;

अगर कोई आरोपी है, तो उसे कानून पकड़कर अदालत तक ले जाए;

लेकिन अगर कोई रसूखदार है, तो उसे कानून के ऊपर मत बैठाइए।

मथुरा पुलिस और प्रशासन के सामने अभी भी मौका है।

वे इस मामले को फोटो-फ्रेम से निकालकर केस-डायरी में,

प्रतीकात्मक कार्रवाई से निकालकर वास्तविक कार्रवाई में,

और चर्चा से निकालकर परिणाम में बदलें।

वरना जनता यह मानने लगेगी कि यहां न्याय की गाड़ी चलती कम है, खिंचती ज्यादा है— और कुछ लोग उसमें बैठते नहीं, बैठा दिए जाते हैं।

कानून का असली इम्तिहान वहीं होता है, जहां आरोपी आम नहीं, पहचान वाला हो। मथुरा इस समय उसी इम्तिहान को देख रहा है।

# संजय सिंह की होगी मथुरा में जनसभा 9 अप्रैल को

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह जी की मथुरा में 9 अप्रैल को जनसभा होगी। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह जी के नेतृत्व में रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो के नारे को लेकर 3 अप्रैल को आगरा से पदयात्रा शुरू होगी। पदयात्रा का रूट अंतिम रूप से तय कर दिया गया है। यह यात्रा आगरा से खंदौली सादाबाद बलदेव गोकुल बैराज होते हुए 8 अप्रैल की शाम को मथुरा कृष्ण नगर क्षेत्र में पहुंच जाएगी। यात्रा की तैयारी के लिए ब्रज प्रांत की अध्यक्षा डॉ हृदेश चौधरी ने इस संबंध में जिला स्तर पर बैठक कर जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इससे पूर्व के तीन यात्राओं में संजय सिंह के साथ मथुरा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर शामिल हो चुके हैं। मथुरा में यात्रा की तैयारी के लिए सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी लगातार मेहनत कर रहे हैं। यात्रा की सफलता और प्रचार के लिए बड़े पैमाने पर यात्रा के रास्ते में होर्डिंग , पोस्टर आदि लगाए जाएंगे। जगह-जगह पर सांसद संजय सिंह जी के स्वागत की जोरदार तैयारीयां की जा रही हैं। यात्रा की सफलता के लिए दिल्ली एवं लखनऊ की उनकी टीम भी पूरी तरह से सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। दिल्ली की टीम मथुरा एवं रूट का मुआयना कर चुकी है। यात्रा के माध्यम से रोजगार की तलाश में निराशा बैठे बेरोजगारों की आवाज बनेंगे संजय सिंह । रोजगार ना मिलने तक 10000 प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ते की मांग की जाएगी।

# डीएम ने गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह ने श्री राम नवमी के पावन अवसर पर राल स्थित ब्रह्मऋषि श्री देवरहा बाबा गो-आश्रय स्थल का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विधि-विधान एवं मंत्रों उच्चारण के साथ गौ-पूजन किया। उन्होंने ब्रह्मऋषि श्री देवरहा बाबा गो आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों को गुड एवं हरा-चारा खिलाया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने गौशाला परिसर में स्थित गौधाम गुरुकुल (स्कूल) के बच्चों को श्री राम नवमी के पावन अवसर पर मिष्ठान का वितरण किया। उक्त गुरुकुल में लगभग 80 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। जिलाधिकारी ने गौधाम गुरुकुल (स्कूल) के कक्षों का जायजा लिया तथा बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न शिल्प/ हस्तकला का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई एवं भोजन के बारे में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा ने गौशाला में श्रमदान (साफ-सफाई) किया। उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाया तथा परिसर में गंदगी को साफ किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया है कि ब्रह्मऋषि श्री देवरहा बाबा गो-आश्रय स्थल में लगभग 8600 गौवंश संरक्षित है। उक्त गौशाला 136 एकड़ में बनी हुई है, जिसमें गौवंशों हेतु 27 शेड उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने गौ उत्पाद केंद्र का निरीक्षण किया, जिसमें गोबर व गौमूत्र से बने साबुन, फेसवॉश, दीपक, फिनायल, घी, धूप बत्ती आदि का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा को निर्देश दिए कि उक्त उत्पादों का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करे तथा उत्पादों व केंद्र पर आधारित डॉक्यूमेंट्री बनाई जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थल में संरक्षित गौवंश की व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन किया जिसमें भूसा, हरा-चारा, पेयजल, साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, शेड आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थलों पर गौवंश के लिए पर्याप्त मात्रा में हरे-चारे एवं स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, उक्त कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार के निर्देश दिए।

## राम नवमी पर 20वां पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**वृन्दावन( मथुरा)।** चैत्र मास शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के पावन अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अवतरण दिवस (राम नवमी) को वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर में श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के 20वें पाटोत्सव के रूप में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मंदिर परिसर को भव्य पुष्प सज्जा से अलंकृत किया गया, जहां सुसज्जित फूल बंगला श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य श्रीविग्रहों का महाभिषेक संपन्न हुआ तथा भगवान को 56 प्रकार के दिव्य भोग अर्पित किए गए। इस दौरान श्रीराम तारक यज्ञ, हरिनाम संकीर्तन एवं महाआरती का भव्य आयोजन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रीराम नाम के संकीर्तन से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा।

# देवरिया होमगार्ड में बड़ा खेल? एक ही परिवार के दो बड़े बाबू

■ वर्षों से एक ही जिले में तैनाती पर घमासान

■ एक जिला, एक परिवार, दो बड़े बाबू : देवरिया होमगार्ड में नियमों की अनदेखी के आरोप

**अवधनामा संवाददाता**




**देवरिया।** जनपद के होमगार्ड विभाग में तैनाती को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। विभाग में कार्यरत बड़े बाबू कुंवर बहादुर चंद्र कौशिक की नियुक्ति और लंबे समय तक एक ही जिले में बने रहने पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने अपने पूरे सेवा काल में लगभग देवरिया जनपद में ही कार्य किया, जो शासन की स्थानांतरण नीति पर सवाल खड़ा करता है।

सूत्रों के अनुसार, कुंवर बहादुर चंद्र कौशिक की प्रारंभिक नियुक्ति रनर पद पर हुई थी। इसके बाद उन्हें क्रमशः बाबू और फिर बड़े बाबू पद पर पदोन्नत किया गया। हैरानी की बात यह है कि इन सभी पदोन्नतियों के बावजूद उनकी तैनाती लगातार एक ही जनपद में बनी रही, जबकि शासन स्तर पर समय-समय पर स्थानांतरण को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं।

**दो चचेरे भाइयों की नियुक्ति चर्चा में–** विभाग में एक और गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, होमगार्ड कार्यालय में तैनात दो बड़े बाबू आपस में चचेरे भाई हैं। एक ही परिवार के दो लोगों का एक ही कार्यालय में महत्वपूर्ण पदों पर तैनात होना विभागीय पारदर्शिता और नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर रहा है।

**कर्मचारियों ने लगाए आरोप–** विभाग के कुछ कर्मचारियों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर आरोप लगाया है कि संबंधित कर्मचारी की विभाग में मजबूत पकड़ है। उनका कहना है कि ÷सेटलमेंट में माहिर होने के कारण वर्षों से उनका तबादला नहीं किया गया।÷ कर्मचारियों ने यह भी आशंका जताई कि इस तरह की व्यवस्था से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल सकता है और कार्यप्रणाली की निष्पक्षता प्रभावित होती है।

**स्थानांतरण नीति पर उठे सवाल–** प्रदेश सरकार द्वारा लागू स्थानांतरण नीति के तहत कर्मचारियों को एक ही स्थान पर लंबे समय तक तैनात रखने से बचने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में एक कर्मचारी का वर्षों तक गृह जनपद में ही बने रहना नियमों की अनदेखी का संकेत देता है।

**चुनावी प्रक्रिया पर असर की आशंका–** मामले को लेकर यह भी आशंका जताई जा रही है कि इस तरह की तैनाती चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। कर्मचारियों ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**प्रशासन की कार्रवाई पर नजर–** अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और क्या जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। फिलहाल यह प्रकरण विभाग और प्रशासन दोनों के लिए चुनौती बना हुआ है। जिला कमांडेंट सुभाष यादव होमगार्डस से संपर्क करने का प्रयास किया गया उनका फोन उनका नहीं उठा।

# एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है भुवनेश्वर

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

भारत के ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, एक अद्भुत मिश्रण है प्राचीन इतिहास, समृद्ध संस्कृति और आधुनिकता का। यह शहर भारतीय वास्तुकला, धर्म और सांस्कृतिक धरोहर का एक प्रमुख केंद्र है। भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि यहां 1000 से अधिक मंदिरों का इतिहास है। यही कारण है कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन के लिए भी आदर्श स्थान बन चुका है।

भुवनेश्वर का इतिहास बहुत पुराना है और यह प्राचीन काल में कटक नामक स्थान के रूप में जाना जाता था। यह शहर मौर्य और गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य के तहत एक प्रमुख राजनीतिक और धार्मिक केंद्र था। यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्त्विक स्थल पर्यटकों को भुवनेश्वर के समृद्ध अतीत से परिचित कराते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. लिंगराज मंदिर**

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लिंगराज मंदिर को भुवनेश्वर का गौरव माना जाता है और यह स्थान धार्मिक पर्यटकों के लिए एक प्रमुख स्थल है।

**2. राजारानी मंदिर**

राजारानी मंदिर का नाम राजारानी (राजा + रानी) से लिया गया है, क्योंकि यह मंदिर एक खास प्रकार की लाल-संगमरमर की पत्थर से बना है। यह मंदिर भारतीय वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है और इसमें उत्कृष्ट शिल्पकला की छाप दिखाई देती है।

**3. उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं**

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं



भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में स्थित हैं। ये गुफाएं प्राचीन जैन धर्म के साधुओं द्वारा बनाई गई थीं। यहां आप विभिन्न प्रकार की मूर्तियों और चित्रकला का अवलोकन कर सकते हैं। यह स्थल इतिहास प्रेमियों और शांति की तलाश करने वालों के लिए आदर्श स्थल है।

**4. धवलगिरी और बौद्ध धरोहर स्थल**

भुवनेश्वर के आस-पास कई बौद्ध स्थलों का भी महत्व है। धवलगिरी और अन्य बौद्ध स्थल यहां के इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायी इन स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं।

**5. नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क**

भुवनेश्वर के बाहर स्थित नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह पार्क वन्यजीव प्रेमियों और परिवारों के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के वन्यजीव, पक्षी, और जंगल की हरियाली देखने को मिलती है। नन्दनकानन में एक प्रसिद्ध सफारी भी है, जो पर्यटकों को जंगल के करीब ले जाती है।

**सांस्कृतिक धरोहर और कला**

भुवनेश्वर में ओडिया संस्कृति और कला का गहरा प्रभाव है। यहाँ के शिल्पकला, संगीत, नृत्य, और लोक कला का प्राचीन इतिहास है। ओडिया नृत्य और संगीत के प्रमुख रूपों में ओडिसी नृत्य और संगीत को विशेष स्थान प्राप्त है। भुवनेश्वर के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आप ओडिया संस्कृति की गहरी समझ प्राप्त कर सकते हैं।

**भुवनेश्वर में शॉपिंग**

भुवनेश्वर में शॉपिंग भी एक शानदार अनुभव है। यहां के बाजारों में ओडिशा के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, जैसे पटोला साड़ियाँ, कांसा बर्तन, और लकड़ी की मूर्तियाँ आसानी से मिल जाती हैं। इन बाजारों में आपको ओडिया शिल्पकला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

**यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय**

भुवनेश्वर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान काफी बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं।

भुवनेश्वर एक ऐसा पर्यटन स्थल है जो इतिहास, संस्कृति, और प्राकृतिक सौंदर्य को एक साथ प्रस्तुत करता है। यहां की धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, और सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण यह स्थान पर्यटकों के बीच एक अद्भुत आकर्षण बन चुका है। चाहे आप धार्मिक यात्रा पर हों या एक सांस्कृतिक अनुभव की तलाश में, भुवनेश्वर हर तरह के पर्यटकों के लिए उपयुक्त है।

## नॉर्थ ईस्ट इंडिया की इन शानदार जगहों को करें एक्सप्लोर



### एडवेंचर एक्टिविटी का उठा सकेंगे लुत्फ

नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के कई राज्यों में तेज गर्मी होने लगती है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसी जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन नॉर्थ ईस्ट इंडिया को भूल जाते हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी खूबसूरत और ठंडी जगह घूमने जाना चाहते हैं, तो आप नॉर्थ सिक्किम पहुंच सकते हैं। नॉर्थ सिक्किम पूर्व भारत के टॉप डेस्टिनेशन्स में से एक है। हालांकि यह जगह पड़ोसी देश चीन की सीमा के पास स्थित है। इसलिए यहां पर घूमने के लिए एक विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। नॉर्थ सिक्किम में आप लाचुंग, युमथांग घाटी, नाथुला दर्रा, लाचेन, त्सोमो झील और गुरुडोंगमार झील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### शिलांग

शिलांग मेघालय की राजधानी है और यह समुद्र तल से करीब 5 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। पूर्व भारत में शिलांग को बहुत सारे लोग %पूर्व का स्कॉटलैंड% भी बोलते हैं।

शिलांग में ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए अप्रैल में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर आप शिलांग पीक, शिलांग गोल्फ कोर्स, एलीफेंट फॉल्स और वार्ड्स लेक जैसी शानदार और खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

### गंगटोक

इसके साथ ही सिक्किम की राजधानी गंगटोक भी एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर हर साल हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं। वहीं अप्रैल के महीने में यहां का तापमान करीब 15 एष्ट से 20 एष्ट के बीच रहता है।

गंगटोक में आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ आकर्षक दृश्यों का भी लुत्फ ले सकते हैं। गंगटोक से आप दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा की खूबसूरती को देख सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

### चेरापूंजी

नॉर्थ ईस्ट इंडिया के मेघालय राज्य में अगर आप ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यह जगह दुनियाभर में सबसे ज्यादा बारिश के लिए फेमस है। इसलिए यहां पर सालों साल मौसम ठंडा रहता है।

वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए चेरापूंजी स्वर्ग से कम नहीं है। चेरापूंजी में आप मावस्मई गुफा, नोहकलिकाई झरना और डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज जैसी जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

### आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया में और भी कई शानदार और बेहतरीन जगहें हैं। जहां पर आप घूम सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश में तवांग, जीरो वैली असम में माजुली द्वीप और मानस राष्ट्रीय उद्यान और मेघालय में मावलिननॉन्ग आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## मसिनागुडी के हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है



मसिनागुडी, जो तमिलनाडु राज्य के ओट्टी जिले में स्थित है, एक बेहद खूबसूरत और शांति प्रदान करने वाला स्थल है। यह स्थान मुख्य रूप से अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। मसिनागुडी का स्थान नीलगिरि पहाड़ियों के बीच है, जो इसे एक आदर्श स्थल बनाता है प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए। यहां का शांत वातावरण, हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए जानते हैं मसिनागुडी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य**

मसिनागुडी का सबसे प्रमुख आकर्षण बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह अभयारण्य मसिनागुडी के पास स्थित है और यहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखा जा सकता है। यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ, तिहुंनी, जंगली सुअर, विभिन्न प्रकार के पक्षी और कीट प्रजातियां पाई जाती हैं। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श स्थल है। यहां स्ड्डद्बड्डह्लद्बह्य भी आयोजित की जाती हैं, जो पर्यटकों को जंगल के बीच रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं।

**2. मसिनागुडी जंगल सफारी**

मसिनागुडी में जंगल सफारी का अनुभव बहुत खास होता है। यहां पर आपको जंगल के बीच घूमते हुए वन्यजीवों के दर्शन हो सकते हैं। इन सफारियों के दौरान आप बंदिपुर राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य आस-पास के वन क्षेत्र का दौरा करते हैं। सफारी के दौरान आपको बाघ, हाथी, गैंडे, चिंकारा, तेंदुआ आदि जानवरों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव एक साहसिक और रोमांचक यात्रा होती है।

**3. मुदुमलाई नेशनल पार्क**

मसिनागुडी के पास स्थित मुदुमलाई नेशनल पार्क, एक और प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो पर्यटकों को वन्यजीवों के करीब लाता है। यह पार्क विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों और पक्षियों का घर है। यहां की हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, और पर्वतीय दृश्य इसे एक शानदार पर्यटन स्थल बनाते हैं। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और बोटिंग का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ा अनुभव चाहते हैं।

**4. सिंहपुरा जलप्रपात**

सिंहपुरा जलप्रपात मसिनागुडी का एक प्रमुख आकर्षण है। यह जलप्रपात नीलगिरि की पहाड़ियों से गिरता हुआ बहुत ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां की ठंडी हवा, बहते पानी की आवाज़ और आसपास का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह स्थान ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। जलप्रपात के पास पहुंचने के लिए थोड़ी कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, जो इसे और रोमांचक बनाती है।

**5. कोल्लीमाला हिल्स**

कोल्लीमाला हिल्स, मसिनागुडी के आसपास एक और खूबसूरत स्थल है। यहां की पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने से आपको पूरे क्षेत्र का शानदार दृश्य दिखाई देता है। इस स्थल पर आपको शांति और एकांत का अनुभव मिलेगा, जो शहर की हलचल से दूर एक सुकून भरा समय बिताने के लिए आदर्श है।

## पांडव फॉल बारहमासी झरना है, रहस्यपूर्ण वातावरण
## प्राचीन गुफाएं महाभारत से रखती हैं ताल्लुक

देश में बाघों की संख्या अब दिन प दिन कम होती जा रही है। बाघों को देने के लिए आज जनता जो एडवेंचर और वाइल्ड लाइफ की शौकीन है वह जंगलों की सफारी के लिए जाते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आप पन्ना टाइगर रिजर्व जा सकते हैं। यह जगह सर्दियों में किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती। घने जंगल और बेहतरीन आलीशान रिजॉर्ट पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाते हैं। पन्ना आकर आप सफारी राइड तो कर ही सकते हैं साथ ही यहां एक रहस्यमय जगह है जिसका नाम हैं पांडव की गुफाएं एवम् जलप्रपात यह जगह जंगल के अंदर बीचोबीच में हैं। यह स्थान पन्ना टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में स्थित एक खूबसूरत जगह है। यह स्थान प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से युक्त है। यहां एक खूबसूरत झरना है। पांडव जलप्रपात की ऊंचाई 30 मीटर है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा बेहद मनोरम होता है। जैव विविधता की



दृष्टि से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यहां कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं। जो मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**पांडव जलप्रपात की खूबसूरती**

पांडव जलप्रपात झरने का पानी मध्य प्रदेश में स्थित केन नदी की एक सहायक नदी से आता है। यह एक बारहमासी झरना है, बारिश के मौसम में झरने का वेग बढ़ जाता है। पांडव जलप्रपात का पानी नीचे स्थित एक विशाल जलकुंड में गिरता है, जलकुंड का आकार दिल जैसा दिखता है। जलकुंड का पानी साफ होने के कारण मछलियां साफ दिखाई देती हैं। पांडव जलप्रपात हरे-भरे जंगलों से घिरा हुआ है। पांडव गुफा और पांडव जलप्रपात की शांति, पवित्रता और यहां का मनोरम वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय क्या है?**

पांडव जलप्रपात मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित सबसे लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों में से एक है, जहाँ दुनिया भर से पर्यटक आते हैं। सर्दियों और मानसून के मौसम को पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस दौरान यह क्षेत्र स्वस्थ जल प्रवाह के साथ घनी हरियाली से भरा रहता है। नीचे मौसमी विवरण दिया गया है जो पर्यटकों को पांडव जलप्रपात की यात्रा की योजना बनाने में मदद करेगा।

**प्रचलित कथा-** पांडव गुफा के बारे में जब जुए में पराजित होने के बाद पांडवों को हस्तिनापुर से निकाल दिया गया था। तब वे अज्ञातवास के समय यहां गुप्त रूप से निवास करते थे। उन्होंने इस झरने के पास एक गुफा में शरण ली थी और आपने हथियार रखे थे। इस घटना के बाद से इसका नाम पांडव फॉल और पांडव गुफा पड़ा।

## खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन पर जाएं घूमने, बिता सकेंगे यादगार पल

अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में तापमान आसमान छूने लगता है। अप्रैल के महीने में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। तो वहीं कई लोग ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में घूमने के लिए जाते हैं, तो कुछ उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख जैसी जगहों पर पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिता सकते हैं।

रिकांग पिओ समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट ऊंचाई



पर मौजूद है। यहां पर भीषण गर्मी में भी तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच रहता है। रिकांग पिओ में आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**मुनस्यारी**

अगर आप उत्तराखंड की हसीन वादियों में सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको अपने पार्टनर के साथ मुनस्यारी पहुंच जाना चाहिए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी एक हसीन और शानदार हिल स्टेशन है। यहां पर आपको घने जंगल, बादलों से ढके पहाड़, झील-झरने और ठंडी हवाओं में आप सुकून और शांति के पल बिता सकते हैं। यहां पर कई कपल्स हनीमून के लिए पहुंचते हैं। मुनस्यारी में आप खलिया टॉप, नंदा देवी मंदिर, बिर्थी जलप्रपात और थमरी कुंड जैसी शानदार जगहों पर घूम सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**सोनमर्ग**

वैसे तो जम्मू-कश्मीर की हर जगहें पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। इसलिए ही जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर सालों साल ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाया जा सकता है।

अप्रैल की गर्मी में आप सोनमर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। अप्रैल के महीने में सोनमर्ग का तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच में रहता है। यह जगह देश का सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। यहां पर आप अप्रैल के महीने में भी स्नो एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**लेह लद्दाख**

अगर आप अप्रैल की गर्मी में किसी ठंडी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आप लेह-लद्दाख घूमने के लिए जा सकते हैं। लेह लद्दाख देश के टॉप पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है।

अप्रैल के अलावा जून और जुलाई की भीषण गर्मी में भी हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक लेह लद्दाख घूमने के लिए पहुंचते हैं। वहीं कई कपल्स अप्रैल-मई-जून और जुलाई में यहां पर सिर्फ हनीमून मनाने के लिए भी पहुंचते हैं।

# हिमाचल में मौजूद पराशर झील घूमने के लिए दिल्ली से बनाएं शानदार ट्रिप

## खूबसूरती देख झूम उठेंगे आप

हिमाचल प्रदेश कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल



की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में हर रोज हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इन जगहों की खूबसूरती देखकर लोग अभिभूत हो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू-मनाली, स्पीति वैली, शिमला और डलहौजी के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन वहीं इस राज्य में कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली से पराशर झील के शानदार ट्रिप के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पराशर झील**

बता दें कि पराशर झील ऋषि पराशर के नाम पर है। यह झील समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस झील के किनारे पर ऋषि पराशर का प्राचीन मंदिर भी मौजूद है। पराशर झील के चारों ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मौजूद हैं और सर्दियों के मौसम में इस झील की ऊंचाई चरम पर होती है। वहीं गर्मियों में भी यहां पर लोग ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

**दिल्ली से मंडी ऐसे पहुंचें**

दिल्ली से पराशर झील जाने के लिए आप सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पहुंचे। आप दिल्ली के कश्मीरी गेट बस स्टैंड से हिमाचल रोडवेज बस से मंडी पहुंच सकते हैं।

अगर आप दिल्ली से शाम या रात में हिमाचल के लिए बस पकड़ते हैं, तो आप सुबह-सुबह मंडी पहुंच सकते हैं। मंडी पहुंचने के बाद वहां पर स्टें करें और कुछ बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। फिर अगले दिन मंडी से पराशर झील के लिए निकल जाएं।

**मंडी में घूमने की जगहें**

अगर आप मंडी में रुकते हैं, तो आप शानदार और हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मंडी को कई लोग छोटा काशी के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि यहां पर कई फेमस और प्राचीन मंदिर हैं।

मंडी में आप भूतनाथ मंदिर, रिवालसर झील, त्रिलोकी नाथ मंदिर और सुंदरनगर झील जैसी खूबसूरत जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप कैंपिंग, हाईकिंग और ट्रैकिंग जैसी शानदार एक्टिविटी कर सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे पराशर झील**

बता दें कि मंडी से पराशर झील पहुंचना बहुत आसान है। मंडी से पराशर झील पहुंचने के लिए आप हिमाचल रोडवेज बस, कैब बुक करके और तीसरा बाइक रेंट पर लेकर जा सकते हैं।

अगर आप बस से जाना चाहते हैं कि मंडी बस स्टैंड से बस पराशर झील के लिए सुबह 8 बजे से चलती हैं, जोकि शाम को 4 बजे वापस आती है। बस का किराया 120-150 रुपए के आसपास है। वहीं कैब से जाने पर आपको 2000-3000 रुपए के बीच किराया लगेगा। वहीं अगर आप बाइक रेंट पर लेकर जाते हैं, तो 500-700 रुपए के बीच किराया आ सकता है।

**पराशर झील के बीच में स्थित शानदार जगहें**

मंडी से पराशर झील की दूरी करीब 50 किमी है। इस बीच में तमाम शानदार और बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। जिनको आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस सफर में आप कई हसीन और लुभावने दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं।

मंडी और पराशर झील के बीच में आप आईआईटी मंडी, संदोया गांव, सघली गांव, खलियार गांव से लेकर बिजनी और बाघी गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहीं आप रास्ते में इन जगहों पर रुककर चाय का स्वाद लेते हुए हिमाचल पर्वत की खूबसूरती को पास से देख सकते हैं।

मंडी से पराशर झील घूमने जाने के लिए गर्मी या ठंडी में प्लान बनाएं।



**इन बातों का रखें खास ख्याल**

सफर के लिए आप फास्ट फूड पैक कर सकते हैं। क्योंकि आपको झील के पास बहुत कम दुकानें मिलेंगी।

आप पराशर झील के लिए सुबह-सुबह निकल सकते हैं। जिससे कि अंधेरा होने से पहले वापस आ सकें।

वहीं अपने साथ जरूरी दवाएं रखना न भूलें।

# ...................पश्चिम एशिया युद्ध का आपकी जेब पर असर...................

## नमकीन, मिठाई और पानी की बोतल होगी महंगी

एजेंसी

**मुंबई।** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट की तपिश अब सीधे आम भारतीय की रसोई और घर के बजट तक पहुंच गई है। होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की आवाजाही ठप होने से लॉजिस्टिक और कच्चे माल की लागत में 20 प्रतिशत तक का भारी उछाल आया है। इसका सीधा नुकसान आम उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है, क्योंकि कमर्शियल एलपीजी और प्लास्टिक पैकेजिंग महंगी होने से रोजमर्रा के इस्तेमाल वाली नमकीन, मिठाई और यहां तक कि बोतलबंद पानी के दाम तेजी से बढ़ रहे हैं। इस भू-राजनीतिक तनाव के बीच आम आदमी के लिए क्या मायने रखता है, आइए विस्तार से



समझते हैं।

कारोबारियों और संगठनों का कहना है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्रों के लिए तेल की बढ़ती कीमतें परिचालन की लागत को बढ़ा रही हैं। लागत में वृद्धि होने से निर्माताओं और व्यापारियों के लिए माल ढुलाई की लागत बढ़ रही है। प्लास्टिक, पैकेजिंग, केमिकल और कपड़े में उपयोग होने वाले पेट्रोकेमिकल जैसे कच्चे माल 20 प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इसकी वजह से खाड़ी देशों के सभी ऑर्डर कैंसल हो चुके हैं, शिपिंग लागत 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुकी है। इसका नुकसान व्यापारियों के साथ किसानों को उठाना पड़ रहा है।

महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रि एंड एग्रीकल्चर के अध्यक्ष ललित गांधी ने अमर उजाला डॉटकॉम से बातचीत में बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष भारतीय कारोबार पर असर डाल रहा है। जिसमें सबसे अधिक एग्रो कमोडिटी के उत्पाद प्रभावित हुए हैं। खाड़ी देशों (सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन) में भारत सबसे प्रमुख निर्यातक है, जहां चावल, मसाले, फल और कुछ प्रीमियम कमोडिटी उत्पाद भारत भेजता है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने से आपूर्ति श्रृंखला बुरी तरह से प्रभावित हुई है। युद्ध के शुरूआती दिनों में खाड़ी देशों में निर्यात किया जाने वाला कच्चा माल रवाना हुआ, लेकिन इसको बीच से वापस लाना पड़ा जिससे सब कुछ खराब हो गया।

मध्य पूर्व और खाड़ी देश हमारे सबसे बड़े बाजार है। लगातार युद्ध बढ़ने की वजह से यहां से सभी ऑर्डर कैंसल हो चुके है, शिपिंग लागत 20 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुकी है। जिसका नुकसान व्यापारियों के साथ किसानों को उठाना पड़ रहा है, क्योंकि किसानों को उनके उत्पादों का सही दाम नहीं मिल रहा है। गांधी कहते हैं, आयात-निर्यात पूरी तरह बंद हो चुका है, जिसकी वजह से ऑटो पार्ट्स, हैवी मशीनरी के कलपुर्जे और इसे क्षेत्र से जुड़े कारोबार प्रभावित हो रहे हैं। बढ़ती शिपिंग लागत, होर्मुज जलडमरूमध्य में माल की देरी और उर्वरक की बढ़ती कीमतों से किसानों पर दबाव बढ़ रहा है। चावल और खाद्य तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं के लिए रसद लागत में वृद्धि हो रही है।

कमोडिटी विशेषज्ञ संतोष कुमार ने कहा, ÷कृषि उत्पादों को काफी नुकसान पहुंचा है, मुख्य रूप से जहाजरानी में व्यवधान के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर, जिसके कारण माल ढुलाई लागत में वृद्धि, उर्वरक की कीमतों में उछाल और व्यापार प्रवाह में रुकावट इसके प्रमुख प्रभावों में भारतीय कृषि निर्यात (चावल, मांस, मसाले) पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। वैश्विक उर्वरक आपूर्ति (यूरिया, अमोनिया) से जुड़ा जोखिम भी बढ़ा है।

चैंबर ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र इंडस्ट्री एंड ट्रेड के अध्यक्ष दिपेन अग्रवाल बताते हैं, अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष का असर स्टील, सिरेमिक, ग्लास और प्लास्टिक उद्योग सहित उन सभी उद्योगों पर पड़ा है, जहां एलपीजी गैस का इस्तेमाल होता है। एलपीजी की आपूर्ति बाधित होने की वजह से इन सभी कारोबार की लागत बढ़ गई है। सिरेमिक और ग्लास उद्योग को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें से 25 प्रतिशत सिरेमिक निर्यात किया जाता है। मौजूदा समय में गैस सप्लाई की कम उपलब्धता और विदेशी बाजार के लिए बढ़ी हुई लॉजिस्टिक लागत का सीधा असर उत्पादन पर पड़ रहा है। अगर यही स्थिति अगले दो से तीन हफ्ते तक बनी रहती हैं, तो इससे कंपनियों को लंबे समय के लिए बंद करना पड़ सकता है।

अग्रवाल कहते हैं, दुबई हमारे लिए निर्यात का बढ़ा केंद्र है, यहां से माल को अन्य खाड़ी देशों में सप्लाई किया जाता है। लेकिन युद्ध होने की वजह से सभी ऑर्डर रद्द हो चुके हैं। कच्चा माल भी इन्हीं रास्तों से देश में आता है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने की वजह से सप्लाई नहीं है। एमसएमसई क्षेत्र इस तनाव की वजह से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। प्लास्टिक , पैकेजिंग, केमिकल और कपड़े में उपयोग होने वाले पेट्रोकेमिकल जैसे कच्चे माल 20 प्रतिशत तक महंगे हो गए हैं। इससे कार्यशील पूंजी का दबाव बढ़ गया है, क्योंकि उच्च इनपुट लागत मार्जिन को कम करता है और कार्यशील पूंज वित्तपोषण की जरूरत को बढ़ाता है।

---

**क्विक न्यूज**

### निलंबित डीएफओ और अन्य सरकारी अधिकारियों के ठिकानों पर छापे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आर्थिक अपराध शाखा ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों में कई सरकारी अधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे। गुरुवार तड़के शुरू हुई इस कार्रवाई में निलंबित जिला वन अधिकारी अशोक पटेल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आनंद सिंह और शिक्षा विभाग के श्याम सुंदर चौहान सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। ईओडब्ल्यू की टीमों ने रायगढ़, जगदलपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिलों में लगभग 14 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी। सुबह 4 बजे शुरू हुई इस छापेमारी में ईओडब्ल्यू की लगभग 13 टीमें शामिल थीं। सूत्रों के अनुसार, अधिकारियों के आवासों से बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण दस्तावेज, नकदी और बहुमूल्य आभूषण बरामद किए गए हैं। यह छापेमारी इन अधिकारियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के जवाब में की गई। विशेष रूप से, सुकमा के डीएफओ अशोक पटेल को हाल ही में राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया था, जिसके तुरंत बाद ईओडब्ल्यू टीम ने यह कार्रवाई की।

### दम घुटने से 4 मजदूरों की हुई मौत, अंडरग्राउंड वाटर टैंक की सफाई के दौरान हुआ हादसा

**मुंबई।** मुंबई के नागपाड़ा इलाके में रविवार को एक दर्दनाक घटना हुई, जिसमें एक निर्माणाधीन इमारत के पानी के टैंक की सफाई करते समय दम घुटने से चार श्रमिकों की मौत हो गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अनुसार, यह दुखद घटना दोपहर लगभग 12.29 बजे मिंट रोड पर गुड लक मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास स्थित बिस्मिल्लाह स्पेस बिल्डिंग में हुई। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत हरकत में आए और बचाव दल को मौके पर भेजा गया। कर्मचारियों को पानी की टंकी से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए जेजे अस्पताल ले

---

## सट्टा बाजार की भविष्यवाणी ने बढ़ाई लोगों की धड़कने

**नई दिल्ली।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इससे पहले क्रिकेट के दिग्गजों ने टूर्नामेंट के विजेता को लेकर दावे करने शुरू कर दिए हैं। कोई दूसरी बार न्यूजीलैंड के खिताब जीतने की बात कह रहा है तो भारत को तीसरी बार चैंपियन बना रहा है। इसी बीच राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार से भी चैंपियंस ट्रॉफी के विजेता को लेकर बड़ी भविष्यवाणी हुई है। चैंपियं ट्रॉफी 2025 के भारत बनाम न्यूजीलैंड फाइनल मुकाबले में कौनसी टीम के सिर जीत का ताज बंधेगा? राजस्थान के फलोदी सट्टा बाजार ने इसको लेकर भविष्यवाणी कर दी है। दोनों ही टीमें काफी मजबूत हैं, ऐसे में टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बेहद कांटे का है। सट्टा बाजार के जानकारों के मुताबिक, फलोदी के सट्टा बाजार भारत के भाव ज्यादा हैं।

## नूंह के गांव में 64 लोगों की मौत, पांच साल से दहशत, 15 कैंसर- 24 टीबी और 25 हार्टअटैक से मरे

एजेंसी

**नूंह।** हरियाणा के नूंह जिले के टपकन गांव में पिछले पांच वर्षों में 64 लोगों की संदिग्ध मौतों ने पूरे गांव को दहशत में डाल दिया है। इन मौतों में टीबी, सांस की बीमारियां, हार्ट अटैक और कैंसर जैसे गंभीर कारण सामने आए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में संचालित मीट फैक्टरी नियमों की अनदेखी कर रही है और उससे फैल रहा प्रदूषण ही इन मौतों की बड़ी वजह बन रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हालांकि जिला उपायुक्त अखिल पिलानी को गांव की सरपंच ने मृतक व गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों की लिस्ट सौंपी है।

टपकन गांव में लगातार बढ़ रही मौतों की संख्या ने ग्रामीणों को चिंता में डाल दिया है। हर घर में बीमारी का डर है और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बीते पांच साल में 64 लोगों की मौत ने हालात को बेहद गंभीर बना दिया है। सरपंच प्रतिनिधि मोहसिन का कहना है कि कैंसर से 15, टीबी की बीमारी से 24 व हार्ट अटैक से 25 लोगों की जान जा चुकी है।

ग्रामीण मैनुद्दीन, मुमताज, साबिर हुसैन, सद्दाम व पूर्व सरपंच ताज मोहम्मद का कहना है कि गांव में टीबी, सांस की बीमारी, खाज-खुजली, कैंसर और हार्ट अटैक के मरीज तेजी से बढ़े हैं। लोग इसे सीधे तौर पर प्रदूषण से जोड़ रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है।

गांव की सरपंच गोसिया खातुन का कहना है कि मीट फैक्टरी में नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। फैक्टरी से निकलने वाला मल-मूत्र खुले में डाला जा रहा है, जिससे हवा, पानी और जमीन प्रदूषित हो रही है। बदबू के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए गांव की सरपंच ने मंगलवार को जिला उपायुक्त से मुलाकात की।

# भारत की बढ़ेगी सैन्य ताकत सरकार ने किए 858 करोड़ के दो बड़े रक्षा सौदे

## रूस से खरीदी जाएगी तुंगुस्का मिसाइल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने अपनी सैन्य शक्ति और समुद्री निगरानी क्षमताओं को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को दो महत्वपूर्ण रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इन दोनों समझौतों की कुल कीमत 858 करोड़ रुपये है। ये सौदे थल सेना और नौसेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए किए गए हैं। इन समझौतों के जरिए भारत न केवल आधुनिक तकनीक हासिल करेगा बल्कि पुरानी प्रणालियों के रख-रखाव को भी बेहतर बनाएगा।

रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी है कि रूस की सरकारी एजेंसी



रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ 445 करोड़ रुपये का करार हुआ है। इसके तहत भारतीय सेना के लिए तुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदा जाएगा। यह आधुनिक सिस्टम दुश्मन के विमानों, ड्रोन और क्रूज मिसाइलों को हवा में ही मार गिराने में सक्षम है। इस समझौते से भारत-रूस के बीच रणनीतिक रक्षा साझेदारी को भी बल मिलेगा।

मंत्रालय ने दूसरा समझौता बोइंग इंडिया डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया है। यह सौदा 413 करोड़ रुपये का है। इस करार का मुख्य मकसद भारतीय नौसेना के पी8आई लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमानों का मेंटेनेंस यानी रखरखाव करना है। यह समझौता बाई इंडियन श्रेणी के तहत किया गया है। इसके तहत विमानों की मरम्मत का काम स्वदेशी तकनीक और सुविधाओं के जरिए भारत में ही पूरा किया जाएगा। बोइंग पी8आई विमान भारतीय नौसेना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह एक मल्टी रोल विमान है जिसका इस्तेमाल पनडुब्बी रोधी युद्ध और समुद्री निगरानी के लिए किया जाता है। हिंद महासागर क्षेत्र में निगरानी रखने के लिए यह विमान नौसेना का मुख्य हथियार है। फिलहाल भारतीय नौसेना के पास ऐसे 12 विमान मौजूद हैं। इस समझौते के बाद इन विमानों की कार्यक्षमता और बढ़ जाएगी जिससे समुद्री सीमाओं पर नजर रखना आसान होगा।

## इस्राइल से बढ़ाई दोस्ती, खाड़ी देशों का भी करीबी बना भारत

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच भारत का संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण इस्राइल के साथ उसकी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की ओर आगे बढ़ रहा है। एक प्रतिष्ठित अमेरिकी थिंक-टैंक %मिडिल ईस्ट फोरम% की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन दशकों में भारत और इस्राइल के बीच रणनीतिक साझेदारी में लगातार वृद्धि हुई है, जो सीमित राजनयिक आदान-प्रदान से शुरू होकर सुरक्षा और प्रौद्योगिकी के एक मजबूत रिश्ते में बदल गई है।

दोनों देशों के बीच आतंकवाद, क्षेत्रीय अस्थिरता और सुरक्षा चुनौतियों को लेकर साझा चिंताएं उनके रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में मददगार रही हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के लिए इस्राइल ने रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वहीं, नई दिल्ली ने अपनी व्यापक पश्चिम एशिया रणनीति के तहत अरब देशों के साथ भी अपने मजबूत संबंध बनाए रखे हैं।

समय के साथ भारत और इस्राइल के बीच सहयोग का दायरा बढ़ा है। इसमें खुफिया जानकारी साझा करना, मिसाइल सिस्टम, निगरानी तकनीक और आतंकवाद विरोधी प्रयासों जैसे क्षेत्र शामिल हैं। रक्षा नवाचार, साइबर सुरक्षा और उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी में अपनी नेतृत्व क्षमता के साथ, इस्राइल भारत के लिए एक अनिवार्य भागीदार के रूप में उभरा है।

दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर 2025 में हस्ताक्षरित संयुक्त विकास और सह-उत्पादन पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) है। यह बदलाव दोनों देशों के रणनीतिक हितों को दर्शाता है।

## 45 करोड़ की जमीन, कागजों पर 75 लाख की ईडी ने अल फलाह के अध्यक्ष पर कसा शिकंजा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अल-फलाह विश्वविद्यालय के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएलएमए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया है। सिद्दीकी तरबिया एजुकेशन फाउंडेशन के निदेशक और प्रमुख शेयरधारक भी हैं।

ईडी के दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय ने 24 मार्च को यह कार्रवाई की। एजेंसी ने आज शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान में इसकी पुष्टि की। यह गिरफ्तारी अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट और अल-फलाह विश्वविद्यालय से जुड़ी जांच का हिस्सा है। जांच में अपराध की आय उत्पन्न करने और उसे सफेद करने का आरोप है। अल-फलाह समूह 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास हुए विस्फोट से जुड़ी जांच के दायरे में भी है। ईडी



ने 17 जनवरी को सिद्दीकी के खिलाफ अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दायर की थी। जांच में जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों का उपयोग कर धोखाधड़ी से भूमि अधिग्रहण का खुलासा हुआ है।

एजेंसी ने आरोप लगाया कि सिद्दीकी ने अन्य व्यक्तियों के साथ मिलीभगत की। उन्होंने फर्जी दस्तावेज तैयार करने और निष्पादित करने की सुनियोजित योजना बनाई। इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के मदनपुर खादर गांव में खसरा संख्या 792 वाली भूमि को अवैध रूप से हासिल करना था। यह भूमि लगभग 1.146 एकड़ है और इसका वर्तमान मूल्य करीब 45 करोड़ रुपये है। दस्तावेजों में बिक्री 75 लाख रुपये दिखाया गया था। हालांकि, वास्तविक लेनदेन मूल्य काफी अधिक होने का संदेह है।

जांचकर्ता अब पूरे धन के स्रोत का पता लगाने में जुटे हैं। वे अन्य लाभार्थियों और अपराध की आय से कथित तौर पर हासिल की गई अतिरिक्त संपत्तियों की पहचान कर रहे हैं।

## महिलाओं को नंगा कर घुमायाज्बीच सड़क पर लोगों को मारी जा रही गोलियां

एजेंसी

**दश्मिक।** सीरिया में हुए हिंसक संघर्षों में 1000 से अधिक लोग मारे गए। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी। यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की। सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में ।45 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं। असद शासन के दौरान अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले नए शासन की शुरुआत के साथअलावित समुदाय को बार-बार उनके पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने के कारण निशाना बनाया गया है।

ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि हिंसा के साथ-साथ कई अलावित बहुल क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी भी काट दिया गया है। गांवों के लोगों ने एपी को बताया कि समुदाय के कई घरों को लूटा गया और फिर आग लगा दी गई।लेबनान के राजनेता हैदर नासिर अपने देश की संसद में अलावित समुदाय के लिए निर्धारित दो सीटों में से एक पर बैठते हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए सीरिया से लेबनान भाग रहे हैं।

गवाहों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया। बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है।

## स्कूल पर हमला गलती नहीं, युद्ध अपराध, ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिका-इस्राइल को ठहराया जिम्मेदार

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को अमेरिका और इस्राइल की में आलोचना की। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) को वीडियो संदेश में बताया कि मिनाब शहर के एक विद्यालय पर सुनियोजित हमला किया गया था। उन्होंने इसे मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया। अराघची ने बताया कि शजराह तैय्येबह प्राथमिक स्कूल पर किए गए इस हमले में 175 से अधिक छात्रों और शिक्षकों की मौत हो गई थी।

अराघची ने कहा, अमेरिका और इस्राइल अपने पास अत्याधुनिक तकनीक होने का दावा करते हैं, इसलिए कोई यह नहीं मान सकता कि विद्यालय पर हमला जानबूझकर और इरादतन नहीं किया गया था। उन्होंने इसे युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया। उन्होंने कहा, इस तरह के कृत्य की पूरी दुनिया में निंदा होनी चाहिए और दोषियों को इसकी सजा भुगतनी होगी।



उन्होंने कहा, इस अत्याचार को न तो उचित ठहराया जा सकता है, न ही इसे छिपाया जा सकता है और न ही इस पर चुप्पी और उदासीनता बरती जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा, यह हमला केवल एक घटना या गलती नहीं थी। उन्होंने आगे कहा, अमेरिका के विरोधाभासी बयान उनके अपराध को सही ठहराने के लिए दिए गए हैं। इस तरह के बयान से वे किसी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकते। रिपोर्ट के मुताबिक, मिनाब के विद्यालय पर हमला 28 फरवरी को हुआ था। यह युद्ध का पहला दिन था। अराघची की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं, जब शुक्रवार 27 मार्च को युद्ध का एक महीना पूरा हो गया है। यह हमला 28 फरवरी 2026 को ईरान-अमेरिका युद्ध के पहले दिन हुआ था, जब कथित तौर पर एक अमेरिकी टोमहॉक क्रूज मिसाइल ने दक्षिण ईरान के मिनाब में शजराह तैय्यबेह प्राथमिक विद्यालय को निशाना बनाया। इसमें कम से कम 175 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर छात्र और शिक्षक थे और कई घायल हुए थे।

## एलपीजी से लदे चार जहाज सुरक्षित रूप से भारत पहुंचे: विदेश मंत्रालय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर जानकारी साझा की। उन्होंने भारत की ऊर्जा सुरक्षा, पश्चिम एशिया में जारी संकट, 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान द्वारा किए गए अत्याचार और वैश्विक कूटनीतिक मंचों पर भारत की सक्रिय भूमिका के मुद्दे पर बात की।

रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत ने जलडमरूमध्य होर्मुज को पार करने वाले भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एलपीजी से लदे चार जहाज सुरक्षित रूप से भारत पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और जहाजों की सुरक्षा के लिए हम कई देशों के संपर्क में हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक व्यापक रणनीति पर काम कर रहा



है, जिसमें 1.4 अरब लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करना, बाजार की गतिशीलता और वैश्विक परिस्थितियों का ध्यान रखना शामिल है। यह बहुआयामी दृष्टिकोण भारत की ऊर्जा कूटनीति का मूल आधार है।

पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों पर भारत बारीकी से नजर रखे हुए है। जायसवाल ने जलडमरूमध्य होर्मुज से जहाजों के सुरक्षित और निर्बाध आवागमन को प्राथमिकता देने की भारत की निरंतर अपील को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

रणधीर जायसवाल ने 1971 के ऑपरेशन सर्चलाइट के दौरान पाकिस्तान द्वारा किए गए भयानक अत्याचारों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह नरसंहार लाखों निर्दोष बांग्लादेशी लोगों की लक्षित हत्याओं और महिलाओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर यौन अपराधों से जुड़ा था।

उन्होंने कहा कि इन अत्याचारों ने दुनिया को झकझोर दिया था, लेकिन पाकिस्तान आज भी अपने अपराधों से इनकार करता है। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश की न्याय की मांग का समर्थन करता है। जायसवाल ने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर पेरिस में जी7 विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग ले रहे हैं। उन्होंने फ्रांस, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, जापान और ब्राजील सहित कई देशों के अपने समकक्षों के साथ मुलाकात की है।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में विदेश मंत्री ने वैश्विक शासन, सुरक्षा परिषद सुधारों, शांति स्थापना अभियानों को सुव्यवस्थित करने और मानवीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर जोर दिया। उन्होंने खाद्य, ईंधन और उर्वरक से संबंधित देशों की चिंताओं को भी उठाया, जो वैश्विक संघर्षों के प्रभावों को दर्शाते हैं।

अबू धाबी में मलबा गिरने से एक भारतीय नागरिक की मृत्यु के बारे में प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय मिशन जल्द से जल्द पार्थिव शरीर को वापस भेजने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान स्थिति में किसी भी निकासी की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि खाड़ी देशों और भारत के बीच प्रतिदिन सैकड़ों उड़ानें संचालित हो रही हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने नेपाल में बालेंद्र शाह के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि नेपाल में आज प्रधानमंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण हुआ। इस कार्यक्रम में भारत के राजदूत शामिल हुए। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने उन्हें बालेंद्र शाह को बधाई दी है। पीएम मोदी ने उनसे भारत और नेपाल के मिलकर काम करने पर बात की।

# भ्रष्टाचार की कड़वी सच्चाई को उजागर करता है नाटक सैंया भये कोतवाल

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** राहुल सेवा संस्थान की नवीनतम नाट्य प्रस्तुति सैंया भय कोतवाल नाटक का प्रभावशाली मंचन आज राय उमनाथ बाली प्रेक्षाग्रह कैसरबाग़ लखनऊ में किया गया। प्रसिद्ध नाटककार मूल मराठी लेखक बसंत सबनीस द्वारा रचित इस नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन संजय त्रिपाठी द्वारा किया गया। नाटक सैंया भय कोतवाल समाज में व्याप्त भ्र्ष्टाचार जैसी कड़वी सच्चाई को उजागर करता है जो समाज को गहरी सीख देता है। नाटक ने यह दर्शाया कि भाई-भतीजावाद देश ही नहीं विश्व की एक बड़ी समस्या है जिससे भ्र्ष्टाचार जन्म लेता है और अयोग्य लोगो को पदों की जिम्मेदारी मिलती है और भ्र्ष्टाचार पर लगाम लगाने के बजाय हम इस दलदल में धंसते चले जाते है। कहानी सूरजपुर के राजा पर आधारित है जो लापरवाह है, वो हमेशा शिकार खेलने में व्यस्त रहता है। इसी का लाभ उसके दरबारी उठाते रहते है। अचानक राज्य के कोतवाल का देहान्त हो जाता है तब राजा का हवलदार व सिपाही आशा करते है कि उनका प्रमोशन होगा और वो क्रमशः कोतवाल और हवलदार बन जायेंगे। पर सालावाद के चक्कर में राजा का प्रधान अपने साले का राज्य का कोतवाल नियुक्त कर देता है जो कि अनपढ़ और जाहिल है। इस पर हवलदार अपनी प्रेमिका मैनाबाई के साथ योजना बनाकर मैनाबाई के जाल में कोतवाल का फंसाता है, कोतवाल मैनाबाई पर मुग्ध हो जाता। कोतवाल राजा का छपरी पलंग चुराकर मैना को लाकर दे देता है और शादी के लिए कहता है, मैना भी हां कर देती है। इधर राजा छपरी पलंग को लेकर परेशान होता है। तब हवलदार बतलाता है कि आपका छपरी पलंग कोतवाल ने चुराकर मैना को दिया है और वो कल उससे शादी कर रहा है। कोतवाल पकड़ा जाता है। राजा को अपनी लापरवाही का एहसास होता है और हवलदार को कोतवाल बना देता है। नाटक में तमाल बोस, विजय मिश्रा, मो. आरिफ, निशा बेगम, खुशी वर्मा, राकेश कुमार, आशुतोष, मो. मुस्तकीम सलमानी और मंच सें तारिक इक़बाल, अविनास श्रीवास्तव, आनन्द प्रकाश शर्मा, अरुण कुमार विश्वकर्मा, मोहित यादव, जारा हयात ने मुख्य भूमिका निभाई।

## ज़मीनों की रजिस्ट्री के लिए एक अप्रैल से रेटिना वेरीफिकेशन जरूरी

**प्रयागराज।** एक अप्रैल से रजिस्ट्री कार्यालय में आईरिस का नमूना लिया जाएगा। जिसके बाद भूखंडों का बैनामा होगा। एआईजी कार्यालय की मांग पर शासन ने मशीनें भेज दी हैं और अब इसे सभी तहसीलों में सहायक निबंधकों को दे दिया गया है। पिछले महीनों में जमीन के बैनामा में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए आधार सत्यापन का नियम लागू किया गया था। जिसके तहत बायोमेट्रिक मशीनें लगाई गईं और अंगूठे का निशान लगते ही जमीन खरीदने और बेचने वाले का पूरा ब्योरा सामने आता था। जिससे सिद्ध होता था कि बेचने वाला फर्जी व्यक्ति नहीं है। इस नियम के बाद बुजुर्गों के नाम पर होने वाले बैनामे में समस्या आ रही थी। क्योंकि बुजुर्ग होने के कारण कई लोगों के अंगूठे के निशान नहीं मिलते थे। इससे लगभग 20 से 30 फीसदी राजस्व का नुकसान हो रहा था। इसके बाद जिलों से आईरिस मशीन का प्रस्ताव भेजा गया। जिसे शासन से मंजूरी मिलने के बाद जिलों को भेजा गया। एआईजी स्टांप राकेश चंद्रा ने बताया कि मशीनों की खरीद हो गई है। इसे सभी तहसीलों में सौंप दी गई है।

# मन लेकर आया, माता रानी के भवन में

- माँ शारदा चौरा देवी मंदिर पर आयोजित जागरण में झूमे भक्त
- माँ काली की मनोहारी झांकी देख श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** गुड़हाई मोहल्ला स्थित माँ शारदा चौरा देवी मंदिर परिसर में गुरुवार देर रात तक भक्ति जागरण और सुंदर झांकियों का आयोजन हुआ। भजनों की स्वरलहरियों पर श्रद्धालु पूरी रात भक्ति में झूमते रहे, जबकि कलाकारों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। जागरण का शुभारंभ पशुपतिनाथ गुप्त 'मुन्ना', आलोक गुप्ता 'पिंटू', क्रांति गुप्ता 'कपूर', शिवप्रसाद 'सीके', आलोक साहू, राजकुमार ऊमर वैश्य, नीशू केशरी और रामनारायण साहू ने संयुक्त रूप से माँ शारदा की आरती उतारकर किया। प्रयागराज बरना से आए अतुल पांडेय व उनकी 'बरना म्यूजिकल ग्रुप' ने भक्ति गीतों से समा बाँधा– जगदंबा घरे दीना बारी आयनी होज़, चला चली जौनपुर नगरिया हो, शीतला माई के दुवरिया होज़, राजा जी खजना दे दाज़। गायिका उषा उवल के मन लेकर आया माता रानी के भवन मेंज़, निमिया के डार मैया डलेली झुलनवाज़, मेरे झोपड़ी के भाग आज जाग जाएँगे, राम आएँगेज़ जैसे गीतों पर महिलाएँ थिरकती नज़र आई। जागरण के मध्य कलाकारों ने राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, माँ काली और महिषासुर वध की आकर्षक झांकियाँ प्रस्तुत कीं, जिन्हें देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे। महिला मंडल अध्यक्ष सुमन जायसवाल, सत्यभामा ऊमर वैश्य, खुशबू गुप्ता, श्रिया गुप्ता और दिव्या साहू ने कहवा भुलैलु मैयाज़, केवन दरिया निमिया छईयाज़ जैसे पचरा गीतों से पंडाल को भक्ति में सराबोर कर दिया। मैं फिरूँ श्याम, तेरे नाम की जोगन बनकेज़ पर राधा-कृष्ण नृत्य झांकी ने सबका मन मोह लिया।इससे पूर्व विश्व हिंदू परिषद द्वारा सुंदरकांड पाठ और श्याम मंडली द्वारा खाटू श्याम के भजन ने माहौल को और भी आध्यात्मिक बना दिया। अवसर पर पूर्व चेयरमैन शिवगोविंद साहू, मनोज ऊमर वैश्य, शिवाप्रसाद ऊमर वैश्य 'सीके', कपूर ऊमर वैश्य, राजेश गुप्ता, सुरेश सोनी, अरविंद, बच्चा आलोक साहू, गिरीशचंद्र 'बन्नू', मनोज जायसवाल, विशंभर दुबे, जगदम्बा जायसवाल, जितेंद्र अग्रवाल रंजीत गुप्ता, वरुण ऊमर वैश्य, आशीष 'रानू' और सद्भावना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कोल्ड स्टोरेज हादसे में मैनेजर समेत दो अन्य गिरफ्तार

**प्रयागराज।** आदर्श कोल्ड स्टोरेज के मालिक व पूर्व मंत्री अंसार अहमद के सहयोगियों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही थी। नामजद आरोपित कोल्ड स्टोरेज का मैनेजर उस्मान व मो. इरफान को फाफामऊ पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। वे घर छोड़कर भागे थे। उनके कई करीबियों को पूछताछ के लिए पुलिस ने उठाया था। मो. असलम बाबा को अभी पुलिस नहीं पकड़ सकी है। अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ज्ञात हो कि सपा सरकार में मंत्री रहे अंसार अहमद का फाफामऊ थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव में आदर्श कोल्ड स्टोरेज है। पिछले दिनों तीन मंजिला स्टोरेज में अमोनिया टैंक फट गया, जिससे बिल्डिंग ढह गई। दर्दनाक हादसे में तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए थे। पुलिस और प्रशासन ने जांच तमाम खामियां मिली, जिसके आधार पर अंसार अहमद समेत सात नामजद व पांच अज्ञात के खिलाफ हत्या सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम किया गया। इसके बाद अंसार अहमद, उसके बेटे, भतीजे व कार ड्राइवर को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया।

## शिव, हम्माद और हरिओम चमके



शिव गौतम मोहम्मद हम्माद हरिओम राय

**प्रयागराज।** शिव गौतम के हरफनमौला खेल (76 रन, 47 गेंद, पांच चौके, तीन छक्के एवं 6-0-26-2) की बदौलत भानु प्रताप सिंह क्लब ने फ्रेंड्स क्लब को 29 रन से हराकर पांचवीं केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। पराजित टीम के मोहम्मद हम्माद (84 रन, 53 गेंद, नौ चौके, दो छक्के एवं दो विकेट) और हरिओम राय (57 रन एवं एक विकेट) का प्रदर्शन व्यर्थ हो गया। चक हरिहर वन झूंसी मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 29.5 ओवर में 222 रन (शिव गौतम 76, अंशुमान पटेल 50, नीतीश यादव 25, ध्रुव सिंह 2/36, मोहम्मद हम्माद 2/45, हरिओम राय, नैतिक व समर्थ मधुबन एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में फ्रेंड्स क्लब की टीम 30 ओवर में 8 विकेट पर 193 रन (मोहम्मद हम्माद 84, हरिओम राय 57, शिव गौतम 2/26, अर्णव सिंह 2/27, राज 2/28) पर सिमट गई। शिव गौतम को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (स्ञ्ञ्ग्) लखनऊ की टीम ने जनपद में फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसके दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान शशि प्रकाश राय उर्फ राजन शर्मा उर्फ शनि और मनीष कुमार राय के रूप में हुई है। स्ञ्ञ्ग् द्वारा 25 मार्च 2026 को शाम करीब 4ः40 बजे थाना बरदह क्षेत्र के ग्राम सुहौली में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 207 फर्जी मार्कशीट, सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन और माइग्रेशन प्रमाणपत्र, 42 नकली मोहर, पांच सीपीयू, दो पेन ड्राइव, दस रजिस्टर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गिरोह का सरगना शशि प्रकाश राय दिल्ली से इस पूरे नेटवर्क का संचालन करता था और इससे पहले आगरा व जौनपुर में भी इसी तरह का अवैध कार्य कर चुका है। वर्ष 2022 में जौनपुर में उसने एक कॉल सेंटर स्थापित किया था, जहां सोशल मीडिया के जरिए फर्जी दस्तावेज बनवाने की जानकारी दी जाती थी। गिरोह के सदस्य मनीष कुमार राय, शशि प्रकाश द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के आधार पर नकली दस्तावेज तैयार करता था। इसके बाद फर्जी वेबसाइट बनाकर उन पर रिजल्ट अपलोड कर दिए जाते थे, जिससे लोग रोल नंबर डालकर अपना परिणाम ऑनलाइन देख सकें और दस्तावेज पूरी तरह असली प्रतीत हों। आरोपियों ने खुलासा किया कि वे एक दस्तावेज के लिए 5 हजार से 20 हजार रुपये तक वसूलते थे और अब तक करीब 6 से 7 हजार से अधिक फर्जी दस्तावेज तैयार कर चुके हैं। इस मामले में साइबर थाना प्रयागराज में पहले से प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# मां कल्याणी ने दिए चतुर्भुजी रुप धारण कर भक्तों को दर्शन

**अवधनामा संवाददाता**



- धूम धाम से मनाया गया भगवान श्री राम जन्मोत्सव भक्तों ने गाया बधैया अवध में जन्मे रघुरैया

**प्रयागराज।** मां कल्याणी देवी मंदिर धाम में चल रहे नवरात्रि महोत्सव के नवमी दिवस पर प्रातःकाल 5 बजे महामंत्री पंडित श्याम जी पाठक ने विधि विधान पूर्वक मां कल्याणी जी का मंगला आरती कर माता सिद्ध दात्री का आह्वान किया। मां का दर्शन पूजन करने के लिए मंदिर प्रांगण में भक्तों की भारी भीड़ की कतार लगी रही। शाम 6 बजे मां कल्याणी देवी का श्रृंगार दर्शन का पट भक्तों के लिए खोला गया। मां कल्याणी स्वर्ण आभूषणों से सुसज्जित चतुर्भुजी स्वरुप में हाथों में शंख चक्र गदा और पद्म धारण कर माता सिद्ध दात्री के स्वरूप में भक्तों को दर्शन दिया। मां के अलौकिक रूप का श्रृंगार दर्शन प्राप्त कर भक्तगणों ने जोरदार जयकारा लगाया। शाम 7 बजे मां कि महाआरती और मध्य रात्रि 12: 30 शयन आरती अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार पाठक के द्वारा विधिवत किया गया। इसके अतिरिक्त दोपहर 12 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया और कुंवारी कन्याओं का पूजन भोजन के पश्चात दुर्गा सप्तशती पाठ, एवं शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति संपन्न हुई। साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया। मेले के प्रबंधन अध्यक्ष सुशील कुमार पाठक महामंत्री श्याम जी पाठक संयोजक अनिल पाठक, यज्ञाचार्य संतोषांनंद महाराज, दिलीप पाठक, सुधीर सैकड़ो स्वयं सेवक एवं पुलिस के जवान तैनात रहे। इस अवसर मां कल्याणी देवी मंदिर धाम के अंतर्गत श्री नवसंवत्सर मानस समिति के द्वारा आयोजित श्री राम कथा के अंतिम दिवस पर भक्तों को कथा का रसपान कराते हुए कथा व्यास डा अनिरुद्ध जी महाराज ने उत्तर कांड में वर्णित राम राज्याभिषेक का वर्णन किया। कथा का संचालन प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने किया। इस अवसर कुमार नारायण पंडित कृष्ण कुमार पाठक, महामंत्री सुबोध खन्ना, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, शिवबाबू त्रिपाठी, राजेश केसरवानी, मनोज टंडन, कुंवर जी टंडन, राजू यादव सहित सैकड़ों भक्तों ने आरती किया।

## जयवीर सिंह 28 मार्च को मैनपुरी दौरे पर

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 28 मार्च को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.30 बजे से पुलिस लाइन के सामने ट्राजिस्ट हॉस्टल में जन-समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.30 बजे से शंकर जी महाराज विराजमान मंदिर प्रागण फतेहजंगपुर में शंकर जी महाराज विराजमान मंदिर, श्री हनुमान जी मंदिर जखौआ, श्री नैनसुख महाराज मंदिर चांदपुरा सिढ़पुरा, श्री बजरंगबली हनुमान मंदिर खिरनाखुर्द, ब्रह्मदेव महाराज जी मंदिर ढिबईया का फतेहजंगपुर में पर्यटन विकास की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे तदोपरांत अपरान्ह 02.15 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

## नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के आरोपित पर केस दर्ज

**जौनपुर (खुटहन)/(अवधनामा संवाददाता)** थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। स्वजनों के द्वारा काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चलने पर आखिरकार थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। गायब किशोरी की मां के द्वारा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि गत 17 मार्च वह किसी काम से बाजार गई थी। इसी बीच मौका पाकर डिहियां गांव निवासी मंगल उर्फ मंगरू मेरी 17 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना के बाद आरोपी के मोबाइल पर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह फोन नहीं उठा रहा है।

## जनगणना समन्वय समिति की तृतीय बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के संबंध में प्रमुख जनगणना अधिकारी/ जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की तृतीय बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में सभी चार्ज अधिकारियों को हाउसलिस्टिंग ब्लॉक क्रिएशन पोर्टल पर डिजिटल रूप से मकानसूचीकरण ब्लॉक के गठन के कार्य एवं प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाने के कार्य को अगले तीन दिवसों में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में 10,000 से अधिक गणनाकर्मियों को नियुक्त कर उनका प्रशिक्षण माह अप्रैल में किया जाना है। प्रदेश में शासन द्वारा स्व-गणना के लिए 07 से 21 मई 2026 एवं मकानसूचीकरण के लिए 22 मई से 20 जून 2026 अधिसूचित की गई है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 परमानंद झा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ अरुण यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी फूलपुर ने थाना दीदारगंज का किया त्रैमासिक निरीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**फूलपुर/आज़मगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी फूलपुर किरन पाल सिंह द्वारा थाना दीदारगंज का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी फूलपुर द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कक्ष, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, थाना अभिलेख, आगन्तुक पंजी, बीट पुस्तिका, अपराध रजिस्टर, जी.डी. आदि का सूक्ष्म अवलोकन किया गया। थाने के समस्त अभिलेखों को अद्यतन रखने तथा आगन्तुकों के साथ विनम्र व्यवहार अपनाने के निर्देश दिए गए। थाना परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिसकर्मियों को वर्दी में सुसज्जित रहने, समयबद्ध ड्यूटी पालन, तथा जनसुनवाई में संवेदनशील रवैया अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। क्षेत्राधिकारी फूलपुर द्वारा थाना स्तर पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही थाना क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, शांति व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

# गंगा नहाने गए में 7 बच्चे डूबे, चार की मौत

- चारों के शव बरामद तीन बचाये गए

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** मांडा थाना क्षेत्र के बामपुर गांव स्थित गंगा घाट पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। स्नान करने गए सात बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना में तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया,जबकि चार बच्चे गंगा की तेज धारा में समा गए। काफी तलाश के बाद गोताखोरों ने चारों के शव बरामद कर लिए गए है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बामपुर गांव निवासी मोहित (13) पुत्र दिग्विजय, दिव्यांशु (16) पुत्र कमलेश, अमन (9) पुत्र कृष्ण कुमार, कुनाल (12) पुत्र अनिल, निहाल (10) पुत्र अनिल, दीपक (17) पुत्र राजाराम और ऋषभ (10) पुत्र कमलेश शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान अचानक गहराई में जाने से सभी बच्चे डूबने लगे। बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद मछुआरे मौके पर पहुंचे और मोहित, दिव्यांशु व अमन को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं कुनाल, निहाल, दीपक और ऋषभ गंगा की लहरों में बह गए।

हादसे के चश्मदीद ने बताया कि गांव के कुछ लड़के स्नान करने पहुंचे थे। सभी एक साथ नहा रहे थे। इसी बीच कान्हा और निहाल डूबने लगे। सभी उन्हें बचाने उनकी तरफ गए और डूबते चले गए। स्नान करने के लिए अमन के साथ निहाल, कुणाल, छोटे, दीशू, मोहित, दिवांशु, दीपक, कान्हा पहुंचे थे। घटना के बाद से मृतक बच्चों के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर मांडा प्रभारी थाना इंस्पेक्टर माधव प्रसाद त्रिपाठी और भारतगंज चौकी प्रभारी सुभाष सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता बच्चों की तलाश जारी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की हुई मौत

**जौनपुर।** सरपतहां थाना क्षेत्र के ऊंचगांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार मनीषा (25) पत्नी प्रदीप को दौरे की बीमारी थी। गुरुवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। पहले स्थानीय चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया लेकिन राहत न मिलने पर परिजन उसे बदलापुर अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका का मायका सुलतानपुर जनपद के कादीपुर थाना क्षेत्र स्थित पड़ेला गांव में है। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष ने पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र सिंह ने पुलिस बल के साथ शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

## सपा ने दो लाख मृतक के परिजनों को दिया



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** विगत दिनों ग्राम फूलपुर निवासी ललई यादव की दबंगों द्वारा पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा गठित प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में शामिल सदस्यों विधायक मल्हनी लकी यादव, पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान, सदर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र यादव मल्हनी विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष निजामुद्दीन अंसारी अध्यक्ष, के साथ शोकाकुल परिवारीजनों के बीच पहुंचकर उन्हें अखिलेश यादव द्वारा 02 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया।पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, विधायक मल्हनी लकी यादव एवं पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान ने संयुक्त रूप से कहा कि हर पीड़ित के साथ समाजवादी पार्टी तन-मन-धन से साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास कर रही है।

## फरहत अली की जीत में अक़्सम का अर्धशतक

**प्रयागराज।** फरहत अली क्रिकेट क्लब ने चैंपियंस अंडर -14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में एसके साहू क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पहली जीत हासिल किए हैं। इस जीत में मो. अक़्सम अली के शानदार ( 87 रन, 77 गेंद, आठ चौके व चार छक्के ) पारी खेली। शुक्रवार को दौलत हुसैन मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसके साहू क्रिकेट क्लब ने 32 ओवर में 207 रन ( सिद्धार्थ अग्रवाल 72, आशुतोष प्रताप 63, चंचल 31 रन, आयुष्मान 2/36, सैयद अली हैदर 1/20, रेहान वजहत 1/37, हुजैफा हाड 1/39 ) पर बनाए। जवाब में फरहत अली क्रिकेट क्लब की टीम ने 29.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 208 रन ( मो.अक़्सम अली 87, उदगम श्रीवास्तव 57, सक्षम आग्रहरी 24 नाबाद रन, सिद्धार्थ अग्रवाल 2/37 ) पर बना लिए।

# छात्रों को साइबर ठगी से बचाव, 2FA व सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के दिए गए टिप्स

**अवधनामा संवाददाता**



**आज़मगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के आदेशानुसार जनपद में चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान के क्रम में तथा नोडल अधिकारी साइबर क्राइम श्री विवेक त्रिपाठी के निर्देशन में आज महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय (एमएसडीयू), आजमगढ़ में साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल जागरूकता विषयक एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्री संजीव कुमार द्वारा डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सतर्क एवं जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक के सुरक्षित उपयोग की जानकारी अत्यंत आवश्यक है तथा ÷सावधानी ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच÷है। मुख्य अतिथि प्रो. किशन कुमार गोयल ने साइबर सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी देते हुए मजबूत पासवर्ड, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2FA), संदिग्ध लिंक से बचाव एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। साइबर सेल टीम, आजमगढ़ के उ0नि0 रवि गौतम, मुख्य आरक्षी ओमप्रकाश जायसवाल एवं राहुल सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को वास्तविक केस स्टडी के माध्यम से साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को डिजिटल एंबेसडर बनने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे वे स्वयं जागरूक होकर अपने परिवार एवं समाज, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैला सकें। कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारियों एवं विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ, जिससे उनमें डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित हुई।

# पुरा छात्राओं ने याद किए पुराने दिन, मचाया धमाल

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** आज जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में पुरा छात्रा सम्मेलन 2025-26 का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं एल्युमिनाई एसोशिएशन की प्रेसिडेंट प्रोफेसर आशिमा घोष के स्वागत वक्तव्य से हुआ। अपने स्वागत वक्तव्य में उन्होंने पुरा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की महाविद्यालय की पहचान उसके छात्रों से होती है और आज आप लोगों को देखकर मुझको महसूस हो रहा है कि हमारी भी एक बड़ी पहचान है। कार्यक्रम में एल्युमिनाई असोसिएशन के कोषाध्यक्ष शंकर चटर्जी भी उपस्थित थे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान के लिए उसके पुरा छात्र बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। आपसे ही असल में हम बन रहे होते हैं।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की पुराछात्रा एवं महिला सेवा सदन की आचार्य प्रोफेसर रूबी वर्मा एवं ईश्वर शरण गर्ल्स डिग्री कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रियंका सिंह भी उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के अलग-अलग बैच की अनेक छात्राएं कार्यक्रम में की शोभा बढ़ा रही थीं। अनेक पुरा छात्राओं ने गीत, संगीत, कविता आदि सुन कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन पुरा छात्र समिति की प्रेसिडेंट डॉ विजय लक्ष्मी ने किया।अपने संबोधन में उन्होंने अल्युमिनियाई एसोशिएशन के रजिस्टर्ड होने की बधाई दी। डॉ नम्रता देव ने कार्यक्रम के अंत में अपने मधुर कंठ से सभी पुरा छात्राओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में डॉ.ऐश्वर्या सिंह, डॉ.शालिनी सिंह, डॉ अजिता ओझा,डॉ फातिमा नूरी, डॉ. निर्मला गुप्ता, डॉ.काजल देव, डॉ.अनुज कुमार वर्मा डॉ माधुरी राठौर एवं डॉ.सुकृति मिश्रा उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है.

| क्र0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 56265311 | Design, development, manufacturing, supply, installation, testing and commissioning of Coil Spring Scragging & Loading Testing machine for testing of Coil Springs for LHB & IRY and Vande Bharat Coaches on turnkey basis | 01 Nos | 24.04.2026 |

निविदा शर्तें :– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा नोटिस सं0. ईपीएस / 56 / 2025 1036/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शार्प ने भारत का पहला एक्टिव एयर प्यूरीफिकेशन युक्त विंडो एसी लॉन्च किया





**लखनऊ।** शार्प बिजनेस सिस्टम्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में अपने नए विंडो एयर कंडीशनर रेंज के लॉन्च की घोषणा की है, जिसमें देश का पहला एक्टिव एयर प्यूरीफिकेशन युक्त विंडो एसी शामिल है। यह एसी कंपनी की पेटेंटेड प्लाज़्माक्लस्टर तकनीक से लैस है, जो हवा में पॉजिटिव और नेगेटिव आयन छोड़कर बैक्टीरिया, एलर्जन और दुर्गंध को कम करने में मदद करती है, साथ ही प्रभावी कूलिंग भी सुनिश्चित करती है। नई रेंज में Ryohu (इन्वर्टर) और Ryohu-FS (फिक्स्ड स्पीड) मॉडल शामिल हैं, जो 1.5 टन से 2 टन तक की विभिन्न क्षमताओं में उपलब्ध हैं। ये एसी भारतीय मौसम को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं और 52एष्ट तक के उच्च तापमान में भी बेहतर कूलिंग प्रदान करते हैं। इन एसी में ट्विन रोटरी इन्वर्टर कंप्रेसर, टर्बो कूलिंग, Coanda एयरफ्लो और 4-वे ऑटो स्विंग जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो तेज और समान कूलिंग सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, 4-इन-1 कन्वर्टिबल मोड उपयोगकर्ताओं को अपनी आवश्यकता के अनुसार कूलिंग क्षमता को एडजस्ट करने की सुविधा देता है, जिससे ऊर्जा की बचत होती है। ड्यूरेबिलिटी को ध्यान में रखते हुए इन एसी में 100% कॉपर कंडेंसर, एंटी-कोरोशन कोटिंग, मल्टीपल ऑपरेटिंग मोड और ऑटो-रीस्टार्ट जैसे फीचर्स शामिल किए गए हैं। कुछ मॉडल्स में प्लाज़्माक्लस्टर तकनीक भी दी गई है, जो इनडोर एयर क्वालिटी को बेहतर बनाती है। SHARP के मैनेजिंग डायरेक्टर ओसामु नारिता ने भारत को कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार बताते हुए नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं, चीफ बिजनेस ऑफिसर मिमोह जैन ने कहा कि यह लॉन्च एडवांस कूलिंग और हेल्थ-केंद्रित तकनीक का बेहतरीन संयोजन है। Ryohu-FS सीरीज की शुरुआती कीमत 34,490 और Ryohu इन्वर्टर सीरीज की कीमत 39,990 से शुरू होती है। सभी मॉडल्स पर 5 साल की व्यापक वारंटी दी जा रही है, जबकि इन्वर्टर मॉडल्स पर 10 साल की कंप्रेसर वारंटी भी उपलब्ध है। यह रेंज देशभर के प्रमुख रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।

# एक्सिस मैक्स लाइफ और यस बैंक ने रणनीतिक उत्कृष्टता के 21 साल पूरे किए

**लखनऊ।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड (एक्सिस मैक्स लाइफ/ कंपनी), जिसे पहले मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, और यस बैंक लिमिटेड (यस बैंक) ने अपनी स्ट्रेटजिक बैंकाएश्योरेंस पार्टनरशिप के 21 साल पूरे कर लिए हैं। दो दशक से अधिक समय के इस तालमेल के साथ दोनों कंपनियों ने डिजिटल-फर्स्ट डिलीवरी और हाइपर-पर्सनलाइज्ड प्रोटेक्शन सॉल्यूशंस के माध्यम से ग्राहकों को शानदार अनुभव देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजूबती दी है। एक्सिस मैक्स लाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर सुमित मदान ने कहा, 'यस बैंक के साथ हमारी 21 साल की साझेदारी ग्राहकों को प्राथमिकता देने वाले विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है। हमने प्रोटेक्शन के मामले में एक्सिस मैक्स लाइफ की विशेषज्ञता को यस बैंक केमजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के साथ मिलाते हुए 18 लाख से ज्यादा परिवारों को प्रोटेक्ट किया है। हम हर वर्ग के उपभोक्ताओं के जीवन को सुरक्षित करनेऔर एआई एवं सुगम डिजिटल इंटीग्रेशन का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे सुनिश्चित होगा कि फाइनेंशियल सिक्योरिटी आसान बनेऔर देश के किसी भी कोने में रहने वाले सभी नागरिकों को बेहतर अनुभव मिले।' यस बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर प्रशांत कुमार ने कहा, 'एक्सिस मैक्स लाइफ के साथ हमारी 21 साल से अधिक की साझेदारी इस बात का प्रमाण है कि स्ट्रेटजिक अलाइनमेंट और लगातार इनोवेशन से किस स्तर की सफलता प्राप्त की जा सकती है।

यह साझेदारी यस बैंक के डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और ब्रांच नेटवर्क के माध्यम से हमारे ग्राहकों के बैंकिंग के सफर में इंश्योरेंस को सुगमता से इंटीग्रेट करने की हमारी क्षमता को दिखाती है। हम इस साझेदारी को विस्तार दे रहे हैं और ऐसे में हमारा लगातार प्रयास रहेगा कि गुणवत्तापूर्ण बीमा को भारत के वंचित क्षेत्रों तक सभी के लिए सुगम बनाया जाए।

# ओला इलेक्ट्रिक ने #EndICEAge अभियान लॉन्च किया, 49,999 से शुरू EV और कई आकर्षक लाभों की घोषणा



**नई दिल्ली।** Ola Electric ने आज अपने नए #EndICEAge अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को तेज़ी से बढ़ावा देना है।

इस पहल के तहत कंपनी ने अपने Gen 3 S1 X और रोडस्टर X मॉडल्स को मात्र 49,999 की शुरुआती कीमत पर पेश किया है। साथ ही, पूरे पोर्टफोलियो पर 50,000 तक के लाभ भी घोषित किए गए हैं, जो 31 मार्च 2026 तक मान्य हैं। बढ़ती ईंधन कीमतों के बीच यह पहल उपभोक्ताओं को किफायती और टिकाऊ परिवहन विकल्प प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अभियान के तहत कंपनी ने ग्राहकों के लिए "Assured Ownership E&perience' पेश किया है। इसमें सर्विस ट्रस्ट गारंटी के तहत तय समय सीमा से अधिक देरी होने पर मुफ्त ओला कैब वाउचर दिए जाएंगे। वहीं बायबैक गारंटी के माध्यम से ग्राहकों को भविष्य में 60% तक की सुनिश्चित वैल्यू का आश्वासन मिलेगा। इसके अलावा, सभी S1 स्कूटर्स और रोडस्टर मोटरसाइकिल्स पर 8 साल की एक्सटेंडेड वारंटी भी उपलब्ध कराई गई है।

कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक Bhavish Aggarwal ने कहा, ईंधन की बढ़ती कीमतें ऊर्जा आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को दर्शाती हैं। #EndICEAge अभियान के माध्यम से हम हर भारतीय को आत्मविश्वास के साथ EV अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

ओला इलेक्ट्रिक के वाहन उन्नत तकनीक से लैस हैं, जिनमें स्कूटर्स में 320 किमी तक और मोटरसाइकिल्स में 500 किमी तक की रेंज, 0-40 किमी/घंटा की रफ्तार 2.1 सेकंड में, और MoveOS 5 के जरिए OTA अपडेट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि यह अभियान भारत को स्वच्छ और भविष्य उन्मुख मोबिलिटी की ओर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# डॉलर के मुकाबले रुपये में ऐतिहासिक गिरावट, 94.82 के सर्वकालिक निचले स्तर पर हुआ बंद

**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले 86 पैसे टूटकर 94.82 के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुआ। मुद्रा बाजार की इस बड़ी गिरावट और ताजा आंकड़ों की पूरी जानकारी के लिए आगे पढ़ें।

भारतीय रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। रुपया 86 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक बार फिर सर्वकालिक निचले स्तर 94.82 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

अंतर-दिवसीय कारोबार में रुपया 74 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.70 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में रुपया 28 पैसे गिरकर 94.24 के नए निचले स्तर पर आ गया। यह लगातार तीसरे सत्र में रुपये में गिरावट दर्ज की गई है, जो बुधवार और मंगलवार को भी तेजी से टूटा था। रुपये में यह गिरावट विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी और ईरान संकट के कारण हुई है, जिससे बाजार की धारणा प्रभावित हुई है। बुधवार को पिछले सत्र में रुपया 29 पैसे फिसलकर 94 के स्तर को पार कर 94.05 पर बंद हुआ था।रुपये में गिरावट का यह सिलसिला मंगलवार से जारी है। मंगलवार को रुपया 23 पैसे कमजोर होकर 93.76 पर बंद हुआ था। बुधवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 93.94 पर खुला और 93.86 से 94.08 के बीच कारोबार करने के बाद अपने अब तक के सबसे निचले बंद स्तर पर पहुंचा। मध्य पूर्व में जारी तनाव भी रुपये पर दबाव डाल रहा है।

रुपये की इस लगातार गिरावट के पीछे कई प्रमुख कारण हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा भारतीय बाजारों से पूंजी की लगातार निकासी एक बड़ा कारक है। इसके साथ ही, ईरान में जारी संकट और व्यापक मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक निवेशकों की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

# तीन पहिए, एक क्रांतिः बैटरी टेक्नोलॉजी से मिल रही है भारत के ईवी विकास को रफ्तार

**लखनऊ।** भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का विस्तार केवल यात्री इलेक्ट्रिक वाहनों तक सीमित नहीं है, बल्कि इलेक्ट्रिक रिक्शा (ई-रिक्शा) के व्यापक उपयोग ने इसे नई दिशा दी है। आज ई-रिक्शा देश के अंतिम मील (लास्ट-माइल) परिवहन का मजबूत आधार बन चुके हैं।

भारत की सड़कों पर वर्तमान में 18.1 लाख से अधिक पंजीकृत ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, जिससे यह देश का सबसे बड़ा और व्यापक रूप से अपनाया गया इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट बन गया है। महानगरों के व्यस्त बाजारों से लेकर छोटे शहरों और स्थानीय परिवहन केंद्रों तक, ई-रिक्शा यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन और स्थानीय गंतव्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जहां कई उभरते ईवी सेगमेंट अभी विकास के चरण में हैं, वहीं ई-रिक्शा ने व्यावहारिक स्तर पर मजबूत स्वीकृति हासिल कर ली है। उनकी किफायती लागत, संचालन दक्षता और भारतीय सड़कों के अनुकूलता उन्हें रोजमर्रा की आवागमन के लिए एक व्यवहारिक समाधान बनाती है। वर्ष 2025 में लगभग 1.55 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अनुमानित बाजार के साथ, यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में तेजी से विस्तार करने की ओर अग्रसर है।

इस परिवर्तन के केंद्र में बैटरी तकनीक है, जो वाहन के प्रदर्शन, विश्वसनीयता, सुरक्षा और दीर्घकालिक लागत को निर्धारित करती है। ड्राइवरों के लिए भरोसेमंद बैटरी का मतलब है अधिक वाहन उपयोग समय, बेहतर आय और नियंत्रित खर्च।

Trontek, भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम में एक प्रमुख बैटरी नवप्रवर्तक के रूप में, इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पिछले एक दशक में कंपनी की बैटरी तकनीकों ने देशभर में 5 लाख से अधिक ई-रिक्शा के संचालन को समर्थन दिया है। दिल्ली/एनसीआर, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख बाजारों में इसकी मजबूत उपस्थिति है। कंपनी हर साल 2 लाख से अधिक बैटरी पैक तैनात करती है और 200 से अधिक ओईएम के साथ साझेदारी कर रही है।

तकनीकी दृष्टि से, ट्रॉनटेक की लिथियम बैटरियां औसतन 3000 से अधिक चार्जिंग साइकल प्रदान करती हैं, जो पारंपरिक लेड-एसिड बैटरियों (लगभग 500 साइकल) की तुलना में काफी अधिक है। इससे बैटरी की उम्र बढ़ती है, बदलने की जरूरत कम होती है और लागत में बचत होती है।

भारत का ई-रिक्शा इकोसिस्टम यह दर्शाता है कि जब तकनीक वास्तविक आर्थिक जरूरतों के अनुरूप होती है, तो इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तेजी से विस्तार कर सकती है, ऐसा कहना है श्री समरथ एस कोचर, ट्रोनटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ का।

उन्होंने आगे कहा, ड्राइवरों के लिए विश्वसनीयता सबसे महत्वपूर्ण है। बैटरी सिर्फ एक पुर्जा नहीं, बल्कि उनकी आजीविका का आधार है। बेहतर बैटरी जीवन, प्रदर्शन और सुरक्षा सीधे उनकी आय और कार्यक्षमता को प्रभावित करती है।

ई-रिक्शा इकोसिस्टम ने रोजगार और आर्थिक अवसरों को भी बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में हजारों लोग इससे अपनी आजीविका चला रहे हैं।

भारत के स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन की दिशा में बढ़ते कदमों के साथ, ई-रिक्शा भविष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे, जिसमें उन्नत बैटरी तकनीक का योगदान निर्णायक होगा।

2004 में स्थापित, ट्रॉनटेक भारत की अग्रणी लिथियम-आयन बैटरी निर्माता कंपनियों में से एक है। कंपनी 4 लाख से अधिक ई-रिक्शा और 6 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को ऊर्जा प्रदान कर रही है। इसके उत्पादों में Li-EV बैटरी, IP{7 रेटेड चार्जर, टेलीकॉम और ऊर्जा भंडारण समाधान शामिल हैं। कंपनी का नेतृत्व Samrath S. Kochar कर रहे हैं, जिनके पास 20 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

# पेट्रोल-डीजल के कीमतों की हर 15 दिनों पर होगी समीक्षा

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल के बीच, सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए 15-दिवसीय समीक्षा तंत्र लागू किया है। इस बारे में क्या है अपडेट जानने के लिए पढ़ें खबर। पश्चिम एशिया में चल रहे गंभीर संकट का सीधा असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था और पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पड़ने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल के बीच, रकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक कदम उठाया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने साफ किया है कि वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में घरेलू बाजार में ईंधन आसानी से उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। सीबीआईसी के चेयरमैन विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि पश्चिम एशिया का संकट भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती है। इस संकट के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति शृंखला में बुरी तरह से बाधित हुई है। इसके असर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बड़ा उछाल आया है। वैश्विक बाजारों में बाजार में कीमतों को लेकर अनिश्चितता का माहौल है। पश्चिम एशिया के तनाव ने अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार के साथ-साथ भारत के लिए भी नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। हालांकि, सरकार का 15-दिवसीय समीक्षा तंत्र और डीजल व ईटीएफ की घरेलू उपलब्धता पर विशेष फोकस, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश की ऊर्जा जरूरतों को किसी भी कीमत पर सुरक्षित रखा जाएगा। आने वाले समय में आयात-निर्यात के रुझानों और राजस्व पर पड़ने वाले प्रभावों की पाक्षिक निगरानी ही इस अस्थिर माहौल में भारत की आगे की आर्थिक दिशा तय करेगी।

# जिलेट इंडिया ने अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर ऑल-न्यू जिलेट गार्ड 3-इन-1 के साथ शेविंग के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित किया



**मुंबई।** युवा भारतीय पुरुषों को बेहतरीन ग्रूमिंग पोर्टफोलियो प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए जिलेट ने क्रिकेटर अभिषेक शर्मा की भूमिका वाले कैंपेन के साथ ऑल-न्यू जिलेट गार्ड 3-इन-1 के लॉन्च की घोषणा की। गार्ड 3-इन-1 एक उच्च-प्रदर्शन वाला किफायती उत्पाद है जिसे विशेष रूप से भारतीय उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया है। अभिषेक, जो इस नयी सोच का चेहरा हैं, बड़े लीग का शेव कैंपेन में नज़र आते हैं, जिसका उद्देश्य पुरुषों की एक नई पीढ़ी को बेसिक शेविंग से आगे बढ़कर अधिक आत्मविश्वासपूर्ण और उन्नत ग्रूमिंग अनुभव अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। जिलेट गार्ड 3-इन-1 युवा भारत की आकांक्षाओं का सीधा जवाब है- ऐसे पुरुषों के लिए, जो 'सिर्फ ठीक-ठाक' समाधानों से आगे बढ़कर एक बेहतर और उन्नत ग्रूमिंग अनुभव अपनाना चाहते हैं, जो उनके व्यक्तिगत विकास और प्रगति को दर्शाता है। अभिषेक शर्मा द्वारा प्रस्तुत यह कैंपेन उत्पाद को प्रगति के प्रतीक के रूप में स्थापित करता है, जो उपभोक्ताओं को अधिक आत्मविश्वास वाला बनाते हुए जीवन के बड़े अवसरों के लिए 'मैच-रेडी' महसूस करने में मदद करता है। अपने यूनिक 3 प्लेटिनम-कोटेड ब्लेड्स, एंटी-स्लिप रबर ग्रिप हैंडल और एक्काजेल लुब्रास्ट्रिप के साथ जिलेट गार्ड 3-इन-1 अपने प्रमुख वादे- ÷एक स्ट्रोक में स्मूद शेव, बिना कटे, बिना जले।÷-को साकार करता है। भारत के सबसे होनहार युवा क्रिकेटरों में से एक अभिषेक शर्मा एक नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लगातार अगले स्तर तक पहुंचने के लिए प्रयासरत है - जो उन्हें इस कैंपेन के लिए स्वाभाविक रूप से उपयुक्त बनाता है। अपने विचार साझा करते हुए अभिषेक ने कहा, ÷आज का हर युवा अगले स्तर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है - चाहे वह खेल में हो, करियर में हो या सामान्य जीवन में। मेरे लिए ग्रूमिंग आत्मविश्वास महसूस करने और 'मैच के लिए तैयार रहने का अहम हिस्सा है। जिलेट गार्ड 3-इन-1 इसलिए खास है क्योंकि यह सिर्फ एक बार में ही स्मूथ शेव देता है, वो बिना किसी कट या जलन की चिंता के।

यह निश्चित रूप से एक बेहतर कदम है, और बडे लीग का शेव का यही प्रतीक है। इस अवसर पर जिलेट इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और कैटेगरी हेड (ग्रूमिंग) कपिल शर्मा ने कहा, जिलेट गार्ड 3-इन-1 के साथ, हम उन लाखों युवा पुरुषों के लिए एक बेहतर विकल्प लेकर आए हैं जो बेसिक ग्रूमिंग से आगे बढ़कर कुछ नया और बेहतर चाहते हैं। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए डिज़ाइन किया गया यह उत्पाद किफायती कीमत पर 3-ब्लेड वाली शेव का प्रदर्शन करता है - जिससे भारत भर में अधिक से अधिक उपभोक्ताओं के लिए बिना कट और खरोंच के स्मूद व क्लोज़ शेव का अनुभव सुलभ हो जाता है। अभिषेक शर्मा के साथ हमारा जुड़ाव युवा भारत की मानसिकता को दर्शाता है-महत्वाकांक्षी, प्रगतिशी और बड़े मुकाम हासिल करने के लिए तैयार। यह कैंपेन एक व्यापक 360-डिग्री रोलआउट के माध्यम से साकार किया जाएगा जिसमें अभिषेक शर्मा की भूमिका वाली एक डिजिटल फिल्म के साथ उपभोक्ता से जुड़ाव के लिए जमीनी स्तर पर गतिविधियां भी शामिल होंगी। इस लॉन्च के साथ, जिलेट भारत में शेविंग कैटेगरी के विकास को नई दिशा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है - युवा पुरुषों को न केवल अपनी शेविंग को बेहतर बनाने, बल्कि अपने आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को निखारने के लिए सशक्त बना रहा है।

# टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने तीन नए फंड लॉन्च किए

**मुंबई।** भारत की एक प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने आज तीन नए फंड लॉन्च किए हैं। ये फंड निवेशकों को भारत की विकास क्षमता और वैश्विक तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं, साथ ही टाटा एआईए की यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान्स के माध्यम से जीवन बीमा सुरक्षा का लाभ भी देते हैं।

टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड, टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड, और टाटा एआईए ग्लोबल एआई एंड टेक्नोलॉजी लीडर्स को इस तरह बनाया गया है ताकि निवेशक भारत की नई और आधुनिक कंपनियों और दुनिया भर में हो रही तकनीकी तरक्की से होने वाले मुनाफे का फायदा उठा सकें।

एनएवी पर यूनिट अलॉटमेंट: 31 मार्च 2026 की आधी रात को डोमेस्टिक (भारतीय) फंड्स के लिए ?10 और ग्लोबल फंड के लिए .10 की दर से यूनिट्स जारी की जाएंगी।

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी , श्री हर्षद पाटील ने कहा, नवाचार भारत और दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को नया रूप दे रहा है। टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड, टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड, टाटा एआईए ग्लोबल एआई एंड टेक्नोलॉजी लीडर्स फंड - इन तीन नए फंड्स के लॉन्च के साथ, हम अपने पॉलिसीधारकों को इन बदलाव लाने वाले क्षेत्रों में निवेश करने का मौका दे रहे हैं, साथ ही उन्हें जीवन बीमा की सुरक्षा का लाभ भी मिलता रहेगा। निवेशकों के लिए इन अवसरों का फायदा उठाने और अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने का यह बिल्कुल सही समय है।

भारत की अर्थव्यवस्था में बड़े पैमाने पर डिजिटल बदलाव हो रहा है, जहाँ नई सोच और तकनीक वाली कंपनियाँ अलग-अलग क्षेत्रों में विकास को गति दे रही हैं। टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन फंड का मुख्य लक्ष्य भारत की उन बड़ी और मध्यम आकार की कंपनियों में निवेश करना है जो इस बदलाव का नेतृत्व कर रही हैं। इसका उद्देश्य लंबी अवधि में आपके निवेश की वैल्यू को बढ़ाना है। यह फंड उन निवेशकों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो भारत की अर्थव्यवस्था के अगले चरण का हिस्सा बनना चाहते हैं, जो पूरी तरह से नई खोजों और आधुनिक तकनीक पर आधारित है।

टाटा एआईए लार्ज मिड कैप इनोवेशन पेंशन फंड~ रिटायरमेंट के बाद के जीवन के लिए आज से ही बचत और निवेश की तैयारी

यह फंड खास तौर पर टाटा एआईए लाइफ के यूनिट-लिंक्ड पेंशन सॉल्यूशंस के माध्यम से उपलब्ध है। इसे उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपने रिटायरमेंट की योजना बना रहे हैं। यह फंड भारत की नई और आधुनिक कंपनियों में निवेश करने का मौका देता है, जिससे पॉलिसीधारक एक व्यवस्थित पेंशन प्लान के जरिए लंबी अवधि में बड़ी संपत्ति बना सकें। यह फंड शेयर बाज़ार की बढ़त और जीवन बीमा सुरक्षा का एक बेहतरीन मिश्रण है।

# जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में ई-समिट 2026 एवं TED×लखनऊ का सफल आयोजन किया




**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने अपने ऑडिटोरियम में ई-समिट 2026 और TED×लखनऊ जैसे दो प्रमुख आयोजनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में उद्योग, शासन, कला और उद्यमिता से जुड़े प्रतिष्ठित विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली और यह ज्ञान-विनिमय, संवाद और प्रेरणा का एक प्रभावशाली मंच बना। संस्थान की निदेशक, डॉ. कविता पाठक ने कहा, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ में हम अनुभवात्मक शिक्षा में विश्वास रखते हैं। ऐसे आयोजन छात्रों को उद्योग, नीति-निर्माताओं और रचनात्मक पेशेवरों से सीधे जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं।

इन्क्यूबेशन चेयर एवं इवेंट लीड, डॉ. ज्योति देवन ने कहा, इन आयोजनों का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, संवाद को प्रोत्साहित करना और युवाओं को पारंपरिक सीमाओं से आगे सोचने के लिए प्रेरित करना है। प्रतिभागियों और वक्ताओं की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया इसकी सफलता को दर्शाती है। ई-समिट में मुख्य वक्तव्य सर्वेश गोयल, चेयरमैन, मंनसिंह गोयल ग्रुप द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा की ÷आज के समय में उद्यमिता केवल नवाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए दृढ़ता और नैतिक नेतृत्व भी आवश्यक है। युवाओं को सतत विकास और बदलते मार्केट स्पेस के अनुरूप स्वयं को ढालने पर ध्यान देना चाहिए।

पैनल चर्चा में विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल रहेः वर्तिका पंजाबी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एवं ब्रांड स्ट्रैटेजिस्ट, अदा डिजाइनर चिकन स्टूडियो – जिन्होंने पारंपरिक कला को आधुनिक मार्केट स्पेस में स्थापित करने और हेरिटेज ब्रांडिंग पर अपने विचार साझा किए। विदुषी विजयवर्गीय, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, ISAK फ्रेगरेंस (शार्क टैंक इंडिया में सहभागिता) – जिन्होंने भारतीय पहचान पर आधारित लक्ज़री ब्रांड के निर्माण पर प्रकाश डाला। खुशल भार्गव, बिजनेस हेड, आर्क फार्मा एवं सह-संस्थापक, आर्क विज़न्स (जयपुरिया के 2005 बैच के पूर्व छात्र) – जिन्होंने वैश्विक अनुभव के आधार पर रणनीतिक मार्केटिंग, उद्यमिता और प्रभावशाली व्यवसाय निर्माण पर अपने विचार रखे।

चर्चा का मुख्य फोकस उद्यमिता, ब्रांड भिन्नता, बदलते उपभोक्ता व्यवहार और नवाचार-आधारित विकास पर रहा।

TED×लखनऊ में शासन, कला, सिनेमा, सामाजिक प्रभाव और फैशन जगत से जुड़े वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए।

आलोक रंजन, पूर्व मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार ने कहा, सही टीम के बिना कोई भी कार्य सफल नहीं हो सकता। जब हर टीम सदस्य कहे 'मैंने किया', तभी नेतृत्व अपने उद्देश्य को प्राप्त करता है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे इसका उत्कृष्ट उदाहरण है।

# हमारा शो दिखाता है कि हर किसी का मेंटल मामला हैल्दी होता है'': रवि किशन



**नई दिल्ली।** सनसनीखेज थ्रिलर और रोमांचक एक्शन से भरपूर प्रोग्राम्स की भीड़ के बीच नेटफ्लिक्स का 'मामला लीगल है' कोर्टरूम एक्शन को बिल्कुल नए अंदाज में दिखाता है, जो आपको हँसने पर मजबूर कर देता है। हंसी-ठिठोली, गर्मजोशी और रोजमर्रा की बेतुकी घटनाओं के साथ इस सीरीज़ ने अपनी एक अलग जगह बना ली है। यह न केवल हल्का-फुल्का मनोरंजन पेश करती है, बल्कि दर्शकों के दिलों में भी बस जाती है।

आज के समय इस तरह की कॉमेडी के महत्व के बारे में रवि किशन ने बताया कि आज जब दर्शक लगातार गहरा और गंभीर कंटेंट देख रहे हैं, तो उन्हें एक संतुलित व्युईंग प्रदान करने में हँसी की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका है। रवि किशन ने कहा, ''मैंने अक्सर सुना है, जो हँसता है, वह लंबे समय तक टिकता है। हास्य और कॉमेडी बहुत जरूरी हैं। कॉमेडी मनोरंजन में सबसे आगे रही है। भारत में हॉरर फिल्म या एक्शन फिल्म कॉमेडी के बिना अधूरी रहती है।

हमारा शो प्रदर्शित करता है कि हर किसी के मेंटल मामले हैल्दी और स्टेबल होते हैं क्योंकि आज के समय में मेंटल स्वास्थ्य सबसे जरूरी हो गया है।

कॉमेडी हमारे रिश्ते को मजबूत बनाती है क्योंकि हम अपने दर्शकों से जुड़े हुए किरदार और परिस्थितियाँ पेश करते हैं, जिससे उन्हें महसूस होता है कि उनका भी महत्व है और कोई उन्हें भी समझता है।

मामला जैसे शो केवल दर्शकों का मनोरंजन नहीं करते हैं, वो हमें जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं में हँसी ढूँढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, ताकि अपनी कठिनाईयों के बीच हमें राहत मिल सके।''

कोर्ट रूम की हलचल हो या किरदारों के बीच का भाईचारा, मामला लीगल है ने साबित कर दिया है कि कभी-कभी सबसे अच्छी कहानियाँ वो होती हैं, जो आपको बैठकर मन को हल्का करने तथा उनका आनंद लेने का मौका देती हैं।''

आप भी शामिल हो जाईये इन मामलों की उथल-पुथल में और देखिए मामला लीगल है सीज़न 2, 3 अप्रैल से केवल नेटफ्लिक्स पर।

# पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, पेट में चाकू घोंपा, दो गिरफ्तार

**दो बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में**

**अवधनामा संवाददाता**



**मथौली, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 10 फरदहां टोला बारीगांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला किए जाने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि घटना में शामिल दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार मोहित पासवान पुत्र स्व. रामदरश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार रात करीब 9:30 बजे उनका भाई रोहित पासवान अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान गांव के ही विष्णु पासवान, धनंजय पासवान, विनीत पासवान, विवेक तथा एक अन्य व्यक्ति पुरानी रंजिश को लेकर वहां पहुंचे और रोहित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि मारपीट के दौरान विष्णु पासवान ने रोहित के पेट में चाकू से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक पहुंचाया, जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल पडरौना रेफर कर दिया। वहां से भी स्थिति नाजुक होने पर उसे बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विष्णु पासवान और धनंजय पासवान निवासी फरदहां टोला बारीगांव, थाना कप्तानगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## कुशीनगर में पेट्रोल पंप पर अनियमितता मिलने पर लाइसेंस निलंबित

**कुशीनगर।** जिले में डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता को लेकर की जा रही जांच के दौरान एक पेट्रोल पंप पर अनियमितता मिलने के बाद प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर पंप का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

जिलाधिकारी के निर्देश टीम द्वारा हमारा पंप उमेश फ्यूल्स (एचपीसीएल डीलर), कुरमौल उर्फ सोहनपुर में जांच की गई। जांच के दौरान स्टॉक रजिस्टर और कम्प्यूटर ऑटोमेशन रिपोर्ट का मिलान किया गया। स्टॉक रजिस्टर के अनुसार 5 मार्च 2026 को पंप पर 8000 लीटर पेट्रोल और 4000 लीटर डीजल प्राप्त हुआ था, जिसके बाद कोई नया स्टॉक प्राप्त नहीं हुआ।जांच में पाया गया कि पंप के पेट्रोल टैंक की क्षमता 16 केएल है, जिसमें मात्र 913 लीटर पेट्रोल शेष था। वहीं डीजल टैंक की क्षमता 35 केएल होने के बावजूद केवल 1859 लीटर डीजल उपलब्ध मिला। मौके पर डिस्पेंसर भी बंद पाए गए।

# वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक में हुई समीक्षा

**एमएलसी रत्नपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक**

**अवधनामा ब्यूरो**


विभागीय कार्यों की समीक्षा करते सभापति रत्नपाल

**कुशीनगर।** विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. रतन पाल सिंह ने की। इस दौरान जनपद के विभिन्न विभागों को आवंटित बजट के सापेक्ष व्यय और विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें और जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता बरतें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जिलाधिकारी के समन्वय से कार्ययोजना बनाकर शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि जनपद को प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान दिलाया जा सके। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान सर्व शिक्षा अभियान के तहत आवंटित धनराशि का लक्ष्य के अनुरूप व्यय सुनिश्चित करने, नए शैक्षिक सत्र में छात्र पंजीकरण बढ़ाने, ड्रॉपआउट छात्रों का पुनः नामांकन कराने तथा ग्राम शिक्षा समिति व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में वार्षिक उत्सव, कायाकल्प योजना के 19 बिंदुओं की संतृप्ति, शौचालय व अतिरिक्त कक्ष निर्माण तथा सभी विद्यालयों के विद्युतीकरण पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करने तथा ग्राम स्तर पर कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य विभाग में किए गए कार्यों की समिति ने सराहना की और उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया।

लोक निर्माण विभाग को सड़कों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, वहीं विद्युत विभाग को रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, विद्युत चोरी पर प्रभावी कार्रवाई करने और सभी प्राथमिक विद्यालयों का विद्युतीकरण कराने को कहा गया। पंचायती राज विभाग को जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर नए अंत्येष्टि स्थल निर्माण, पंचायत भवनों के सुदृढ़ीकरण और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। नगर निकायों को अपनी भूमि पर मैरिज हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी और मल्टीपरपज हॉल बनाकर राजस्व बढ़ाने के सुझाव भी दिए गए।बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी को रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता के संबंध में फैली भ्रांतियों को दूर करने तथा आमजन को सही जानकारी देने के निर्देश दिए गए।

साथ ही अनुपस्थित खनन अधिकारी के खिलाफ सात दिन के भीतर कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने और 15 दिनों में खनन कार्यों का विस्तृत विवरण देने के निर्देश भी दिए गए। अंत में जिलाधिकारी ने समिति का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन कराया जाएगा।

# रामनवमी मेले में पहुंचे विधायक मोहन वर्मा, माता सोनमति मंदिर के विकास का दिया आश्वासन

**अवधनामा संवाददाता**


बेदुपार में रामनवमी मेले को संबोधित करते हाटा विधायक

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के बेदूपार स्थित प्राचीन माता सोनमति मंदिर परिसर में रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को लगने वाले पारंपरिक मेले में हाटा विधायक मोहन वर्मा पहुंचे। उन्होंने विधिवत पूजन-अर्चन कर माता का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं को संबोधित किया।

विधायक ने कहा कि माता सोनमति का मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं माता पूरी करती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार मंदिरों और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी के तहत मंदिर परिसर को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने का कार्य कराया गया है और आगे भी विकास कार्य जारी रहेंगे।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के साथ-साथ जनता की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए भी वह हमेशा तत्पर रहेंगे और किसी को भी निराश होकर नहीं लौटना पड़ेगा। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह, बाबु नंदन सिंह, विनोद सिंह, राजेश सिंह, नंदेश्वर गुप्त, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गुप्ता, रामबृक्ष गुप्त सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## रामनवमी पर माता चेड़ा देवी मंदिर पर उमड़ी भीड़

**मथौली, कुशीनगर।** माता चेड़ा देवी मंदिर परिसर में राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने माता चेड़ा देवी के दरबार में नारियल, फूल-माला और प्रसाद अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। मेले में बच्चों के लिए झूले, खिलौनों की दुकानें और खान-पान के स्टॉल लगाए गए थे, जिससे मेले में काफी चहल-पहल देखने को मिली। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग मेले में शामिल होने पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन और पुलिस की भी व्यवस्था मुस्तैद रही, जिससे मेले का आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## पेमली एग्रो एफपीओ की बैठक में उन्नत खेती पर मंथन, आय बढ़ाने पर जोर

**बोदरवार कुशीनगर।** पेमली एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की ओर से आयोजित किसान बैठक में उन्नत खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए ठोस रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में किसानों की आय बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया गया।

कंपनी के निदेशक जयगोविंद सिंह ने किसानों से पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर वैल्यू एडिशन और बाजार आधारित फसलों को अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि बदलते समय में वही किसान सफल होगा जो बाजार की मांग के अनुसार खेती करेगा। बैठक में बीयर जौ, काला नमक धान और खापली गेहूं जैसी फसलों पर विशेष चर्चा हुई। इस अवसर पर मां भूमि फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के गुड्डू और सेंदुआर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के रंजीत सिंह ने अपने अनुभव साझा किए।

# जेई की गैरमौजूदगी में हो रहा पीच सड़क का मरम्मत कार्य, पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली पर उठे सवाल

**अवधनामा संवाददाता**


मोतीचक के पकड़ी में पीच का मरम्मत कार्य करते मजदूर

**मथौली, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत पकड़ी में नहर पटरी पर बन रही पीच सड़क के मरम्मत कार्य को लेकर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क मरम्मत कार्य शुरू होने के बाद से अब तक विभाग का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी निरीक्षण के लिए मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे कार्य की गुणवत्ता पर संदेह जताया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी की ओर से करीब 700 मीटर लंबी सड़क के मरम्मत कार्य को मजदूरों से कराया जा रहा है। मौके पर काम कर रहे मजदूर अब्दुल जब्बार ने बताया कि काम शुरू होने के बाद से अब तक विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी स्थल पर नहीं आया है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अब तक विभाग के जेई (जूनियर इंजीनियर) को भी मौके पर नहीं देखा है। वहीं क्षेत्र के लोगों ने सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता और मनमानी का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी निगरानी के कार्य कराए जाने से सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इस संबंध में शाबीर शेख, अली, सत्य प्रकाश सिंह, सत्येंद्र सिंह, हेमंत यादव, सत्येंद्र गुप्ता, ताहिद अंसारी, इम्तियाज अंसारी और मुबारक अंसारी सहित कई लोगों ने निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। इस मामले में जब मोतीचक के जेई संजीव श्रीवास्तव से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनके मोबाइल फोन की घंटी बजती रही, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# धूमधाम से मना भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव पूजन के बाद भजन से गूंजा मंदिर परिसर



**अवधनामा संवाददाता**

**सेवरही, कुशीनगर।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत राजापाकड़ के गोपलापट्टी स्थित प्राचीन जीतशाह शिवमंदिर परिसर में नव प्राण प्रतिष्ठित श्री जानकीरमण सरकार मंदिर में रामनवमी के अवसर पर शुक्रवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस निमित्त गुरुवार को अपराह्न एक बजे से शुरू अखंड रामचरित मानस पाठ का समापन हुआ।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक आचार्य धनन्जय मिश्र ने पूजन हवन कराया। इसके बाद दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें सोहर, भजन व आरती का गायन हुआ। अपराह्न एक बजे से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

इस दौरान थानाध्यक्ष आलोक कुमार, प्राशिसं के अध्यक्ष अरुणेंद्र राय, पूर्व जिलामंत्री अभिमन्यु प्रसाद, सचिव जनमेजय गुप्ता, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू यादव, मुकेश यादव, विजय श्रीवास्तव, सत्यनारायण यादव, ईश्वरचंद गुप्ता, भोलू यादव, पप्पू यादव, हरिदास, अनूप, सागर, साहब आदि उपस्थित रहे।

## मानक विहीन सड़क निर्माण पर भड़के ग्रामीण उठे सवाल

**टांडा अम्बेडकरनगर।** तहसील टाण्डा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हरैया साई धर्म कांटा(सतनापुर-बलवा रोड) पर विधायक निधि से हो रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों द्वारा यह बताया जा रहा है सड़क निर्माण स्थानीय विधायक राममूर्ति वर्मा की निधि से कराया जा रहा है, लेकिन गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह मानक विहीन तरीके से किया जा रहा है। उनका कहना है कि निर्माण के दौरान तारकोल (डामर) का इस्तेमाल नाम मात्र किया जा रहा है। इतना ही नहीं, सड़क को ठीक से साफ किए बिना ही उस पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे सड़क की गुणवत्ता पर सीधा असर पड़ रहा है। लोगों के अनुसार, जहां-जहां सड़क में गड्ढे थे, वहां बिना बड़ी गिट्टी डाले ही काम कर दिया गया है। नतीजा, सड़क बनते ही जगह-जगह से उखड़ने और बिखरने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि एक महीने भी ठीक से चल पाना मुश्किल लग रहा है।

# किसान ने उद्यान विभाग के साथ फर्म पर लगाया अधूरी परियोजना का आरोप



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** जिले में एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत पाली हाउस स्थापना के चयनित किसान ने 3 साल बाद भी परियोजना अधूरी रहने का आरोप लगाया है जिससे किसान की आजीविका प्रभावित हो रही है। परियोजना शीघ्र पूरी किए जाने की मांग की है।

कप्तानगंज विकास खंड के बढ़नी गांव निवासी किसान आलोक रंजन वर्मा ने आरोप लगाया है कि पॉलीहाउस स्थापना में अनुदान का झांसा देकर उससे लाखों रुपये वसूले गए, लेकिन तीन साल बाद भी परियोजना अधूरी है और जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत वर्ष 2023 में उन्हें 4000 वर्ग मीटर क्षेत्र में हाईटेक पॉलीहाउस स्थापित करने के लिए योजना के तहत चुना गया। परियोजना की कुल लागत लगभग 58 लाख रुपये आंकी की गई, जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान का आश्वासन दिया गया था। किसान के अनुसार, उद्यान विभाग की ओर से नैतिक एग्री नामक फर्म को कार्यदायी संस्था नियुक्त किया गया। आरोप है कि फर्म ने बैंक के माध्यम से अलग-अलग किस्तों में करीब 42 लाख रुपये वसूल लिए, लेकिन आज तक पॉलीहाउस का निर्माण पूरा नहीं किया गया। अब फर्म के प्रतिनिधि संपर्क में भी नहीं हैं। किसान का आरोप है कि उसने कई बार जिला उद्यान अधिकारी और मंडलीय स्तर के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन तीन साल में भी न तो जांच पूरी हुई और न ही फर्म के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई हुई। पॉलीहाउस में जरबेरा जैसी व्यावसायिक फसल उगाने की तैयारी में किसान पहले ही भारी निवेश कर चुका है। खेत में गोबर की खाद, लगभग 50 क्विंटल नीम खली और अन्य पोषक तत्व डाले जा चुके हैं। अब निर्माण अधूरा होने के कारण खेती शुरू नहीं हो पा रही है, जबकि खेत में अत्यधिक खरपतवार उग आने से अतिरिक्त खर्च बढ़ गया है। किसान का कहना है कि जब तक फर्म द्वारा कार्य पूर्ण कर आधिकारिक रसीद नहीं दी जाती, तब तक अनुदान की राशि जारी नहीं होगी। ऐसे में उसकी पूरी पूंजी फंसी हुई है और आजीविका पर संकट गहरा गया है।

## भए प्रकट कृपाला दीन दयाला

**अमेठी।** जिले में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का प्राकट्य उत्सव घर-घर मनाया गया। श्रीरामचरितमानस की चौपाई भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। घर-घर गूंजी लोग चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम के प्राकट्य के समय पूजन अर्चन और भजन कीर्तन करते नजर आए। भगवान का जन्मोत्सव घर-घर मनाया गया। मंदिरों में भी पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भगवान के प्राकट्य उत्सव में उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया। जिले के विभिन्न मंदिरों में भगवान के प्राकट्य उत्सव को लोगों ने अपने-अपने तरीके से मनाया।

## महावीरन धाम से निकली भव्य कलश यात्रा



**मुंशीगंज (अमेठी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सराय खेमा स्थित प्राचीन महावीरन धाम में जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री राम कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धा के साथ शामिल हुए। कलश यात्रा प्राचीन महावीरन धाम से प्रारंभ होकर मुंशीगंज चौराहा स्थित शिव मंदिर तक निकाली गई। रास्ते में श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे। इस दौरान यज्ञ संयोजक बाल योगी कट्टर स्वामी जी महाराज श्रीमत परमहंस आश्रम टीकर माफी पूर्व मंत्री डॉ अमीता सिंह भाजपा नेता विशुव मिश्रा गिरिजा शंकर पांडेय भास्कर मिश्रा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अरूण प्रजापति सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।आयोजन समिति ने बताया कि विराट श्री राम कथा में कथा व्यास राजेश निर्मोही महाराज श्रद्धालुओं को रामकथा का रसपान कराएंगे।

# आखिरी दिन माँ सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना को जुटे श्रद्धालु

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** वासन्तिक नवरात्रि के आखिरी दिन शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने देवी मंदिरों में पहुंचकर माथा टेका। नवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना हुई घर घर हवन पूजन और कन्या भोज का आयोजन हुआ।इस दिन आदि शक्ति दुर्गा के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जाती है। श्रद्धालुओं ने हवन और कन्याभोज का भी आयोजन किया। कहा गया है कि सिद्धिदात्री माँ की उपासना पूर्ण कर लेने के बाद भक्तों और साधकों की लौकिक पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है। सिद्धिदात्री माँ के कृपापात्र भक्त के भीतर कोई ऐसी कामना शेष बचती ही नहीं है जिसे वह पूर्ण करना चाहे। वह सभी सांसारिक इच्छाओं आवश्यकताओं और स्पृहाओं से ऊपर उठकर मानसिक रूप से माँ भगवती के दिव्य लोकों में विचरण करता हुआ उनके कृपा-रस-पीयूष का निरंतर पान करता हुआ विषय-भोग-शून्य हो जाता है। माँ भगवती का परम सान्निध्य ही उसका सर्वस्व हो जाता है। माँ भगवती का स्मरण ध्यान पूजन हमें इस संसार की असारता का बोध कराते हुए वास्तविक परम शांतिदायक अमृत पद की ओर ले जाने वाला है। नगर स्थित देवीपाटन मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी लोगो ने हवन पूजन किया।गायत्री मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किया।संग्रामपुर स्थित सिद्ध पीठ माँ कालिकन धाम में भोर से ही भक्तो की कतार लग गयी यहां श्रद्धालुओं ने माँ का दर्शन और पूजन अर्चन हवन किया।टिकरी चढ़ाने के लिए भी माँ के दरबार में भीड़ रही। संग्रामपुर थानाध्यक्ष संजय सिंह ने मंदिर परिसर में विधि-विधान से हवन-पूजन कर देश व विश्व में सुख-शांति की कामना की। जिसमें पुलिसकर्मियों के साथ स्थानीय श्रद्धालु भी शामिल रहे। पूरे वातावरण में धार्मिक ऊर्जा और आस्था की झलक दिखी।हवन-पूजन के बाद थानाध्यक्ष ने मंदिर परिसर में मौजूद कन्याओं को फल वितरित किए। माता धमसा धाम मवई धाम बूढ़न माता धाम दुर्गन भवानी सती महरानी काली माता सहित विभिन्न मंदिरो में श्रद्धालु पहुंचे। जहां हवन पूजन की होड़ लगी रही। प्रशासन भी जगह जगह सजग रहा।

# सोनहा व मुंडेरवा में पुलिस द्वारा चलाया गया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान, किया गया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत के दिशा निर्देश और क्षेत्राधिकारी कुलदीप सिंह के पर्यवेक्षण में प्रदेश सरकार द्वारा साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जारी साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष सोनहा महेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाने की साइबर टीम उप निरीक्षक जय शंकर पाण्डेय कास्टेबल राजेन्सी वर्मा के द्वारा बेड़वा मंदिर भानपुर बस्ती में उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को घटित हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम के संदर्भ में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया ।

इसी क्रम में थानाध्यक्ष मुण्डेरवा प्रदीप सिंह के नेतृत्व में थाने की साइबर टीम व0 उप निरीक्षक अमरनाथ यादव व का0 अखिलेश यादव महिला आ0 शिमला मौर्या द्वारा *थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जगदीशपुर में उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को घटित हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम के संदर्भ में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जानकारी दी गई।

इसी क्रम में सुश्री स्वर्णिमा सिंह क्षेत्राधिकारी हरैया के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गौर अतुल कुमार अंजान के नेतृत्व में थाने की साइबर टीम, उप निरीक्षक रेवती रमन यादव व महिला आ0 प्रिया मिश्रा द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सावडीह में उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को घटित हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम के संदर्भ में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चला कर जानकारी दी गई। अभियान के तहत विशेष रूप से *फिशिंग,ओटीपी, यूपीआई, क्यूआर कोड स्कैन, अज्ञात लिंक, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, ऑनलाइन लॉटरी स्कैम आदि के माध्यम से धोखाधड़ी पर प्रकाश डालते हुए साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 1930, वेबसाइट www.cybercrime.gov.in के बारे में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी गई तथा थाना सोनहा का सीयूजी नंबर 9454403123, थाना मुंडेरवा का सीयूजी नंबर 9454403417 तथा थाना गौर का सी यू जी नंबर 9454403111 भी प्रदान किया गया।

## चैत्र रामनवमी पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, मां को हलुआ-पूरी चढ़ाकर मांगा आशीर्वाद




**खड्डा, कुशीनगर।** चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नवरात्रि के समापन और भगवान राम के जन्मोत्सव के इस शुभ दिन पर भक्तों ने मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप तथा भगवान राम की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की। शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर क्षेत्र के तीनबरदहा ग्राम सभा के घने वन क्षेत्र में स्थित पनपती स्थान, कोटवा से लगभग तीन किलोमीटर उत्तर दिशा में स्थित सिद्धपीठ सिधरिया स्थान तथा मांसाछापर से पश्चिम करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित पिजवा स्थान पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां के दरबार में मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिरों में भजन-कीर्तन, कन्या पूजन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मां को खीर-पूरी और हलुए का भोग अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पनपती स्थान के पुजारी एवं विद्वान पंडित ब्रह्मदेव तिवारी ने बताया कि जो भी भक्त सच्चे मन से इन देवी स्थलों पर अपनी मनोकामना लेकर आता है, मां उसकी मन्नत अवश्य पूरी करती हैं। रामनवमी के अवसर पर मंदिर परिसर और मेलों में दिनभर श्रद्धालुओं की चहल-पहल रही।

# विकास कार्य निरंतर चलते रहने चाहिए: अभिषेक

वहाज अली निहाल

इटावा। जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं सदस्यों द्वारा जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। बैठक में सदस्यों ने ऊसराहार से गंगापुर रोड पर गड्ढों की समस्या उठाते हुए शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की। साथ ही ताखा कस्बे से ऊसराहार से किशनी मार्ग पर नाली न होने के कारण जलभराव की समस्या का उल्लेख करते हुए नाली निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए। बिजली विभाग के संबंध में सदस्यों ने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों के बिलों के निस्तारण में 3-4 माह का समय लग जाता है, तो आम जनता को कितनी परेशानी होती होगी। इस पर विभाग को शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सेवायोजन विभाग की समीक्षा के दौरान कहा गया कि जनपद में रोजगार मेलों का आयोजन तो किया जाता है, लेकिन पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों की समुचित निगरानी नहीं हो पाती, जिससे उन्हें बाद में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर प्रभावी मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू करने को कहा गया। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत कोविड काल में अनाथ हुए बच्चों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया गया। सदस्यों ने भर्थना क्षेत्र के एक परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे जरूरतमंद बच्चों के भरण-पोषण हेतु योजनाओं का लाभ आसानी से मिलना चाहिए। बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि भविष्य की बैठकों में पुलिस विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की जाए, ताकि कानून-व्यवस्था से जुड़े मुद्दों का भी समाधान हो सके। जल निगम/पेयजल योजनाओं के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों को खोदे जाने के बाद मरम्मत न होने एवं कई स्थानों



जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत बोर्ड की बैठक की गई

पर जलापूर्ति शुरू न होने की समस्या उठाई गई। इस पर संबंधित विभाग को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सदस्यों ने कहा कि कुछ अधिकारियों द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिससे सरकार की छवि प्रभावित होती है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करें। पीडब्ल्यूडी सड़कों के शिलान्यास कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का मुद्दा भी उठाया गया। भोगनी प्रखंड में ज्यादा मात्रा में मिट्टी उठान होने से पेड़ों की जड़ें निकल आने की समस्या हो गई है जिससे वहां पर मिट्टी उठान को रोक जाए। वहीं भट्ठा मानपुर एवं अन्य क्षेत्रों में ईंट भट्ठों के कारण मिट्टी सड़कों पर उड़ती है जिससे सड़कों की स्थिति खराब होने एवं दुर्घटनाओं की आशंका पर भी चिंता व्यक्त की गई। अंबेडकर पार्कों की साफ-सफाई 14 अप्रैल तक सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। क्योंकि 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती है। सांसद प्रतिनिधि मनोज बंटी यादव ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर अधिकारी गंभीरता नहीं दिखाते तथा कई बार बैठकों में पूर्ण उपस्थिति भी नहीं रहती। इस पर अध्यक्ष ने सभी अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इकदिल क्षेत्र में खारजी नाले में शहर का नाला जोड़ दिए जाने से गंदगी एवं प्लास्टिक कचरा नाले को चोक कर देता है और पानी खेतों तक पहुंचने की समस्या उठाई गई। नाले की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए गए। भर्थना क्षेत्र में बिजली बिल के कारण एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि जिला पंचायत का कार्यकाल लगभग पूर्ण होने को है। सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन विकास कार्य निरंतर चलते रहने चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से जनपद इटावा के समग्र विकास एवं उसकी पहचान को बनाए रखने हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। उक्त बैठक में सांसद प्रतिनिधि मनोज बंटी यादव, सदर विधायक प्रतिनिधि सचिन यादव, भरथना विधायक प्रतिनिधि जीतू यादव, ब्लॉक प्रमुख ताखा रूपव यादव और अन्य माननीय जिला पंचायत सदस्य, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत स्वाति जैन सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में किसान पर हमला

बिलग्राम (हरदोई) थाना क्षेत्र के गनीपुर गांव में बृहस्पतिवार की रात जमीनी विवाद को लेकर एक किसान पर हमला कर दिया गया। पुरानी रंजिश के चलते हुए इस विवाद में किसान को बुरी तरह पीटकर घायल कर दिया गया। गनीपुर निवासी रजनीश पुत्र सागर चंद ने बताया कि उसकी लगभग 12 बीघा जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है, जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी रंजिश के चलते बृहस्पतिवार की देर रात विपक्षियों ने उस पर हमला बोल दिया और लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। हमले में रजनीश के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद परिजन घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अन्नू की अगुवाई में नई टीम सर्वोच्च शिखर के प्रदर्शन करेगी : इं. हरि



अवधनामा ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी इटावा की संपूर्ण कार्यकारिणी बन जाने पर सभी पदाधिकारी और मनोनीत सभी सभासदों का स्वागत एवं अभिनंदन मधुबन वाटिका में संपन्न हुआ जिसमें होली जैसा माहौल दिखाई दिया और फूलों की बरसात के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई तथा फूलमाला एवं पटका पहनाकर तथा चंदन तिलक लगाकर सभी का आत्मीय जोरदार स्वागत किया गया। पूरी कार्यकारिणी में समर्पण एवं उत्साह तथा एकजुटता का माहौल दिखाई पड़ा।

इंजीनियर हरि किशोर तिवारी ने अपने स्वागत भाषड में कहा कि जनपद इटावा अन्नू गुप्ता की अगुवाई में नई टीम के साथ सर्वोच्च शिखर के प्रदर्शन करेगी। विभागों में भी जो समस्याएं सामान्य जनकी रहती हैं उनको भी टीम बनाकर दूर करने का काम करेंगे और 2027 के चुनाव में इटावा की सभी सीटों पर जीतकर मोदी जी और योगी जी के हाथों को मजबूत करेंगे जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता जी ने भी सभी पदाधिकारियों को एकजुट रहकर एक दूसरे का सम्मान के साथ कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर भागीदारी करते हुए भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने हेतु संकल्पित किया और साथ निभाने का वादा भी किया तथा जिला पंचायत के सभी चुनाव और विधान परिषद, विधानसभा के सभी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री हासिल करने के लिए सभी को संकल्पित भी कराया।

# बारिश व ओलावृष्टि से किसान सहमे, कटाई कार्य ठप

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)। शुक्रवार की शाम अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि ने कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी फसलों पर खतरा मंडरा दिया है। मौसम के इस अप्रत्याशित बदलाव से किसान सहम गए हैं और फसल कटाई का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए थे, लेकिन शाम करीब 4:45 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान ओले गिरने लगे, जिससे खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान की आशंका बढ़ गई। ओलावृष्टि के चलते खेतों में काम कर रहे किसान भी घरों की ओर लौटने को मजबूर हो गए।

कस्बा सुमेरपुर के साथ-साथ आसपास के गांवों में भी बारिश का असर देखने को मिला, जिससे गेहूं सहित अन्य रबी फसलों की कटाई का कार्य ठप हो गया है। कई स्थानों पर कट चुकी फसल भी भीगने से



खराब होने की आशंका जताई जा रही है। शाम तक आसमान में काले घने बादलों का डेरा बना रहा, जिससे किसानों की धड़कनें बढ़ी रहीं। किसानों का कहना है कि इस समय मौसम का साफ रहना बेहद जरूरी था, लेकिन बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी मेहनत पर पानी फेरने का काम किया है। किसान राधेश्याम तिवारी, संजय यादव, भोला तिवारी, पंकज तिवारी, राजेश द्विवेदी, अखिलेश तिवारी, संजय तिवारी, सनी सिंह और भोला सिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि प्रकृति का यह रूप फसलों के लिए नुकसानदायक है। उनका कहना है कि यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ सकती है। किसानों ने प्रशासन से फसलों के संभावित नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## रामनवमी पर शिक्षा व्यवस्था को नई सौगात

सोनभद्र। रामनवमी के शुभ अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में नव निर्मित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय का उद्घाटन जिलाधिकारी बद्रीनाथ नाथ सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया। उद्घाटन के पश्चात दोनों अधिकारियों द्वारा कार्यालय में औपचारिक प्रवेश भी किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यालय के सभी कक्षों का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा निर्माण कार्य में शेष रह गए अधूरे कार्यों को तत्काल पूर्ण कराने हेतु कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी नए शैक्षिक सत्र से कार्यालय का संचालन व्यवस्थित, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिक्षा संबंधी कार्यों में और अधिक गति एवं गुणवत्ता लाई जा सके। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी हेमन्त सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला परियोजना अधिकारी विनीत सिंह सहित जनपद के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसके साथ ही जनपद के सभी विकास खंडों के खण्ड शिक्षा अधिकारी, डी.सी. शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कार्यालय स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# पत्रकारों की मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा ने सदर विधायक को ज्ञापन दिया

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। पत्रकारों/मीडियाकर्मियों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर संयुक्त प्रेस क्लब इटावा उत्तर प्रदेश ने शुक्रवार को सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया को ज्ञापन दिया और श्रीराम नवमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। संयुक्त प्रेस क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र भसीन, महामंत्री सुधीर मिश्र, उपाध्यक्ष ओम रतन कश्यप, मसूद तैमूरी, अध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अन्नू चौरसिया व संगठन मंत्री रघुवीर यादव द्वारा दिए गए ज्ञापन में सदर विधायक श्रीमती सरिता भदौरिया से मांग की गई कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान और सुझाव हेतु गठित मान्यताप्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय स्थायी समिति में वरिष्ठता क्रम के अनुसार सदस्यों को नामित कर निर्धारित समयांतराल पर बैठक बुलाई जाए। पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और उनकी पहचान को लेकर प्रशासन स्तर पर ऐसे जांच प्रावधान लागू किए जाएं जिससे वास्तविक पत्रकारों और अमान्य अराजक गतिविधियों वाले छद्मवेशी मीडियाकर्मियों की पहचान



हो सके। कई पत्रकार साथियों को अभी तक आयुष्मान कार्ड बनकर नहीं मिले हैं, जिन्हें सूचना विभाग के माध्यम से शीघ्र बनवाया जाए। 60 वर्ष से ऊपर के मान्यताप्राप्त पत्रकारों के शासन ने पेंशन योजना के फार्म भरवाए हैं, उन वरिष्ठ पत्रकारों की पेंशन शुरू कराने की अनुशंसा की जाए। कोरोना काल के समय बन्द हुई मान्यताप्राप्त पत्रकारों को रेल यात्रा में रियायत को पुनःबहाल किए जाने की व्यवस्था की जाए तथा टोल प्लाजा पर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को टोल टैक्स निःशुल्क करने का प्रावधान किया जाए। सूचना विभाग से मान्यता प्राप्त पत्रकारों की लिस्ट सभी विभागों में दी जाए ताकि वहां जाने पर उन्हें किसी असम्मान और असुविधा का सामना न करना पड़े। छोटे नगरों और ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले सभी पत्रकारों/ मीडियाकर्मियों की सुरक्षा एवं कवरेज सुविधाओं के साथ साथ उन्हें उनकी विशेष पारिवारिक जरूरतों के अनुसार शासन प्रशासन स्तर से आर्थिक सहायता दिलाए जाने की व्यवस्था की जाए। पत्रकारों के बैठने के लिए कलेक्ट्रेट (कचहरी) प्रांगण में उचित स्थान/कक्ष की व्यवस्था की जाए। पत्रकारों/मीडियाकर्मियों का किसी स्तर पर उत्पीड़न होने के मामले की त्वरित न्यायिक अथवा विशेष एजेंसी से जांच कराकर उनके हितों की रक्षा की जाए। सदर विधायक ने संयुक्त प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की सभी मांगों एवं समस्याओं को सुनकर जिलाधिकारी से बात करके शासन स्तर से उचित समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया।

## एक सप्ताह बाद पेट्रोल टैंकर पहुंचने पर पंप में अफरातफरी

मौदहा (अवधनामा संवाददाता) क्षेत्र के बिवांर स्थित राठ-हमीरपुर मार्ग किनारे नाथूराम मूलचंद्र फिलिंग स्टेशन में एक सप्ताह बाद पेट्रोल का टैंकर पहुंचने से शुक्रवार को अफरातफरी का माहौल बन गया। बताया गया कि टैंकर में करीब 20 हजार लीटर पेट्रोल आया था। टैंकर आने की सूचना मिलते ही सुबह से ही पंप पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। शाम होते-होते पेट्रोल खत्म होने की आशंका से लोग घबराकर बोतल, डिब्बे व कट्टियों में पेट्रोल भराकर ले जाने लगे। पंप कर्मचारी बाबू ने बताया कि पेट्रोल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन अफवाह के चलते लोग अनावश्यक रूप से भीड़ लगा रहे हैं।



## सुमेरपुर में डीजल-पेट्रोल की किल्लत

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में गैस के बाद अब डीजल-पेट्रोल का संकट भी गहराने लगा है। शुक्रवार को गल्ला मंडी व हाईवे स्थित एचपी पेट्रोल पंप में ईंधन खत्म होने के बाद स्टेशन मार्ग स्थित पंप पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों ने वाहनों के साथ-साथ ड्रमों में भी पेट्रोल-डीजल भराकर घर ले गए। हालांकि हाईवे के अन्य पेट्रोल पंपों पर स्थिति सामान्य बनी रही और वहां ईंधन उपलब्ध रहा। वहीं कस्बे की गैस एजेंसी में पूर्व की भांति गैस का वितरण होता रहा और डोर-टू-डोर सिलेंडर सप्लाई भी जारी रही।



## मिशन शक्ति अभियान- कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं को सुरक्षा व हेल्पलाइन की दी जानकारी



बिलग्राम (हरदोई)/(अवधनामा संवाददाता) मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत शुक्रवार को थाना बिलग्राम क्षेत्र स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार मिशन शक्ति प्रभारी अजय तोमर अपनी पुलिस टीम के साथ छात्राओं और महिलाओं को उनकी सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से समझाया गया, ताकि वे किसी भी प्रकार की असहज स्थिति को पहचान सकें और समय रहते अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। साथ ही, हेल्पलाइन नंबर 1090, 1076, 1930 और 1098 के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का तुरंत उपयोग करें। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार, उपनिरीक्षक अजय तोमर, उपनिरीक्षक दीपनारायण पांडेय, कांस्टेबल अमन सिंह, योगेश गोस्वामी तथा महिला आरक्षी आरती देवी, शिवम देवी और ममता विश्वकर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को जागरूक रहते हुए किसी भी घटना की सूचना तुरंत देने की अपील की। इस पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

# हिंडालको रेनुसागर में भगवान श्रीराम एवं जी.डी. बिड़ला का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मना

अवधनामा संवाददाता

अनपरा/सोनभद्र। हिंडालको इडस्ट्रीज लिमिटेड रेनुपावर डिवीजन, रेनुसागर के तत्वाधान में सुमंगलम भवन रेनुसागर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम एवं उद्योग जगत के महान व्यक्तित्व घनश्याम दास बिड़ला जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह , मनीष जैन ,मनु अरोरा, विभु पात्रा,कुमार हर्षवर्धन, अरविंद सिंह,संदीप यावले, सुधाकर अन्नामलाई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर भगवान श्रीराम ,पवन पुत्र हनुमान जी एवं जी.डी. बिड़ला जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर



कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तत्पश्चात आयोजित कार्यक्रम में सोहर,भक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम ने दर्शन दीर्घा में बैठे भारी संख्या में लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये हिन्डाल्को रेनुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने भगवान श्रीराम के मर्यादित जीवन, सत्यनिष्ठा एवं आदर्श आचरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीराम ने हर परिस्थिति में धर्म का पालन किया और अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि कर्तव्यनिष्ठा ही जीवन का सर्वोच्च मूल्य है।यूनिट हेड आर पी सिंह ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित महान उद्योग पति जीडी बिरला जी एक सफल उद्योगपति ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के महान शिल्पकार भी थे। उन्होंने भारतीय उद्योग को नई दिशा दी और स्वदेशी के सिद्धांत को मजबूत आधार प्रदान किया। बिरला जी सदैव नैतिकता, ईमानदारी एवं समाज सेवा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के पश्चात धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुई। इस अवसर पर सदानन्द पांडेय रोहित सक्सेना,रमेश बर्मा, देवेन्द्र त्रिपाठी सहित भारी संख्या में कर्मचारी एवं मान्यता श्रम संगठनों के पदाधिकारी ने महा पुरुषों के आदर्शों एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन सदानन्द पांडेय ने की।

## असिस्टेंट बुक कीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के अंतर्गत यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सिंगरौली के सहयोग से आयोजित 38 दिवसीय असिस्टेंट बुक कीपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 35 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें टैली, जीएसटी, बिलिंग एवं इनवॉइसिंग, डिजिटल फाइलिंग, बेसिक कंप्यूटर एप्लीकेशन, बैंकिंग सिस्टम, डिजिटल पेमेंट्स तथा सरकारी वित्तीय योजनाओं से संबंधित गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके साथ ही प्रतिभागियों को उद्यमिता एवं व्यवसाय प्रबंधन की भी जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप डिजिटल एवं वित्तीय कौशल से लैस करना है, ताकि वे सतत आजीविका के अवसर प्राप्त कर सकें।

## एनटीपीसी विंध्याचल में मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत वार्षिक इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ

सोनभद्र/विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल ने कौशल विकास एवं युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान, विंध्याचल में ÷मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत वार्षिक इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मध्य प्रदेश शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 24 प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपने व्यावसायिक सफर की शुरुआत की। उद्घाटन सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं का स्वागत किया गया और एक विस्तृत ओरिएंटेशन कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण की रूपरेखा, सीखने के अवसरों तथा उद्योग से जुड़ी आवश्यकताओं की जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम युवाओं को व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर डॉ. देबस्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक (क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान), एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को निरंतर सीखने, अपनी क्षमताओं को निखारने और इस अवसर का पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षुओं के ऑनबोर्डिंग में श्याम लाल, प्राचार्य (शासकीय आईटीआई पचौर) तथा ओम प्रकाश वैश्य, टीपीओ (शासकीय आईटीआई पचौर) का महत्वपूर्ण योगदान रहा।कार्यक्रम में एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने इस पहल की महत्ता को और भी सुदृढ़ किया। यह आयोजन युवाओं को बेहतर करियर अवसर प्रदान करने और उन्हें उद्योग के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एनटीपीसी विंध्याचल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सुमेरपुर में नयनाभिराम झांकियों ने मोहा मन

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में रामनवमी के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य और नयनाभिराम शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ सदर विधायक डॉ. मनोज कुमार प्रजापति एवं ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव ने भगवान श्रीराम के विग्रह की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती उतारकर किया।

शोभायात्रा नवीन गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर बस स्टॉप, थाना चौराहा, मैथिलीशरण गुप्त मार्ग, कमलेश तिराहा, पैलानी मार्ग सहित कस्बे के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः बस स्टॉप पहुंचकर श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में संपन्न हुई। यात्रा में देवी-देवताओं की झांकियों से सुसज्जित लगभग तीन दर्जन आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं।

कस्बावासियों ने शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। विभिन्न स्थानों पर



पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था की गई, जिससे पूरे मार्ग पर उत्सव का माहौल बना रहा।

हालांकि शाम लगभग 4:45 बजे जब शोभायात्रा बस स्टॉप क्षेत्र में पहुंची, तभी अचानक तेज बारिश और ओलावृष्टि शुरू हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यात्रा में व्यवधान उत्पन्न हुआ। बावजूद इसके श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और थोड़ी देर बाद यात्रा पुनः अपने निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़ी।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, पूर्व विधायक युवराज सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, विहिप जिलाध्यक्ष रामदत्त पांडेय, अरिमर्दन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मौदहा में गाजे-बाजे के साथ निकली विशाल शोभायात्रा

मौदहा कस्बे में भी रामनवमी पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। यहां राज नारायण गुप्ता के आवास से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ, जो कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर देर शाम तक निकाली गई।शोभायात्रा में सुसज्जित घोड़े, ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे और धार्मिक झांकियां मुख्य आकर्षण रहीं। बड़ी संख्या में युवक-युवतियां और बुजुर्ग हाथों में भगवा ध्वज लिए शोभायात्रा में शामिल हुए। जय श्री राम के नारों से पूरा कस्बा गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

शोभायात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, उमेश सिंह, भरत कुमार सहित भारी पुलिस बल लगातार निगरानी करता रहा।

आयोजन से पूर्व ही जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कस्बे का भ्रमण कर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया था, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी।

### सामाजिक समरसता और आस्था का संदेश

रामनवमी के अवसर पर सुमेरपुर और मौदहा में निकली इन भव्य शोभायात्राओं ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रदर्शित किया, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और भाईचारे का भी संदेश दिया। बारिश जैसी प्राकृतिक बाधाओं के बावजूद श्रद्धालुओं का जोश और उत्साह चरम पर रहा और पूरा क्षेत्र रामभक्ति में सराबोर नजर आया।

## रामनवमी पर सुमेरपुर-मौदहा में भव्य शोभायात्राएं

अवधनामा संवाददाता

मौदहा/भरुआ सुमेरपुर (हमीरपुर)। रामनवमी के पावन अवसर पर जनपद के भरुआ सुमेरपुर और मौदहा कस्बों में आस्था, उल्लास और परंपरा का भव्य संगम देखने को मिला। दोनों ही कस्बों में निकाली गई विशाल शोभायात्राओं ने पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया। गाजे-बाजे, घोड़े, ढोल-नगाड़ों और आकर्षक झांकियों से सजी इन यात्राओं में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और जय श्री राम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

# शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



अवधनामा संवाददाता

चोपन/सोनभद्र। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को चोपन नगर पूरी तरह भगवामय हो गया। स्थानीय रामभक्तों के तत्वावधान में नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था, उत्साह और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के कैलाश मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। यात्रा में भगवान श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण एवं संकटमोचन हनुमान की सजीव एवं मनमोहक झांकियां आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। डीजे पर बज रहे राम भजनों और ÷जय श्री राम÷ के गगनभेदी नारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई। पूरे मार्ग को भगवा ध्वजों से भव्य रूप से सजाया गया था। जगह-जगह स्थानीय निवासियों एवं व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए शरबत, फल एवं प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के आर्य समाज मोड़ पर सामाजिक संगठनों द्वारा जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी,सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। चोपन थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। संवेदनशील चौराहों एवं प्रमुख स्थलों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रही, जिससे यातायात सुचारू बना रहा और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# केशव मौर्य ने महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

- सेज क्रिकेट एकेडमी में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का समापन
- स्व. राधिका सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि
- बेटियाँ खेल में छू रहीं नई ऊँचाइयाँ : मौर्य
- महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे खेल आयोजन
- खेलों से विकसित होती है अनुशासन और नेतृत्व क्षमता

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गोमतीनगर, लखनऊ स्थित सेज क्रिकेट एकेडमी में आयोजित स्वर्गीय राधिका सिंह मेमोरियल राज्य स्तरीय महिला क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचकर प्रतिभावान महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने टूर्नामेंट का अवलोकन करते हुए खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि आज बेटियाँ खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके भीतर नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उप मुख्यमंत्री जी ने स्वर्गीय राधिका सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा देते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने ट्रूनामेन्ट के आयोजक हर्ष वर्धन सिंह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और नई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विधायक आशा मौर्य सहित अन्य गणमान्य जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## पुरा महादेव मंदिर बना सतत तीर्थ पर्यटन का मॉडल

**लखनऊ।** भारत का बेस्ट हेरिटेज टूरिस्ट विलेज 2024 के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करते हुए बागपत का पुरा महादेव अब जिम्मेदार और सतत तीर्थ पर्यटन का एक प्रभावशाली मॉडल बनकर उभर रहा है। उत्तर प्रदेश की 'टेंपल इकोनॉमी' पहल के अंतर्गत परशुरामेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर जीरो वेस्ट व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू की गई, जिसने आस्था और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन की एक नई मिसाल पेश की। इस पहल से मंदिर में चढ़ाई जाने वाली भेंट और उत्सव के दौरान उत्पन्न कचरे के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया, वह भी धार्मिक परंपराओं की पवित्रता को बिना प्रभावित किए। फूलों की भेंट, दूध, जैविक अवशेष, प्लास्टिक बोतलें, पूजा के धागे और यहां तक कि छोड़ी गई चप्पलों को भी व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा कर प्रोसेस किया गया।

# पत्र सूचना कार्यालय के साथ मीडिया प्रतिनिधियों का आरडीएसओ दौरा

- जम्मू-कश्मीर मीडिया दल ने देखीं रेलवे की आधुनिक तकनीकें

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** भारत सरकार के 'डेवलपमेंट कम्युनिकेशन एंड इन्फॉर्मेशन डिसेमिनेशन' (डी.सी.आई.डी.) कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 27 मार्च 2026 को जम्मू-कश्मीर के विभिन्न मीडिया संस्थानों से आए प्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने, पत्र सूचना कार्यालय (PIB), लखनऊ के अधिकारियों के साथ, आरडीएसओ, लखनऊ का दौरा किया। दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आरडीएसओ की विभिन्न परीक्षण प्रयोगशालाओं एवं अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन किया तथा भारतीय रेलवे को सुरक्षित, आधुनिक एवं कुशल बनाने हेतु अपनाई जा रही अत्याधुनिक तकनीकों एवं नवाचारों की जानकारी प्राप्त की।आरडीएसओ के महानिदेशक, प्रभास दनसानाएवं आरडीएसओ के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया और भारतीय रेलवे को तकनीकी सहयोग प्रदान करने में आरडीएसओ की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर भी अधिकारियों द्वारा दिए गए। महानिदेशकमहोदय ने अपने संबोधन में आरडीएसओ को भारतीय रेलवे का एक महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि यह संगठन नवीनतम तकनीकों, अनुसंधान एवं नवाचारों के माध्यम से रेलवे को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं आधुनिक बनाने में अहम योगदान दे रहा है।

यह दौरा आरडीएसओ द्वारा भारतीय रेलवे को सुरक्षित, आधुनिक और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के प्रयासों को समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसने संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका को स्पष्ट रूप से दर्शाया।

# आसिफी मस्जिद में जुमे के बाद प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**



- मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी के नेतृत्व में विरोध
- जन्नतुल बकी में मजारों के पुनर्निर्माण की मांग
- सऊदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी, तस्वीर जलाकर जताया रोष
- अमेरिका-इजराइल के खिलाफ भी लगे नारे
- मुस्लिम देशों की चुप्पी पर उठाए सवाल
- सभी फिरकों से एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील
- बड़ी संख्या में नमाजियों ने किया प्रदर्शन में हिस्सा

**लखनऊ।** सऊदी अरब के जन्नतुल बकी में दुख्तरे रसूल और चार इमामों के मजारों के ध्वस्तीकरण और पुनर्निर्माण को लेकर जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में प्रदर्शन किया गया।

मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में जन्नतुल बकी में रौजों के विध्वंस के लिए सऊदी हुकूमत की निंदा करते हुए रौजों के पुनर्निर्माण की मांग की गयी। प्रदर्शनकारी अपने हाथों में जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण की मांग लिखी तख्तियां लिए हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने आले सऊद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सऊदी शासक मोहम्मद बिन सलमान की तस्वीर जला कर रोष जताया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इस्राइल विरोधी नारे लगाते हुए मुस्लिम शासकों को इन ताकतों का गुलाम बताया।

आसिफी मस्जिद परिसर में हुए प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने कहा कि जन्नतुल बकी के विध्वंस के 100 साल होने के बावजूद अब तक पवित्र मजारों का पुनर्निर्माण नहीं हो सका है। जन्नतुल बकी के लिए मुसलमानों के सभी फिरकों को आगे आना चाहिए, लेकिन मुसलमानों की तरफ से जन्नतुल बकी के विध्वंस के खिलाफ कोई विरोध नहीं होता। जन्नतुल बकी में रसूले अकरम की बेटी जनाबे फातिमा जहरा, रसूल की पत्नियां और सहाबए कराम की कब्रें हैं। इसके बावजूद मुसलमानों की तरफ से इन कब्रों के विध्वंस पर खामोशी है। मौलाना ने कहा कि मुसलमान मौलवी सऊदी अरब और अमेरिका के गुलाम हैं, इसीलिए सऊदी अरब के खिलाफ आवाज नहीं उठाते। आज तक अमेरिका और इस्राइल मुस्लिम देशों के समर्थन से ईरान पर हमले कर रहे हैं लेकिन मुसलमान मौलवियों ने इसकी निंदा तक नहीं की। मौलाना ने कहा कि अमेरिका की हार के साथ ही मुस्लिम सरकारें समाप्त हो जाएंगी और वहां जनता की स्वतंत्र सरकारें स्थापित होंगी। मुस्लिम देशों की जनता जाग रही है, लेकिन वहां की सरकारें अमेरिका और इस्राइल की गुलाम हैं। गुलामों से हम कभी यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे ईरान का समर्थन और जन्नतुल बकी के पुनर्निर्माण के लिए आवाज उठाएंगे।

मौलाना ने मांग की कि सरकार पवित्र मजारों का पुनर्निर्माण करे या उन्हें पुनर्निर्माण की अनुमति दें। मौलाना ने भारत के लिए ईरान के होरमुज खोले जाने की सराहना करते हुए कहा कि यह भारत की जनता की जीत है। इसमें सरकार की कोई भूमिका नहीं है। सरकार इस्राइल के साथ है और जनता ईरान का समर्थन कर रही है। लोगों के इस समर्थन की वजह से ईरान ने भारत के लिए होरमुज खोल दिया। आज हिंदू और मुसलमान मिल कर ईरान की मदद कर रहे हैं और इसका प्रमाण मौजूद हैं। हिंदुओं, सिखों और अन्य धर्मो के लोगों ने खुल कर ईरान का समर्थन किया है। होरमुज का खुलना भारत की जनता की जीत है सरकार की नहीं। प्रदर्शन को मौलाना कुर्बान अली, मौलाना गुलाम रजा रिजवी सहित अन्य ने भी सम्बोधित करते हुए जन्नतुल बकी में मजारों के पुनर्निर्माण की मांग की। इस दौरान मौलाना इस्तिफा रजा, मौलाना फिरोज हुसैन, मौलाना सरताज हैदर जैदी, मौलाना नजर अब्बास और मौलाना आदिल फराज सहित बड़ी संख्या में नमाजी शामिल थे।

## आध्यात्मिक शिक्षा से बच्चों में बुद्धिमत्ता का विकास होता है : डॉ. अखिलेश



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजूकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. अखिलेश कुमार मिश्रा, आई.ए.एस., एडीशनल स्टेट इलेक्शन कमिश्नर, उ.प्र., ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए डा. मिश्रा ने शिक्षकों व अभिभावकों का आह्वान किया कि बच्चों में प्रारम्भ से ही नैतिक व आध्यात्मिक गुणों का विकास करें, यही जीवन मूल्य आगे चलकर बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होंगे और उनमें बुद्धिमत्ता व ज्ञान की वृद्धि होगी। बच्चों का अपने माता-पिता व शिक्षकों से जुड़ाव उन्हें सही राह दिखाता है। सी.एम.एस. की प्रशंसा करते हुए श्री मिश्रा ने कहा कि सी.एम.एस. छात्र पढ़ाई के साथ ही चारित्रिक उत्कृष्टता में भी अग्रणी हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा सामाजिक विकास में महती भूमिका निभाती है।

## गैस एजेंसियां आनलाइन सिलेंडर बुक नहीं कर रही हैं : डॉ. हुसैन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्व कांग्रेस नेता और सिविल डिफेंस के पूर्व सेक्टर वार्डेन डा0हुसैन मोहसिन ज़ैदी ने बताया कि अमेरिका और इजरायल के द्वारा ईरान पर जबरदस्ती युद्ध थोपे जाने के कारण गैस सिलेंडर और पेट्रोल डीजल की कमी की अफवाहों के कारण गैस एजेंसियां को काली कमाई करने का मौका मिल गया है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर हैं मगर है सिलेंडर को होटलों बाजारों और घरों में दो गुने तीन गुना दामों में चोरी छिपे थे रहे हैं एक साधारण व्यक्ति जिसने अपनी गैस बुक भी किया रखी है उनको घंटों लाइन लगने के बाद भी यह कह कर नहीं दे रहे हैं कि जब माल आएगा तभी मिलेगा जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी बराबर कह रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में गैस की कोई कमी नहीं है। जबकि प्रशासन के अधिकारी और जिला पूर्ति अधिकारी होटलों और एजेंसियां में सरकार के कहने पर छापे भी मार रहे हैं सबकि मिली भगत के कारण गैस एजेंसियों पर कोई फर्क भी नहीं पड़ रहा है। ठाकुरगंज के अन्तर्गत राधा ग्राम में गीता गैस गोदाम है जहां पर भी सिलेंडर की मारा मारी है और गैस सिलेंडर चोरी छिपे ब्लैक में दिये जा रहे हैं। डा0 हुसैन मोहसिन ज़ैदी ने बताया कि मेरा भी गैस सिलेंडर गीता गैस एजेंसी में ही है वहीं भी हमेशा की तरह इन लाइन बुक करने पर दो तीन दिन में घर पर सिलेंडर आ जाता था मगर अब गीता गैस एजेंसी में इंडेन गैस सिलेंडर पर आन लाइन बुकिंग भी बन्द कर दी है। डा0 हुसैन मोहसिन ज़ैदी ने कहा है कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री जनता को आश्वासन दे रहे हैं प्रदेश में गैस की कोई कमी नहीं है तब गीता गैस एजेंसी के लोग आन लाइन बुकिंग क्यों नहीं कर रहे हैं उससे अतिरिक्त गैस गोदाम के मालिक से लेकर गोदाम का कोई भी कर्मचारी फोन नहीं उठा रहे हैं।

डा0 हुसैन मोहसिन ज़ैदी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से मांग की है कि वह गैस एजेंसियों पर सख्ती से छापा डलवाएं ताकि सिलेंडर की कालाबाजारी रोकी जा सके और जनता को कोई असुविधा न हो और पहले की तरह आन लाइन बुकिंग शुरू की जाए ताकि जनता को कोई असुविधा न हो।

## अहले बैत (अ.स.) से मोहब्बत रखने वाले का कोई हमसर नहीं : अशरफ अली ग़रवी



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** आयतुल्लाह सैयद अली नक़वी ताब सराह के इसाल-ए-सवाब के सिलसिले में हुसैनिया सैयद तक़ी साहब, मरूफ़ ब-जन्नत माआब, अक़ब मस्जिद तहसीन अली ख़ान में एक गरिमामय मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस की शुरुआत क़ारी नासिर द्वारा तिलावत-ए-क़ुरआन से हुई, जबकि मौलाना रहबर असकरी ने मनज़ूम नजराना-ए-अक़ीदत पेश किया।

मजलिस को ख़िताब करते हुए मौलाना सैयद अशरफ अली ग़रवी (वकील आयतुल्लाह अल-उज़्मा सैयद अली हुसैनी सिस्तानी हिफ़्ज़हुल्लाह) ने फरमाया कि रसूल-ए-अकरम (स.अ.व.) ने इरशाद फरमाया जो शख़्स अहले बैत (अ.स.) की मोहब्बत में इस दुनिया से रुख़्सत हो, वह शहीद के दर्जे पर फ़ायज़ होता है। उन्होंने कहा कि क़ुरआन मजीद में शहीदों के बारे में साफ़ तौर पर ज़िक्र है कि उन्हें मुर्दा न कहो, बल्कि वह अपने परवरदिगार के पास ज़िंदा हैं और उन्हें रिज़्क़ दिया जा रहा है। मौलाना ने बयान किया कि जिस दिल में अहले बैत (अ.स.) की मोहब्बत हो, उसकी कोई मिसाल नहीं दी जा सकती। यह एक अज़ीम नेमत है, जिसकी क़द्र करना हर मोमिन की ज़िम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि अहले बैत (अ.स.) के चाहने वाले की पहचान यह है कि वह उनके अहकामात पर अमल करता है और जिन बातों से मना किया गया है उनसे परहेज़ करता है।

मौलाना सैयद अशरफ अली ग़रवी ने नज्म-उल-उलमा आयतुल्लाह सैयद अली नक़वी ताब सराह की हयात व ख़िदमात पर रोशनी डालते हुए कहा कि मरहूम ने अपनी पूरी ज़िंदगी अहल-ओ-अयाल की परवरिश और दीन की ख़िदमत में गुज़ारी। उन्होंने कभी अपनी ज़ाती मुश्किलात को अपने घरवालों पर ज़ाहिर नहीं होने दिया और हर मुश्किल का सामना सब्र और इस्तिक़ामत के साथ किया। उन्होंने अपनी औलाद के बेहतर मुस्तक़बिल के लिए लगातार कोशिश की और इल्म-ए-दीन की बक़ा के लिए अहम किरदार अदा किया। मजलिस के आख़िर में मौलाना ने मसाएब-ए-इमाम हुसैन (अ.स.) बयान किए, जिस पर हाज़रीन की आँखें अश्कबार हो गईं। अंत में मरहूम के बुलंद दर्जात के लिए दुआ की गई।







# महाप्रबंधक कार्मिक को एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ डिवीजन के मंडल कार्यालय में महाप्रबंधक कार्मिक मनोज कुमार के प्रथम आगमन पर एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल मंत्री राकेश चंद्र वर्मा ने अपनी टीम के साथ 13 सूत्री ज्ञापन सौंपा जिसमे कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने, हारी हुई यूनियन द्वारा अवैध रूप से अधिग्रहीत कार्यालय खाली कराने तथा वर्तमान यूनियन को आवंटित करने,16.5 प्रतिशत जूनियर क्लर्क की रिक्तियां बहाल करने, जीडीसी परीक्षा आयोजित करने, एलडीसी ओपन टू ऑल करने, कर्मचारियों के माता पिता को मेडिकल पास सुविधा देने, 12 घंटे के अमानवीय रोस्टर को खत्म कर 8 घंटे की ड्यूटी करने, किए गए रात्रि ड्यूटी के सापेक्ष फुल रात्रि भत्ता भुगतान, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों तथा रेलवे बोर्ड के पत्रक के अनुपालन में ड्यूटी से पहले और ड्यूटी के बाद निर्धारित समय में दुर्घटनाग्रस्त कर्मचारियों को ऑन ड्यूटी मानना की मांग, इंजीनियरिंग विभाग में प्रत्येक 2 साल पर जारी होने वाले 10 प्रतिशत इंटेक कोटा को समय से जारी करना, कन्वेंस अलाउंस का शत प्रतिशत भुगतान करना आदि प्रमुख मांगे रखीं।

इस दौरान राजकुमार, नवीन चंद्र श्रीवास्तव, विनय कुमार, राघवेंद्र सिंह, जेपी कुशवाहा, मनोज मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, मोहम्मद नसीम, अवधेश कुमार, ओमप्रकाश, राघवेंद्र सिंह, एमपी चौधरी, प्रफुल पटेल, तनवीर, उदय कुमार राजन चौधरी, मोहम्मद कलीम, दीपक गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

मंडल मंत्री ने कर्मचारी नेता मोहम्मद नसीम की अगवाई में अगले माह में प्रस्तावित रक्तदान सिविल ने प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी महोदय को आमंत्रित किया।

**लखनऊ से ईरान पीड़ितों के लिए मदद की पहल**

## हुसैनी टाइगर्स ने 6.66 लाख रुपये की सहायता भेजी



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** ईरान में जंग के बाद बेघर हुए लोगों की मदद करने के मकसद से पूरे देश भर के लोग आगे आ रहे हैं। कश्मीर के बाद अब प्रदेश की राजधानी के विभिन्न इलाकों से लोग अपने हैसियत के अनुसार चंदा जमा करके ईरान की मदद कर रहे हैं। इसी क्रम में हुसैनी टाइगर्स के पदाधिकारियों और सदस्यों ने लगभग साढ़े छह लाख रुपये की नगद राशि दिल्ली जाकर ईरान कल्चर हाउस में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामनेई के भारत में प्रतिनिधि डॉ.अब्दुल माजिद हकीम इलाही को सौंपी। हुसैनी टाइगर्स की ओर से से ईरान की जनता के लिए छह लाख छियासठ हज़ार रुपये की राशि बतौर मदद पेश की गई। इस दौरान रहबर-ए-इंकलाब आयतुल्लाह अली खामनेई की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया और तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि पेश करते हुए शोक संदेश दिया गया। इस मुलाकात में मौजूद लोगों ने ईरान में स्कूल पर हजराइल की ओर से की गई बमबारी में शहीद हुए मासूम बच्चों को भी याद किया गया।